


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 धोनी सर का विश्व कप विजयी...

उत्तर कोरिया पर नए प्रतिबंधों... 12



वर्ष : 13 | अंक : 11 | नई दिल्ली, शनिवार, 28 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, त्रियोदशी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 41.0°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

मौसम विभाग के अनुसार कुछ राज्यों में हल्की बूंदा बांदी के असार हैं साथ ही गर्मी से कुछ राहत मिल सकती हैं।

**पोल**

शाहरूख खान के बेटे को मादक पदार्थ मामले में क्लीन चिट का फैसला क्या सही हैं ?

| | |
|---|---|
| हां | 70% |
| नहीं | 20% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,845 |
| चांदी | 62,150 |
| सेंसेक्स | 54,884 |
| निफ्टी | 16,352 |

# ओम प्रकाश चौटाला फिर जाएंगे जेल, 4 साल की सजा, 50 लाख जुर्माना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों की सुनवाई करने वाली दिल्ली की एक विशेष अदालत ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भारतीय राष्ट्रीय लोक दल के नेता ओमप्रकाश चौटाला को आय के ज्ञात स्त्रोत से अधिक संपत्ति रखने के मामले में शुक्रवार को चार साल के कारावास की सजा और 50 लाख रुपये अर्थ दंड सुनाया। चौटाला चार बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। पहली बार वह दो दिसंबर 1989 से 22 मई 1990, दूसरी बार 12 जुलाई 1990 से 17 जुलाई 1990 तक, तीसरी बार 22 मार्च 1991 से छह अप्रैल 1991 तक और चौथी बर 24 जुलाई 1999 से पांच मार्च 2005 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने चौटाला के खिलाफ जांच के बाद 26 मार्च 2010 को चार्जशीट दाखिल की थी।

**जांच**

- केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने चौटाला के खिलाफ जांच के बाद 26 मार्च 2010 को चार्जशीट दाखिल की थी
- जांच एजेंसी ने आरोप पत्र में कहा था कि 1993 से 2006 के बीच चौटाला ने अपने आय की ज्ञात स्रोतों से 6.09 करोड़ रुपये की अधिक संपत्ति जमा कर रखी थी

जांच एजेंसी ने आरोप पत्र में कहा था कि 1993 से 2006 के बीच चौटाला ने अपने आय की ज्ञात स्रोतों से 6.09 करोड़ रुपये की अधिक संपत्ति जमा कर रखी थी।



**13 साल में 6.09 करोड़ की संपत्ति बनाई**

- चौटाला पर साल 1993 से 2006 के बीच आय के अलावा अज्ञात स्रोतों से करीब 6.09 करोड़ की संपत्ति अर्जित करने का आरोप था। इस पर सुनवाई करते हुए दिल्ली की अदालत ने 19 मई को चौटाला को दोषी करार दिया था। इसके बाद स्पेशल जज (पीसी ऐक्ट) (सीबीआई) विकास ढुल ने सजा तय करने के लिए 26 मई की तारीख तय की थी। गुरुवार को सजा पर बहस पूरी हो गई थी। अदालत ने इसके बाद सजा के लिए शुक्रवार दोपहर दो बजे का वक्त तय किया था।

# लद्दाख में 7 जवानों की मौत, 19 घायल

## 90 फुट नीचे श्योक नदी में गिरी सेना की बस, 26 सैनिक थे सवार

श्रीनगर/लेह, एजेंसी

लद्दाख के तुरतुक सेक्टर में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में सेना के सात जवानों की मौत हो गई। हादसे में 19 जवान गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। लेह पुलिस ने बताया कि ड्राइवर अहमद शाह का बस से नियंत्रण हट जाने की वजह से बस (जेके10-6245) लारगिब, पछतांग के पास सड़क से लगभग 80-90 फुट नीचे श्योक नदी में गिर गई। घटना की सूचना मिलने पर लेह पुलिस, सेना और स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान चलाया। घायलों को एयरलिफ्ट कर चांदीमंदिर कमांड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में नुब्रा पुलिस स्टेशन में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**थोइसे से करीब 25 किमी दूर हुई दुर्घटना**

यह सड़क हादसा थोइस से लगभग 25 किमी दूर हुआ। शुक्रवार को 26 जवानों का एक दल परतापुर के ट्रांजिट कैंप से सब सेक्टर हनीफ के फॉर्वर्ड लोकेशन की ओर बढ़ रहा था। सुबह लगभग 9 बजे वाहन सड़क से फिसल गया और श्योक नदी में गिर गया। सड़क से नदी की गहराई लगभग 50-60 फीट तक है। इसके चलते वाहन में सवार सभी जवानों को गंभीर चोटें आईं। इनमें से सात ने दम तोड़ दिया। इन सभी 26 जवानों को परतापुर के 403 फील्ड अस्पताल में पहुंचाया गया। लेह से सर्जिकल टीमों को परतापुर भेजा गया है।



**पीएम ने जताया दुख**



- सड़क हादसे में जवानों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, "लद्दाख में बस दुर्घटना की सूचना सुनकर बहुत दुखी हूं, जिसमें वीर जवानों ने अपनी जान गंवाई है। मेरी संवेदनाएं शोक-संतप्त परिजनों के साथ हैं। मैं घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रभावित लोगों की मदद के लिए हर संभव मदद की जा रही है।'

**मदद का आश्वासन**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर दुख जताया है। रक्षा मंत्री ने ट्वीट किया, लद्दाख में एक बस हादसे की खबर से दुख हुआ। इसमें कई जवानों की जान चला गई। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। रक्षा मंत्री ने बताया कि आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे से बात कर जानकारी ली है। घायलों का इलाज चल रहा है, हमारी तरह से हादसे से प्रभावित जवानों की हर संभव मदद की जाएगी।

## शाहरूख खान के बेटे को क्लीन चिट

नई दिल्ली। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में शुक्रवार को क्लीन चिट दे दी। इस मामले में पिछले साल उन्हें गिरफ्तार किया गया था। एनसीबी प्रमुख एस.एन. प्रधान ने कहा, "हमने सबूत के सिद्धांत के आधार पर जांच की।" प्रधान ने दिल्ली में कहा, "हमें 14 लोगों के खिलाफ भौतिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्य मिले और छह के खिलाफ सबूत अपर्याप्त थे।" इसी क्रम में केंद्र सरकार ने वित्त मंत्रालय से स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ क्रूज जहाज से मादक द्रव्य की बरामदगी मामले की कथित तौर पर लचर जांच करने को लेकर कार्रवाई करने को कहा है। इस मामले में पिछले साल फिल्म अभिनेता शाहरूख खान के बेटे आर्यन की भी गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर फर्जी जाति प्रमाण-पत्र देने के मामले में भी वानखेड़े के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा रही है।

## दिल्ली में अब मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केंद्र से ले सकेंगे डीएल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी में ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) बनवाने के लिए आरटीओ जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब मान्यता प्राप्त चालक प्रशिक्षण केंद्र से डीएल ले सकेंगे। परिवहन विभाग ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। हालांकि प्रशिक्षण केंद्र पर चालक को ड्राइविंग प्रशिक्षण पूरा करने और टेस्ट देने के बाद ही डीएल जारी किया जाएगा।

अगर ऐसा होता है निजी संस्थानों की ओर से लाइसेंस जारी करने वाला दिल्ली पहला राज्य बनेगा। परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, शुरूआत में तीन प्रशिक्षण केंद्रों को डीएल जारी करने का अधिकार दिया जाएगा। इनमें से सराय काले खां और लोनी में बने केंद्र को मारुति सुजुकी द्वारा संचालित किया जाता है। तीसरा केंद्र बुराड़ी में है, जिसे अशोक लीलैंड द्वारा संचालित किया जाता है। इन केंद्रों पर प्रशिक्षण तीन से चार सप्ताह का होगा। दुपहिया के लिए कम से कम चार सप्ताह व चार पहिया वाहन चालक के लिए कम से कम तीन सप्ताह का प्रशिक्षण होगा। केंद्र सरकार भी एक दो दिन का पाठ्यक्रम भी जारी करेगी।

सभी को पूरा करने के बाद ही स्थायी लाइसेंस जारी होगा। अभी डीएल के लिए आरटीओ में आवेदन करना होगा। नई व्यवस्था जिसपर विभाग काम कर रहा है उसमें निजी चालक प्रशिक्षण केंद्र को ही प्रशिक्षण देने के बाद स्थायी लाइसेंस जारी करने की अनुमति होगी।

**जानकारी**

- डीएल के लिए आरटीओ में नहीं करना पड़ेगा आवेदन
- पहले चरण में तीन केंद्रों पर सुविधा देने की तैयारी

## बड़ा फैसला : समान नागरिक संहिता पर ड्राफ्टिंग कमेटी गठित

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूनिफार्म सिविल कोड) लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। सरकार ने ड्राफ्टिंग कमेटी की घोषणा की है। कमेटी की अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई होंगी। यूसीसी पर काम करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है। ड्रफ्टिंग कमेटी का स्वरूप तैयार कर लिया गया है। समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए ड्राफ्टिंग कमेटी के गठन की अधिसूचना जारी की गई है। यह कमेटी यूसीसी कानून बनाने के लिए ड्राफ्ट तैयार करेगी। देश में अभी मुस्लिम, इसाई और पारसी का पर्सनल ला लागू है। हिंदू सिविल ला के तहत हिंदू, सिख और जैन आते हैं, जबकि संविधान में समान नागरिक संहिता अनुच्छेद 44 के तहत राज्य की जिम्मेदारी बताया गया है। यह आज तक देश में लागू नहीं हुआ है। इस कानून पर निरंतर बहस चल रही है।






## संक्षिप्त खबर

### फारूक अब्दुल्ला पर ईडी का शिकंजा

श्रीनगर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ में कथित वित्तीय अनियमितताओं के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला को समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। डॉ. अब्दुल्ला को 31 मई को ईडी के दिल्ली मुख्यालय में जांचकताओं के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। उन्हें धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। इस मामले को लेकर ईडी दो बार डॉ अब्दुल्ला से पूछताछ कर चुकी है।

### मुठभेड़ में चार आतंकी ढेर

श्रीनगर। कश्मीर में हुए दो मुठभेड़ों में सुरक्षा बल के जवानों ने लश्कर-ए-तैयबा के चार आतंकवादियों को मार गिराया, जिनमें से दो कथित रूप से टीवी एक्ट्रेस अमरीन भट्ट की हत्या में शामिल रहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। अवंतीपोरा और श्रीनगर में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में इन्हें मार गिराया गया है। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि उन्होंने अवंतीपोरा में दो स्थानीय आतंकवादियों को मारकर 24 घंटे में टीवी कलाकार अमरीन भट्ट की जघन्य हत्या के मामले को सुलझा लिया।

### भूपिंदर सिंह भल्ला नई दिल्ली नगर, पालिका परिषद् के नए अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली। भूपिंदर सिंह भल्ला को एनडीएमसी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। वह नगर निकाय में 1989 बैच के आईएएस अधिकारी धर्मेंद्र की जगह लेंगे। भल्ला 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं और वर्तमान में दिल्ली के अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर तैनात हैं।

## राष्ट्रवादी होने का आरोप लगने पर होता है गर्व : योगी

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश की विधानसभा में शुक्रवार को अपने संबोधन के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने राम राज के बारे में बताते हुए विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि राम राज कोई धार्मिक व्यवस्था नहीं है, राम राज सर्वकालिक, सार्वदेशिक और सार्वभौमिक काल परिस्थिति से अप्रभावित एक शाश्वत व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि जब हम पर 'राष्ट्रवादी होने का आरोप' लगाया जाता है तब हमें गर्व की अनुभूति होती है। विधानसभा में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरा प्रदेश राम राज का पक्षधर बन चुका है..राम राज ये कोई धार्मिक व्यवस्था नहीं है... राम राज सर्वकालिक, सार्वदेशिक और सार्वभौमिक काल परिस्थिति से अप्रभावित एक शाश्वत व्यवस्था है, जो हर परिस्थिति में कार्य करने की क्षमता रखती है..कोरोना आए या जाए.. हम प्रदेश की जनता का बाल भी बांका नहीं होने देंगे। और मुझे भी लगता है हमें उस परिस्थिति के लिए भी तैयार होना होगा। सीएम योगी ने आगे कहा कि हम पर आरोप भी लगता है कि हम राष्ट्रवादी हैं..हमें गर्व की अनुभूति होती है, जब हम पर 'राष्ट्रवादी होने का आरोप' लगाया जाता है और हर व्यक्ति को होना चाहिए।

## स्टेडियम में कुत्ता टहलाना आईएएस दंपती को पड़ा भारी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में खिलाड़ियों को घर भेजकर कुत्ता घुमाना कअर दंपत्ति को भारी पड़ गया है। एमएचए ने गुरुवार देर रात आईएएस संजीव खिरवार और उनकी पत्नी रिंकू डुग्गा का एक साथ ट्रांसफर कर दिया। खिरवार को लद्दाख भेजा गया है, जबकि डुग्गा की पोस्टिंग अरुणाचल में की गई है। लद्दाख से अरुणाचल की दूरी करीब 3,100 किमी है। आईएएस दंपती के पूर्वोत्तर ट्रांसफर पर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने तंज कसते हुए कहा है कि दिल्ली के ऐसे अफसर को अरुणाचल भेजना शर्म की बात है। नॉर्थ ईस्ट से दिल्ली का प्रेम केवल दिखावटी है।

**कूटनीति** सालभर के अंदर भारत ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान को पटखनी दे दी

# अफगानिस्तान पर डोभाल ने चली बड़ी चाल, पाक चित्त

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

अफगानिस्तान में तालिबान शासन की वापसी की आहट मात्र से पाकिस्तान की बांछें खिल गई थीं। उसने तालिबानी लड़ाकों को भारत के खिलाफ उपयोग करने के सपने देखने लगा था, लेकिन उसे क्या पता था कि हालात कब बदल जाए, कोई नहीं जानता। सालभर के अंदर भारत ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान को पटखनी दे दी जिसका दर्द उसे वर्षों तक सालता रहेगा। इसकी पूरी पटकथा लिखी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने। वो 'अफगानिस्तान पर चौथे क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद' में भाग लेने ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में हैं। उन्होंने आतंकवाद पर एक बयान से पाकिस्तान के जख्म पर ऐसा नमक छिड़का है कि उसके पास तिलमिलाने के सिवा कोई चारा ही नहीं बचा है। भारत की कूटनीति और डोभाल की चाल का कमाल ही कहें कि पाकिस्तान इस मीटिंग का हिस्सा तक नहीं बन पाया।

**डोभाल ने कही बड़ी बात**

बहरहाल, डोभाल ने वहां आतंकवाद और आतंकवादी समूहों का मुकाबला करने में अफगानिस्तान की मदद करने और उसकी क्षमता बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत हमेशा से ही काबुल का एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा है और भविष्य में भी रहेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और आतंकवादी समूह क्षेत्रीय सुरक्षा तथा शांति के लिए बड़ा खतरा हैं, इसलिए सभी देशों को इसका मुकाबला करने के लिए अफगानिस्तान की मदद करनी चाहिए।



**बयानबाजी**

- तालिबान को भी संकेतों में सुना गए डोभाल
- भारत की कूटनीति और डोभाल की चाल का कमाल ही कहें कि पाक इस मीटिंग का हिस्सा तक नहीं बन पाया

**पाकिस्तान के जख्म पर छिड़का नमक**

- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने आतंकवाद पर अपने बयान से पाकिस्तान के जख्म पर ऐसा नमक छिड़का है कि उसके पास तिलमिलाने के सिवा कोई चारा ही नहीं बचा है। भारत की कूटनीति और डोभाल की चाल का कमाल ही कहें कि पाकिस्तान अफगानिस्तान पर बैठक का हिस्सा तक नहीं बन पाया।

**बैठक का हिस्सा नहीं बन सका पाक**

अफगानिस्तान पर चौथे क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद की बैठक में ताजिकिस्तान, रूस, कजाखस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान, किर्गिजस्तान और चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने भी हिस्सा लिया। डोभाल ने यहां अपने क्षेत्रीय समकक्षों के साथ युद्ध प्रभावित अफगानिस्तान और क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत अफगानिस्तान का एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा है और भविष्य में भी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कस्बे में आंधी व बारिश से बिजली पानी ठप्प बारिश ने दी राहत

सोहना । कस्बे में अंधड़ से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। आंधी से कई स्थानों पर पेड़ व बिजली की केबल टूट कर गिर गए हैं। जिसके कारण यातायात थम कर रह गया है। वहीं बारिश होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। लोग भीषण गर्मी से परेशान थे। शुक्रवार को दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदल ली।

### जिला परिषद रेवाड़ी के वार्ड का आरक्षण 7 जून को : डीसी

रेवाड़ी। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियमावली 1994 के नियम 5 में किए गए प्रावधान के अनुसार जिला परिषद रेवाड़ी के कुल 18 वार्ड में से अनुसूचित जाति, (महिलाओं सहित) पिछड़ा वर्ग-(क), महिला व महिलाओं सहित वार्ड का आरक्षण आगामी 7 जून दोपहर 2:30 बजे जिला सचिवालय सभागार के कमरा नंबर 203 में किया जाएगा। उन्होंने वार्ड आरक्षण से संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि उक्त बैठक में निर्धारित तिथि व समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

# राष्ट्रीय राजनीति में गणपति उत्सव ने अमूल्य योगदान दिया : कोविंद

पुणे, एजेंसी

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने शुक्रवार को पुणे में दिवंगत लक्ष्मीबाई दगडूशेठ हलवाई दत्त मंदिर ट्रस्ट के 125वें वर्ष समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने पुणे में गणपति मंदिर और दत्तात्रेय मंदिर की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए दगडूशेठ परिवार की सराहना की। उन्होंने कहा कि दगडूशेठ गणपति उत्सव मनाने में लोकमान्य तिलक के साथ भी निकटता से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि गणपति उत्सव ने हमारी राष्ट्रीय राजनीति में अमूल्य योगदान दिया है। यह त्योहार ब्रिटिश शासन के खिलाफ राष्ट्रवाद और सामाजिक समरसता के स्रोत के रूप में उभरा था।

कोविंद ने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भगवान दत्तात्रेय मंदिर के संरक्षण और जीर्णोद्धार के अलावा, श्रीमती लक्ष्मीबाई दगडूशेठ हलवाई दत्त मंदिर ट्रस्ट गरीब छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अनाथालयों और वृद्धाश्रमों के लिए भोजन प्रदान करने जैसे विभिन्न सामाजिक कल्याण कार्यों में भी लगा हुआ है। उन्होंने दगडूशेठ परिवार और ट्रस्ट की उनके सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों के लिए सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पुणे और महाराष्ट्र देश के सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक कार्यों में हमेशा सबसे आगे रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय काम करने वाली तीन महिलाओं को लक्ष्मीबाई मेमोरियल अवार्ड्स 2022 राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार पाने वालों में डॉक्टर माधुरी कानिटकर, कुलपति, महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, अंतर्राष्ट्रीय बोनसाई विशेषज्ञ डॉक्टर प्राजक्ता काले और डॉक्टर भाग्यश्री पाटिल, अध्यक्ष और कार्यकारी निदेशक डॉक्टर डी. वाई. पाटिल अभिमत विश्वविद्यालय, पिंपरी। पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल द्वारा श्री दत्त मंदिर के 125 वर्षों के कार्य की समीक्षा करते हुए लक्ष्मीदत्त नामक एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर दत्त मंदिर के संक्षिप्त इतिहास पर एक फिल्म भी दिखाई गई। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार और राज्य के गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल, ट्रस्ट के अध्यक्ष वकील प्रताप परदेशी उपस्थित थे।




**समारोह**
- कोविंद लक्ष्मीबाई दगडूशेठ हलवाई दत्त मंदिर ट्रस्ट के 125वें वर्ष समारोह में हुए शामिल

### महाराष्ट्र : पालघर में बस के खाई में गिरने से 15 घायल

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वागोभा खिंड में शुक्रवार को तड़के मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर एक बस के 25 फुट गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब छह बजे हुई जब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पालघर के बोईसर जा रही थी। अधिकारी ने बताया बस लगभग 25 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिससे चालक सहित 15 लोग घायल हो गए। उनमें से पांच को गंभीर चोटें आई हैं। सभी को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद बचाव दल और पुलिस के साथ-साथ प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कुछ राहगीरों की मदद से घायलों को बचा कर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के मुताबिक, बस में सफर कर रहे यात्रियों में से एक ने आरोप लगाया कि चालक शराब के नशे में था और उसने तेज गति से और लापरवाही से वाहन चलाया। उन्होंने दावा किया कि यात्रियों ने बस के परिचालक से चालक को बदलने के लिए भी आग्रह किया, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया और यह दुर्घटना हुई।

# बीपीटीपी में तैनात हवलदार ने पुलिस लाइन में की आत्महत्या

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



रात पुलिस लाइन सेक्टर 30 में बहुत ही दुखद घटना घटित हुई जिसमें पुलिस थाना बीपीटीपी में तैनात हवलदार तिलक ने पुलिस लाइन सेक्टर 30 में पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया।तिलक का जन्म वर्ष 1987 में पलवल जिले के पियाला गांव में हुआ था। तिलक ने वर्ष 2008 में हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे।

जनवरी 2022 में इनका ट्रांसफर नूंह से फरीदाबाद हुआ था और वह बीपीटीपी थाना में ड्राइवर के तौर पर कार्यरत थे। हवलदार तिलक के पिता द्वारा पुलिस थाना सेक्टर 31 में दर्ज करवाए गए अपने बयान में उन्होंने बताया कि उनका बेटा काफी समय से मानसिक तनाव में चल रहा था। तिलक अपनी पत्नी तथा बेटे के साथ पुलिस लाइन सेक्टर 30 के सरकारी क्वार्टर में रह रहा था। कल दिनांक 26 मई को तिलक की पत्नी ने अपने ससुर को फोन करके बताया कि तिलक काफी परेशान चल रहे हैं और उन्हें वहां आकर अपने बेटे को समझाने के लिए अपने पास बुलाया। तिलक के माता पिता उससे मिलने के लिए क्वार्टर पर आए तथा उसे किसी भी प्रकार से परेशान न होने के लिए काफी देर तक समझाया।

शाम के समय तिलक ने उन्हें बताया कि वह अब ठीक है और समझा-बुझाकर अपनी पत्नी तथा बेटे को उनके साथ गांव में भेज दिया। उनके जाने के पश्चात रात को हवलदार तिलक ने बेडशीट का फंदा बनाकर क्वार्टर के पंखे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने घटना को दुखद बताकर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना बहुत ही दुखद है ।

# आंधी तूफान से गिरे खिड़की दरवाजे, दीवारों में आई दरार



सुभाष पुलानी, सोहना

अभी चिंतेल सोसाइटी का मामला थमा नहीं है कि सोहना में आए तेज तूफान के साथ बरसात से एल्डिको सोसाइटी में दर्जन भर फ्लैट्स की खिड़की दरवाजे उखड़ गए। जहां दर्जन भर फ्लैट्स के खिड़की दरवाजे तो उखड़ गए वहीं कई फ्लैट्स की दीवारों में दरार आ गई।हालांकि किसी को चोट नहीं लगी।वहीं सोसाइटी में रहने वाले दीपक नाम के व्यक्ति ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी । उसके अलावा सोसाइटी में हुए नुकसान को लेकर विधायक कुंवर संजय सिंह मौके पर पहुंचे और फ्लैट्स में आई दरार और उखड़े हुए खिड़की दरवाजों का मुआयना किया। सोसायटी वासियों से मिले और उन्हें आश्वासन दिया कि एल्डिको सोसाइटी के मालिक और मैनेजमेंट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएं। वहीं देर शाम तक पुलिस सोसाइटी में मैनेजमेंट और मेंटीनेंस के कर्मचारियों को तलाशती रही। सोसाइटी में रहने वाले दीपक गुप्ता ,आशुतोष, कल्पना, संदीप, राजीव आदि ने बताया की एल्डिको सोसायटी में रहने वाले लोगों ने कंपनी के खिलाफ शिकायत दी है। जिन्होंने करोड़ों रुपए लेकर लोगों को धोखा दिया और फ्लैट्स में घटिया निर्माण सामग्री लगाकर लोगों के साथ धोखा किया है। इससे पूर्व भी पिछले वर्ष एक फ्लैट्स में छज्जा गिरने से एक व्यक्ति को चोट लग गई थी। जिसके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया गया था। वही मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी ए एस आई वेद प्रकाश का कहना है की अभी लिखित में शिकायत नहीं मिली है शिकायत मिलते ही कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

# पुलिस ने किया करोडों रुपये का गांजा जप्त



होडल, प्रात : किरण संवाददाता

होडल सीआइए पुलिस ने एक ट्रक से सैकडों किलो मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया है। पुलिस ने गांजे के साथ दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश करके रिमांड पर ले लिया है।

बताया जाता है कि दोनों आरोपियों के पास से बरामद हुए गांजे की किमत एक करोड रुपये से भी अधिक है। पुलिस की इस सफलता की लोगों ने सराहना की है। जिला पुलिस कप्तान राजेश दुगगल ने जानकारी में बताया कि होडल सीआइए प्रभारी जंगशेर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक ट्रक में नमक के कट्टों की आड में भारी मात्रा में मादक पदार्थ तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है।

सूचना मिलते ही सीआइए प्रभारी जंगदेश ने नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर पर नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि जैसे ही मादक पदार्थ की गाडी पुलिस नाके पर पहुंची वैसे ही पुलिस ने गाडी को तलाशी के लिए रोक लिया। पुलिस ने जब गाडी की तलाशी ली तो उसमें नमक के कट्टे के बीच में से गांजे के छोटे पैकेट भी बरामद किए। पुलिस ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाकर गाडी में से 91 पैकेट गांजे के बरामद किए। पुलिस ने ट्रक के आगे रैकी कर रही एक सिफ्ट गाडी को भी जप्त कर लिया। पुलिस ने ट्रक में से 474 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजे के साथ गांव पट्टूका थाना ताबडू निवासी ट्रक चालक मुस्तगिल व गोवर्धन मथुरा यूपी निवासी अमर को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# विधायक ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को देख की प्रशंसा

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

संजय कॉलोनी स्थित मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को देखकर विधायक नीरज शर्मा ने की प्रशंसा। मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा तैयार किए गए बायोलॉजी के मॉडल खुले हुए सीवरेज मेनहोल के दुर्घटना से निजात दिलाने के उपाय को लेकर विधायक नीरज शर्मा ने बच्चों टीचरों की प्रशंसा की और नगर निगम आयुक्त से बात कर उनको मिलने का समय दिलवाया ताकि कि वह जाकर इस बारे में अवगत कराएं। मॉडल प्रस्तुत करने वाले बच्चों ने बताया कि मॉडर्न बीपी स्कूल विज्ञान के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ रहा है पिछले 8 सालों से लगातार सीबीएससी के माध्यम से प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर रहा है विधायक नीरज शर्मा ने इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार स्कूल के प्रधानाचार्य जितेंद्र परमार व बच्चों को बधाई दी और आगे भी ऐसा काम करने को प्रेरित किया। स्कूल के विद्यार्थी ने मिलकर ओपन हॉल डिटेक्टर नामक मॉडल तैयार किया है उन्होंने दो ढक्कन लगाकर मॉडल तैयार किया है मैनहोल के ढक्कन में उन्होंने एक खास जी एस एम माड्यूल्स लगाया है इसमें एक बार में एक साथ 100 लोगों तक संदेश पहुंचाने की व्यवस्था है मेन होल का ढक्कन खुलते ही मॉडल तुरंत उस में मौजूद नंबरो पर कोड के जरिए संदेश भेज देगा कि किस स्थान पर ढक्कन खुला है जब उस ढक्कन को बंद कर दिया जाएगा तब एक बार फिर संबंधित अधिकारी और कर्मचारी को संदेश मिल जाएगा।इस मौके पर शिक्षक नवीन जोशी, छात्रा संचिता,स्नेहा कुमारी, आदर्श यादव ने मॉडल प्रस्तुत किया।



### स्वावलंबी भारत अभियान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**पंचकूला।** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या प्रोमिला मालिक के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ द्वारा रोजगार सृजन एवं आत्मनिर्भर भारत स्वावलंबी भारत अभियान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने कहा कि भारत सरकार के उपक्रम आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत स्वदेशी जागरण मंच, स्वरोजगार की संभावनाओं को तलाश कर स्वावलंबी बनने का अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग दिखाता है कि किस प्रकार युवाओं को अपनी योग्यता को पहचान कर अपने कर्मक्षेत्र में अग्रसर होना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री कश्मीरी लाल राष्ट्रीय संगठक स्वदेशी जागरण मंच रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक कहानियां सुनाकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि हममें दृढ़ निश्चय , प्रतिभा और आत्मविश्वास होना चाहिए। उन्होंने मीना बिंद्रा की सफलता की कहानी सुनाई कि कैसे एक छोटे से उद्योग से काम शुरू करके बांड बीबा को भारतीय महिलाओं के एथनिक परिधानों में मार्केट लीडर बना दिया।

# स्कूल की छात्राओं को किट वितरित

होडल, प्रात : किरण संवाददाता

गांव औरंगाबाद के राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विघालय के प्रांगण में दसवीं व बारहवीं की छात्राओं को टूल किट वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में गांव के सरपंच हरदीप चौहान व होडल बीईओ यशपाल गर्ग मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल दिनेश कुमारी व इंचार्ज पूनम देवी ने की।

कार्यक्रम में बारहवीं की 21 छात्राओं व दसवीं की 27 छात्राओं को किट वितरित की गई। राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विघालय में आयोजित कार्यक्रम में एनएसक्यूएफ की छात्राओं को टूल किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच हरदीप चौहान व बीईओ यशपाल गर्ग ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के इस मौके पर अतिथियों ने छात्राओं से कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार स्कूलों में उन्हें प्रत्येक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो छात्राओं को किट वितरित की जा रही है इससे छात्राएं अपने पैरों पर खडे होकर व्यवसायिक कार्यों में भी अपनी भागेदारी निभा सकेंगी।

सरकार समय-समय पर जनकल्याकारी योजनाएं चलाती है। उन्होंने बताया कि 5 मई को छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए थे और अब टूल किट वितरित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छात्राएं इन टूल किटों को सदुप्रयोग करें और अपने आप को आत्मनिर्भर बनाएं।

कार्यक्रम में स्कूल की अध्यापिकाओं द्वारा छात्राओं को टूल किट में मौजूद सभी उपकरणों की बिस्तार से जानकारी की दी। इस मौके पर एनएसक्यूएफ की इंचार्ज पुष्पा देवी, आईटी अध्यापिका डिम्पल, रजनीश कुमार, राजबाला, अन्जू, मन्जू, अनीता बत्रा, दिनेश सैनी, प्रभा रानी, सुदेश देवी, अनीता मंगला के अलावा अन्य स्कूल स्टॉफ व दर्जनों छात्राएं मौजूद थीं।




**कार्यक्रम**
- बारहवीं की 21 छात्राओं व दसवीं की 27 छात्राओं को किट वितरित की गई

# मुठभेड़ के बाद हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

होडल, प्रात : किरण संवाददाता

पलवल सीआइए पुलिस ने हत्या के मामले में लिप्त तीन बदमाशों को चौबीस घंटे में पकडने में सफलता हासिल की है। बताया जाता है कि जेल में हुए झगडे की रंजिश को लेकर युवक की हत्या की गई थी। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों के पास से दो देशी कट्टा व कारतुस भी बरामद किए है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करके रिमांड पर ले लिया है।

जिला पुलिस कप्तान राजेश दुगगल ने पत्रकारों को दी जानकारी में बताया कि गुरूवार को गांव फतेहपुर बिल्लौज निवासी पवन कुमार का अपहरण कर गांव जनौली में हत्या कर दी थी। शुक्रवार सुबह पलवल सीआइए प्रभारी इंस्पेक्टर विश्व गौरव को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांव पवन की हत्या करने वाले तीन आरोपी खेतों में छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही सीआइए प्रभारी अपनी टीम के साथ खेतों में पहुंच गए। पुलिस टीम को देख खेतों में छिपे तीनों आरोपियों ने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। जबावी कार्यवाही में पुलिस ने भी उनपर गोलियां चलाई।

पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड में बदमाशों को मामुली चोटें आई। पुलिस ने तीनों बदमाशों को काबू कर लिया। पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस को अपने नाम गांव जनौली निवासी गौरव, विजय व आकाश बताया। पुलिस ने पकडे गए बदमाशों के पास से दो देशी कट्टे व कारतुस बरामद किए। उन्होंने बताया कि पुलिस पकड़े गए तीनों बदमाशों से रिमांड के दौरान पूछताछ करेगी। पकड़े गए बदमाशों से अन्य वारदातों को भी खुलासा होने की उम्मीद है।

### गहलोत ने सवाई मान सिंह अस्पताल में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक ने यहां सवाई मान सिंह अस्पताल का औचक दौरा कर विभिन्न वार्डों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और मरीजों और उनके परिजनों से मिलकर कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान अस्पताल में संचालित कोविड वैक्सीनेशन सेंटर, गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) एवं दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया। अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हाल जाना एवं उन्हें मिल रही उपचार सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल के आईसीयू में भर्ती धौलपुर में बिजली निगम के सहायक अभियंता हर्षदापति से मिलकर उनकी कुशलक्षेम जानी। इसी तरह अस्पताल में भर्ती कांग्रेस के प्रदेश सचिव श्रवण पटेल से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इससे पहले मुख्यमंत्री ने जयपुर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस में पदाधिकारी रहे आर सी शाह के निधन पर दुगार्पुरा, जयपुर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

# मेवात मॉडल स्कूल आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

नूंह,मेवात, प्रात : किरण संवाददाता

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को मेवात मॉडल स्कूल नूंह में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त अजय कुमार ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते समय कही। उपायुक्त ने कहा कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिसव के उपलक्ष्य में स्थानीय मेवात मॉडल स्कूल नूंह में जिला स्तरीय योगा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।उपायुक्त ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2022 के आयोजन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 मई से 30 मई तक चलेगा और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर पर मेवात माडल स्कूल, नूंह व ब्लाक स्तर नगीना तावडू, फिरोजुपर झिरका व पुन्हाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जिला के सभी पीटीआई व डीपीई इस प्रशिक्षण शिविर में सीखाए जाने वाले योगा अभ्यासों को 1 से 3 जून के दौरान अपने-अपने स्कूल के विद्यार्थियों को योगा कारवाएंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 9 से 11 जून को जिला प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा तथा 13 से 15 जून तक सांसद, विधायकों व अन्य पदाधिकरियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। ये योग प्रशिक्षण शिविर आयुष विभाग और पतंजलि समिति के योग प्रशिक्षकों द्वारा आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत, एसडीएम अश्वनी कुमार, नगराधीश रणवीर सिंह, सिविल सर्जन डॉ सुरेंद्र यादव, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी मोहम्मद कमर, डॉक्टर यसवीर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तावडू में बने मकबरों की पुरातत्व विभाग नहीं ले रहा सुध

तावडू, प्रात : किरण संवाददाता

शहर व क्षेत्र में पुरातत्व विभाग की लापरवाही के चलते तावडू में स्थित मकबरों की मरम्मत आज तक पूरी नहीं हो पाई है। ये मकबरे आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सन 1269ई० से पूर्व गुलाम खानदान के आखरी बादशाह बलवन ने नगर के सरकारी अस्पताल के समीप स्थित मकबरों को बनवाया था। लेकिन उनके समय के बाद इनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

हालांकि पुरातत्व विभाग ने इन मकबरों को पर्यटक स्थलों में बदलने की नीयत से यहां इनके खोए रूप को दोबारा लाने के लिए 2003 में महत्तवपूर्ण कदम उठाए थे। जिस पर कुछ समय अमल भी हुआ और १ मकबरे की मरम्मत भी की गई तथा उसके बाद भी १ और मकबरे की मरम्मत शुरू की गई। लेकिन पिछले लंबे समय से यहां पर मरम्मत का कार्य पूर्णतः बंद पड़ा हुआ है और इन मकबरों की हालत बद-बदतर हो रही है। पुरातत्व विभाग ने इन मकबरों को विकसित करते समय शहरवासियों को सपना दिखाया कि इस स्थान के पर्यटक स्थल बन जाने के बाद तावडू में चार-चांद लग जाएंगे और विदेशी लोगों का आवागमन शुरू हो जाएगा। इससे बाजार में रौनक तो बढ़ेगी ही साथ ही तावडू का नाम दूर तक रोशन हो जाएगा।

जो आज सिर्फ १ सपना ही बनकर रह गया है। पुरातत्व विभाग ने कार्य का अधूरा छोडकर यह बात भी साबित कर दिया है कि सरकारी कार्यो में करनी और कथनी में दिन और रात का फर्क होता है। सन् २००३ में की गई १ मकबरे की मरम्मत अब उसे रखरखाव के अभाव के चलते फिर से बदहाली पर ले आई है। अब तो सिर्फ देखना यह है कि कब और कौन इनकी सुध लेकर इन्हें विकसित करा पाएगा।

### बंदरों के आतंक पर नहीं हो रही कार्रवाई, लोगों में प्रशासन के खिलाफ रोष

**तावडू।** शहर में बन्दरों का आतंक पिछले कई वर्षों से चर्म पर है। लेकिन पालिका प्रशासन सब कुछ जान कर अंजान बना है और किसी बडी दुर्घटना के इंतजार में है। शहर में पालिका प्रशासन ने बन्दर पकडो अभियान पिछले कई वर्षों से नहीं चलाया है। जिस कारण शहरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। शहर का कोई वार्ड ऐसा नहीं जो इन बंदरों के आतंक से बचा हुआ हो। शहरवासी मनोज कुमार, ऋतुराज, हरि सिंह, दिनेश कुमार, अनूप सिंह सहरावत, मास्टर कर्मबीर, बलवंत, मास्टर गणेश आदि शहरवासियों ने बताया कि प्रतिदिन बंदरों के आतंक के साए में जी रहे हैं और साथ ही उनके छोटे-छोटे बच्चे भी अपने बचपन से प्रभावित हो रहे हैं। क्योंकि बंदरों का आतंक उनकी गली-मौहल्लों में बढता ही जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोपहर के समय बच्चे स्कूल से आते समय घर की गली के बाहर खडे रह जाते हैं, क्योंकि गली में तो बंदरों का बसेरा होता है, जो घर नहीं जाने देते। जिस कारण उनके बच्चे इन बंदरो का शिकार हो रहे हैं। इस बारे में बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगरपालिका के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

# 31 मई तक बैंक खाते को आधार से लिंक करवाएं किसान: ललित गर्ग

नूंह,मेवात, प्रात : किरण संवाददाता

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूह के किसान सम्मान निधि योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अजय तोमर ने कहा कि बार-बार आग्रह करने व जागरूक किए जाने के बावजूद अनेक किसान अपने बैंक खाते को आधार से लिंक नहीं करवा रहे है और न ही बैंक में जाकर ई. के. वाई.सी. करवा रहे हैं, जिस कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 11वी किस्त नहीं डल पा रही है। इसके लिए सरकार द्वारा 31 मई 2022 तक का समय दिया गया है। इसलिए ऐसे किसानों को तुरंत बैंक में जाकर अपना खाता आधार नंबर से लिंक करवाने के साथ- साथ ई. के. वाईसी भी करवानी चाहिए ताकि उनको किसान सम्मान निधि की किस्त मिलने में कोई परेशानी न हो। यहां जारी एक प्रेस बयान में डॉ. तोमर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो हजार रुपए की पेंशन राशि हर चार माह के अंतराल पर दी जाती है। अभी सरकार की ओर से 11वीं किस्त जारी की जाने वाली है। परंतु विभाग के संज्ञान में आया है कि ऐसे अनेक किसान जिन्होंने इस योजना के तहत अपना पंजीकरण करवाया हुआ है, उन्होंने अपना बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक नहीं करवाया हुआ है या उनके संयुक्त खाता है। जबकि ऐसे अनेक किसान जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है अथवा जिनके द्वारा ईकेवाईसी नहीं करवाई गई है, वे किस्त न मिलने के कारण कृषि विभाग के कार्यालयों के चक्कर काटते रहते हैं और बेवजह परेशान रहते हैं। इसलिए ऐसे किसानों को कार्यालय के चक्कर काटने की बजाय ये अपने संबंधित बैंक में जाकर उक्त कार्य करवाएं ताकि किस्त की राशि खाता में आने में कोई दिक्कत न हो। आधार से लिंक न होने वाले खातों में यह राशि आने से रूक सकती है।

# विकास चौधरी हत्याकांड का आरोपी शूटर गिरफ्तार, 5 दिन की पुलिस रिमांड पर

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर योगेंद्र की टीम ने वर्ष 2019 के हत्या के मुकदमे में आरोपी शूटर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सज्जन उर्फ भोलू है जो झज्जर जिले के बिशन गांव का रहने वाला है।

आरोपी कौशल गैंग का सदस्य है जिसने वर्ष 2019 में अपने साथियों के साथ मिलकर फरीदाबाद के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर विकास की हत्या कर दी थी। मृतक विकास के भाई की शिकायत के अनुसार दिनांक 26 जून 2019 को सुबह करीब 9:00 बजे जब उसका भाई सेक्टर 9 की मार्केट में एशियन अस्पताल के ऊपर स्थित जिम के लिए पार्किंग में पहुंचा था तो वहां पर आरोपी के साथियों ने मिलकर उसके भाई की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की जिसमें उसके भाई की मृत्यु हो गई थी। थाने में आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। इस मामले में फरीदाबाद पुलिस द्वारा मामले में शामिल कौशल गैंग के मुखिया कौशल तथा अमित सहित 19 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है तथा एक आरोपी रोहित गुड़गांव पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा जा चुका है। इस मामले में अभी 1 आरोपी विकास अभी फरार चल रहा है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। आरोपी सज्जन को दिल्ली पुलिस ने 1 महीने पहले गिरफ्तार किया था जिसे गुड़गांव पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। इसके पश्चात क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपी को प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एक पिस्टल आरोपी सज्जन से पुलिस रिमांड के दौरान बरामद किया जाएगा तथा एक पिस्टल आरोपी विकास के पास है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी स्कूल के छात्र भी रोबोटिक्स पढ़ेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली के सरकारी स्कूल के छात्र भी रोबोटिक्स पाठ्यक्रम की पढ़ाई करेंगे। शिक्षा निदेशालय ने पाठ्यक्रम के संबंध में कवायद शुरू कर दी है। इस संबंध में निदेशालय का भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के साथ करार हुआ है। इसकी जानकारी निदेशालय ने अपने ट्विटर अकाउंट पर भी दी है। आईआईटी दिल्ली द्वारा स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के छात्रों के लिए यह पाठ्यक्रम विकसित किया जाएगा। पाठ्यक्रम का लाभ नौवीं से लेकर 12वीं कक्षा के छात्रों को मिलेगा। छात्र तकनीकी रूप से पढ़ाई में सक्षम बनेंगे। छात्र रोबोटिक्स पाठ्यक्रम के जरिए रोबोट में कोडिंग की अवधारणा को समझेंगे। कोडिंग से छात्रों में रोबोट के संचालन की समझ विकसित होगी। छात्रों को रोबोकोन जैसी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। इससे पहले आईआईटी दिल्ली और भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के लिए रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस सहित आगामी तकनीकों में पाठ्यक्रम तैयार करने को लेकर करार किया गया था। आईआईटी दिल्ली का आई-हब फाउंडेशन फॉर कोबोटिक्स (आईएचएफसी) और टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (टीआईएच) केंद्रीय बोर्ड को पाठ्यक्रम तैयार करने में मदद करेगा।

### नियुक्ति में देरी पर डीएसएसएसबी पर 50 हजार का जुमार्ना

नई दिल्ली, 27 मई (वेब वार्ता)। सरकारी स्कूल में सहायक नर्सरी शिक्षक की भर्ती प्रक्रिया में सफल होने के बावजूद नियुक्ति देने में देरी पर उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय ने दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) पर 50 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। जस्टिस नज्मी वजीरी और स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने सरकार को एक महीने के भीतर याचिकाकर्ता तान्या शर्मा को नियुक्ति पत्र देने का आदेश दिया है। पीठ ने आदेश में तान्या शर्मा के वरिष्ठता क्रम को भर्ती में नियुक्ति हुए अन्य शिक्षकों के बराबर रखने का आदेश दिया है। पीठ ने कहा कि तथ्यों से स्पष्ट है कि डीएसएसएसबी ने याचिकाकर्ता को ई-डोजियर में जरूरी दस्तावेज अपलोड करने का मौका नहीं दिया। हालांकि बोर्ड ने दावा किया था कि तान्या को दो मौके दिए गए थे। इस पर पीठ ने कहा कि पहली अप्रैल 2022 को जारी पत्र से साफ है कि डीएसएसएसबी ने दस्तावेज अपलोड करने के लिए पहले कोई अवसर नहीं दिया था। इसके साथ ही पीठ ने याचिका का निपटारा कर दिया। न्यायालय में दाखिल याचिका के अनुसार, डीएसएसएसबी द्वारा सरकारी स्कूलों में सहायक शिक्षक नर्सरी के 2019 में भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई।

### गाली देने पर दो पक्षों में झगड़ा, तीन घायल

नई दिल्ली। सराय काले खां इलाके में गाली देने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। मारपीट में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 20 वर्षीय सोहेल सराय काले खां इलाके में रहता है। उसने बताया कि 23 मई की रात को पानी लेने जा रहा था। इसी दौरान आफताब, साहिल और प्रथम उसे गाली दे दी, जिसका विरोध करने पर आफताब ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। झगड़े के दौरान सोहेल ने घर से चाकू ले लाया और आफताब पर हमला कर दिया। आफताब को बचाने आए साहिल पर भी चाकू से वार कर दिया। उधर, दोनों घायलों ने भी शराब की खाली बोतलों से सोहेल पर हमला कर दिया। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लक्ष्मीबाई नगर में 28 मई को लगेगा एनडीएमसी का सुविधा कैंप

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के लक्ष्मीबाई नगर के बारात घर में शनिवार को सुविधा कैंप लगाया जाएगा। यह कैंप नई दिल्ली क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपभोक्ताओं को सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए लगाया जा रहा है। कैंप सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लगेगा। इस दौरान नए बिजली कनेक्शन, डिस्कनेक्शन, लोड वृद्धि, कमी, नाम परिवर्तन, स्थानांतरण, संपत्ति कर, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, एनडीएमसी के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवा मामलों, जलभराव, स्वच्छता, कूड़ा-कचरा निपटान से संबंधित शिकायतों का समाधान, सड़क मरम्मत, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, बरात घर और पार्कों की बुकिंग और एनडीएमसी से जुड़ी अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समाधान किया।

# केजरीवाल सरकार करवाएगी दिल्ली की 12 सड़कों की मरम्मत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की सड़कों के सुधार से संबंधित कार्यों पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। इस दिशा में दिल्ली की 12 सड़कों के सुधार से संबंधित कार्यों के लिए केजरीवाल सरकार ने 16.03 करोड़ रुपए लागत की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन सड़कों का सुधार आधुनिक तकनीक की मदद से पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाएगा, ताकि लम्बे समय तक ये सड़कें मजबूत बनी रहें।

दिल्ली के लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की समस्या न हो और उन्हें जाम से न जूझना पड़े, इसके लिए समय-समय पर जरुरत के अनुसार पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों की मरम्मत का कार्य होता है। इन सड़कों में सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने हालात और आवश्यकताओं का गहन निरीक्षण किया, जिसके पश्चात इन परियोजनाओं को सरकार की मंजूरी मिली।

इन 12 सड़कों में से एक सड़क मार्जिनल बांध रोड है, जो कि नोएडा और दिल्ली को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है। जिसका प्रतिदिन लाखों यात्री इस्तेमाल करते है। पीडब्ल्यूडी का मुख्य रूप से ध्यान अक्षरधाम मंदिर के सामने वाले हिस्से की सड़कों पर है। इसमें 2 आरओबी, आरओबी को जोड़ने वाली सड़कें और तीन यू-टर्न शामिल हैं। इस सड़क में सुधार होने से यात्रियों का यात्रा समय कम होगा और यात्रा आसान हो जाएगी।

केजरीवाल सरकार दिल्ली के लोगों को सुरक्षित, सुगम और सुंदर सड़क मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का विजन अपने नागरिकों को विश्व स्तरीय सड़कें उपलब्ध करवाकर, उन्हें बेहतर यात्रा का अनुभव देना है। इस कारण इन सड़कों के सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी दिल्ली द्वारा आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है। जिससे दिल्ली की सड़कें यात्रियों की आवाजाही के लिए अधिक सुरक्षित बन सकें। उल्लेखनीय है कि इन सड़कों में सुधार से न केवल यातायात की आवाजाही बेहतर होगी बल्कि लोगों का समय बचेगा और प्रदूषण रोकने में भी मददगार साबित होंगी।

**दिल्ली की इन सड़कों का होगा जीणोर्धार**

- मार्जिनल बांध मार्ग (आईटीओ चुंगी से एन.एच-24 तक)
- डॉ. कुंदन लाल मार्ग
- राजौरी अपार्टमेंट रोड
- हाउस नंबर 14/35 से 13/101 सुभाष नगर
- डीए-1 हरी नगर से डीबी-1 हरी नगर
- शांति देवी मार्ग
- अयोध्या प्रसाद चोपड़ा मार्ग
- बीए-बीबी ब्लॉक रोड
- 32 से 17/117 सुभाष नगर
- प्रेम नगर गुरुद्वारा रोड
- शहीद मंगल पाण्डेय मार्ग
- भाई कन्हेया जी मार्ग (आईटीआई रोड)

## बिजली कनेक्शन काटना मानवता को शर्मसार करने वाला

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल की कथनी और करनी में अंतर है और आज उसका प्रमाण तिलक विहार में हुए पोल खोल अभियान के दौरान मिल गया। पोल खोल अभियान एक तरह से लोगों को अपनी समस्या और केजरीवाल के प्रति गुस्से को उजागर करने का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। केजरीवाल ने तिलक विहार में रह रहे 925 से अधिक 84 दंगों के पीड़ित सिख परिवारों से गुरुद्वारें में हुजूर साहिब के सामने 400 यूनिट बिजली मुफ्त देने की कसम खाई थी, लेकिन आज उन परिवारों के बिजली बिल लाखों रुपये में आ रहे हैं। जिसकी शिकायत आज पोल खोल अभियान के दौरान खुद तिलक विहार के लोगों ने श्री आदेश गुप्ता को अपना बिल दिखाते हुए किया। श्री आदेश गुप्ता ने आज हुए प्रेसवार्ता में लोगों द्वारा इसकी शिकायत किए जाने की वीडियो दिखाया। इसके बाद कुछ सिख परिवारों के पास आए हुए बिजली बिल के पेपरों को दिखाते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि फूल सिंह के पास 2,22,670 रुपये का बिल आया है। इंदिरा कौर नाम की महिला के पास 144530 रुपये का बिजली बिल आया है।

## ट्रेन पकड़ने जा रहा था, चाकू मारकर किया घायल, पकड़े गए दोनों बदमाश

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




कश्मीरी गेट से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहे एक व्यक्ति को दो बदमाशों ने चाकू मारकर उसका मोबाइल लूट लिया। वारदात के बाद पीड़ित के शोर मचाने पर कश्मीरी गेट थाना पुलिस ने मौके से भाग रहे दोनों बदमाशों को दबोच लिया। दोनों आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ पहले के 65 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने अपराध में प्रयुक्त चाकू और पीड़ित से लूटे गए मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। उत्तरी जिला पुलिस अधिकारी के मुताबिक प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के रहने वाले माखनलाल यादव, गुरुग्राम, हरियाणा में निजी कंपनी में नौकरी करता है। 24 मई की रात प्रयागराज जाने के लिए वह दिल्ली में था। यहां से ट्रेन से उसे प्रयागराज जाना था। रात 10 बजे जीपीओ कश्मीरी गेट के सामने आटो से उतरने के बाद वह जब वह पैदल पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन जा रहा था। तभी अचानक पीछे से आए दो बदमाशों ने उसे घेर लिया। एक ने उसकी कमर पर चाकू घोंप दिया और दूसरे ने उसका हाथ पकड़ कर पैंट की जेब से मोबाइल फोन छीन लिया। वारदात के बाद दोनों उसे धक्का देकर छत्ता रेल की ओर भागने लगे। शोर मचाने पर उस दौरान गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। उनके पास से बटनदार चाकू व पीड़ित का मोबाइल फोन बरामद हो गया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान जावेद उर्फ गोहर व जावेद उर्फ रुस्तम के रूप में हुई। पूछताछ में गोहर ने बताया कि उसने तीन माह पहले सीलमपुर के रहने वाले एक युवक से 700 रुपये में चाकू खरीदा था। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, डकैती, झपटमारी, रंगदारी व छेड़खानी आदि के 29 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह वेलकम थाने का घोषित अपराधी है।

## शुरू होगा किसान आंदोलन पार्ट-2

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



क्या दिल्ली-एनसीआर के चारों बार्डर (शाहजहांपुर, गाजीपुर, कुंडली (सिंघ) और टीकरी) पर एक बार फिर किसान आंदोलन शुरू हो सकता है? इसका बड़ा इशारा दिल्ली से सटे हरियाणा के सोनीपत से संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से आया है। संयुक्त किसान मोर्चा के बड़े नेताओं में शुमार शिव कुमार कक्का ने साफतौर पर कहा है कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो संयुक्त किसान मोर्चा 2023 में फिर आंदोलन करेगा। दरअसल, शुक्रवार को सोनीपत जिले के गुहाना में पहुंचे संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान नेता शिवकुमार कक्का ने जानकारी दी है कि आगामी 8 जून को किसानों की एक अहम बैठक होगी। इसमें कई मुद्दों पर बात होगी। इसमें संयुक्त किसान मोर्चा आगे की रणनीति पर भी चर्चा करेगा। शिव कुमार कक्का ने अपने महासंघ की युवा इकाई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राज्य कार्यकारिणी की गोहाना में घोषणा की। महासंघ की गोहाना में हुई बैठक को लेकर चर्चा भी तेज हो गई है। पिछले दिनों संयुक्त किसान मोर्चा के नेता और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी केंद्र सरकार पर बड़ा हमला कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि सरकारों का काम होता है किसान आंदोलन को तोड़ना, फूट डालना या कमजोर करना। हमारा धर्म है किसानों की आवाज को और बुलंद करना। उनके अधिकारों की रक्षा करना। आखिरी सांस तक किसानों की लड़ाई जारी रहेगी। बता दें कि राकेश टिकैत ने दिसंबर, 2021 में आंदोलन स्थगित करने के दौरान कहा था कि केंद्र सरकार ने सिर्फ तीन कृषि कानून ही रद किए हैं। किसान संगठनों की अन्य मांगें नहीं मानी गई हैं। ऐसे में सरकार किसानों की मांगों को अनसुनी करती है तो पूरे देश में एक बार फिर आंदोलन खड़ा होगा। राकेश टिकैत ने भी कहा था कि किसान आंदोलन अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अगर तय समय पर किसानों से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए तो आंदोलन फिर शुरू हो सकता है।

## दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में लगी आग, दमकल की कई गाड़ियों ने कुछ देर में पाया काबू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




देश की राजधानी दिल्ली के नामी अस्पताल सफदरजंग में शुक्रवार सुबह आग लग गई। वहीं, सूचना पर पहुंची दमकल की कई गाड़ियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। यह आग इंटवर्टर में लगी थी। इससे जान माल का कोई खास नुकसान नहीं हुआ है। सफदरजंग अस्पताल के कर्मचारियों के सहयोग से आग कुछ देर में ही बुझा ली गई। बता दें कि इससे पहले इसी साल जनवरी के पहले पखवाड़े में भी देश की राजधानी दिल्ली के बड़े अस्पतालों शुमार सफदरजंग में आग लग गई थी, जिस पर समय रहते काबू पा लिया गया था। इस आग के चलते कोई हताहत नहीं हुआ था। यह आग सफदरजंग अस्पताल के नर्सिंग रूम में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक लगी थी। शार्ट सर्किट की वजह से निकली चिंगारी के चलते अस्पताल की चौथी मंजिल पर स्थित नर्सिंग रूम में आग लगी थी। आग मामूली इसलिए अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों ने ही इस पर काबू पा लिया। इससे पहले 16 सितंबर को भी दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भीषण आग लग गई थी। इस दौरान अस्पताल में आग लगने की सूचना मिलते ही चारों ओर अफरा-तफरी मच गई थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं दमकल की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों ने आग पर काबू पाया था। दरअसल, आग अस्पताल में स्थित कचरे के प्लांट में लगी थी। इस आगजनी में कोई नुकसान नहीं हुआ था। वहीं, आग लगने के कारणों का पता भी नहीं चल सका था। 16 सितंबर को अस्पताल की इमारत से धुआं निकलता दिखने के बाद एहतियात के तौर पर अस्पताल की बिल्डिंग खाली करा ली गई थी। गौरतलब है कि इसी महीने 15 मई को पश्चिमी दिल्ली के मुंडका में स्थित एक इलेक्ट्रानिक सामान बनाने की कंपनी में लगी आग के चलते 27 लोगों की जान चली गई थी और कई लोग घायल हुए थे। इसमें बड़ी लापरवाही भी सामने आई थी।

## आरोपित शाहरुख पठान घर पहुंचा तो कुछ इस अंदाज में हुआ स्वागत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर-पूर्वी दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए दंगों के दौरान दिल्ली पुलिस के जवान पर बंदूक तानने वाला आरोपित शाहरुख पठान एक बार फिर चर्चा में है। शाहरुख पठान का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें भीड़ उसका शानदार स्वागत कर रही है। इस दौरान हाथ हिलाकर लोगों के अभिवादन का जवाब भी दे रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली दंगे का आरोपित शाहरुख पठान जेल से बाहर आया तो स्वागत के लिए उसके घर के बाहर भारी भीड़ जुट गई। समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार, राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर और नागरिकता संशोधन कानून के विरोधी प्रदर्शनों के दौरान एक पुलिसकर्मी पर बंदूक तानने वाले आरोपी शाहरुख पठान का 23 मई को अपने आवास पर पहुंचने पर 4 घंटे की पैरोल के दौरान स्वागत किया गया। उसे अपने बीमार पिता से मिलने के लिए पैरोल मिली। वीडियो देखकर सहज ही कहा जा सकता है कि शाहरुख पठान पुलिसकर्मियों के साथ कहीं जा रहा है और उसके आसपास भीड़ जमा है। यह वीडियो 23 मई 2022 का बताया जा रहा है। उस दिन शाहरुख पठान को 4 घंटे की कस्टडी परोल पर रिहा किया गया था। शाहरुख पठान को यह पैरोल उसके बीमार पिता से मिलने के लिए मिली थी। अब उसे वापस जेल भेज दिया गया है, फिलहाल वह जेल में ही है। गौरतलब है कि 22 से 24 फरवरी के दौरान उत्तर-पूर्वी दिल्ली में दंगे हुए थे।

## दक्षिण दिल्ली के एक इलाके में पीएनजी पाइपलाइन में गैस रिसाव से विस्फोट

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दक्षिण दिल्ली इलाके के राजपुर खुर्द गांव में बृहस्पतिवार रात अचानक पीएनजी पाइप लाइन से गैस रिसाव होने के कारण विस्फोट हो गया और आग लग गई। वहीं, इसकी चपेट में आने से एक शख्स घायल हो गया। उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पीएनजी पाइप लाइन से गैस रिसाव होने के कारण यहां पर हुआ विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के कई घर भी क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, साउथ जिले के एडिशनल डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि बृहस्पतिवार को रात 9 बजे के आसपास राजपुर खुर्द गांव के सी 113 बी तीसरे तल पर पीएनजी पाइप लाइन से गैस रिसाव होने के कारण ब्लास्ट हो गया। इस कारण आग लग गई। वहीं, इस बड़ा और ताकतवर ब्लास्ट के कारण दूसरे और चौथे तल भी उसकी चपेट में आ गए। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की पांच गाड़ियां पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद पूरी तरह से आग पर काबू पाया गया। इस विस्फोट के कारण अनिल नाम का एक शख्स घायल हो गया। जांच में पता चला कि फ्लैट में पीएनजी गैस लाइन गई है, जिसमें रिसाव के कारण विस्फोट हो गया और आग लग गई। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले से ही गैस रिसाव होने की शिकायत आनलाइन आइजीएल से पड़ोसियों ने की थी, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी का नतीजा रहा कि राजपुर खुर्द गांव में बृहस्पतिवार रात अचानक पीएनजी पाइप लाइन से गैस रिसाव होने के कारण विस्फोट हो गया। पीएनजी का पूरा नाम होता है। यब एक प्राकृति गैस है जिसका इस्तेमाल उपभोक्ता के प्रयोग के लिए किया जाता है, खासकर खाना बनाने में। इसके साथ व्यावसायिक के तौर पर भी पीएनजी का इस्तेमाल किया जाता है। जानकारों की मानें तो पीएनजी का दाब होता है वो तक होता है। पीएनजी का का दबाव इस बात पे निर्भर करता है कि उपभोक्ता किस प्रकार का बर्नर प्रयोग कर रहा है।

## गांधी को अपनाने की जरूरत है विषय पर संगोष्ठी आयोजित

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने गांधी भवन, सत्यकम सभागार, सामाजिक विज्ञान संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय में गांधी को अपनाने की जरूरत है विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, माननीय उपाध्यक्ष गांधी स्मृति और दर्शन समिति एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार- विजय गोयल तथा मंच में उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथि माननीय रजिस्ट्रार यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली-डॉ. विकास गुप्ता, माननीय दिल्ली महाविद्यालयों के डीन-प्रो.बलराम पाणि, माननीय सदस्य सचिव, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, प्रो.कुमार रत्नम एवं माननीय डीयूटीऐ अध्यक्ष प्रो. ए.के. बागी तथा कई गणमान्य विशिष्ट लोगों ने भाग लिया और अपने विचारों को प्रस्तुत किया। इस मौके पर सतीश उपाध्याय ने अपने विचारों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि गांधी जी के विचार और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के विचारो में काफी समानता है। उन्होंने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय, सामाजिक संरचना, प्रगति की बात किया करते थे।

## बीएस भल्ला को बनाया गया एनडीएमसी का नया चेयरमैन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली नगर पालिका परिषद का नया चेयरमैन बीएस भल्ला को बनाया गया है। भल्ला अभी दिल्ली सरकार के गृह विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव है। भल्ला से पहले चेयरमैन रहे धर्मेंद्र का अरूणाचल प्रदेश में मुख्य सचिव के तौर पर स्थानांतरण हो गया था, उसके बाद से एनडीएमसी के चेयरमैन का पद खाली था। धर्मेंद्र की नियुक्ति भी लंबे इंतजार के बाद हुई थी। गृह मंत्रालय ने 1989 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी धर्मेंद्र को एनडीएमसी का नया चेयरमैन नियुक्त किया था। वह उस समय केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार के पद पर तैनात थे। इससे पहले वह यूडी मिनिस्ट्री में भी जॉइंट सेक्रेट्री के पद पर काम कर चुके थे। वो दिल्ली सरकार में भी पर्यावरण सचिव समेत कुछ अहम पदों पर रह चुके थे। धर्मेंद्र की एनडीएमसी में नियुक्ति का आदेश जारी होने से दो दिन पहले ही उन्हें केंद्र सरकार ने उनकी पैरेंट काडर में वापस भेजने के संबंध में आदेश जारी किया था। उसी के बाद से एनडीएमसी में उनकी नियुक्ति को लेकर अटकलें तेज हो गई थीं। फिर उनको एनडीएमसी में फुल टाइम चेयरमैन का पद दिया गया था, चेयरमैन का ये पद 4 महीने से भी ज्यादा समय से खाली पड़ा हुआ था। इससे पहले एनडीएमसी ने योजना बनाई है कि वो अपने एरिया में आने वाले हिस्सों की सफाई पर खास ध्यान देगी। इसके तहत अब पूरे कनाट प्लेस में मशीनों से सफाई के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद 28 करोड़ रुपये खर्च करेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई एनडीएमसी की काउंसिल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इस मामले में एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक स्थानों, जैसे- पार्किंग क्षेत्र, फुटपाथ, पार्क और सार्वजनिक प्लाजा आदि नियमित रखरखाव, सफाई और स्वच्छता क्षेत्र को बनाए रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू हैं। इसके लिए एक समर्पित हाउसकीपिंग टीम की जरूरत है। सफाई और हाउस कीपिंग के वांछित मानक को प्राप्त करने के लिए इसमें उन्नत मशीनरी, कारीगरी और अन्य समर्पित संसाधनों की भागीदारी आवश्यक होती है। इसके लिए मशीनों से सफाई करने के लिए 28 करोड़ रुपये की मंजूरी देने के प्रस्ताव को पारित किया गया है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि) गौतमबुद्धनगर।**
**उत्तराधिकार वाद सं–191 सन 2022**
श्रीमती गुलशन धवन पत्नी स्व. श्री वीर सुर्दशन धवन निवासी 427, अरूण विहार, सैक्टर–29 नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर। ..याची
बनाम
1. सामान्य जनता
2. डा. गौरव धवन आयु लगभग 51 वर्ष पुत्र स्व. श्री वीर सुर्दशन धवन निवासी 427 अरूण विहार, सैक्टर–29 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर।
3. डा. चन्दन मारवाह आयु लगभग 54 वर्ष पत्नी डा. विवेक मारवाह पुत्री स्व. श्री वीर सुर्दशन धवन निवासी 427, अरूण विहार, सैक्टर–29 नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर।
..... प्रतिवादीगण
हरगाह प्रार्थी/वादी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त उत्तराधिकार वाद बावत पी.पी.एफ. एकाउन्ट एवं इण्डियन ओवरसीज बैंक व एल.एम.वी. कार संख्या UP16BQ0688 में मृतक स्व.श्री वीर सुर्दशन धवन के अंश प्रमाण पत्र के सन्दर्भ में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म कि आप बातारीख **15.07.2022** बवक्त 10 बजे दिन के असालातन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात के जो मुकदमें के हालात में करार बकाई वाफिक गया गया हो और कुल अमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तदमाते करना चाहते हो।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर इरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा।
बावक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बातारीख **26.06.2022** ई जारी किया गया।
आदेशानुसार
मुंसरिम सिविल जज (सी.डि),
गौतमबुद्धनगर।

## सूचना

पूरी दुनिया में मंकी पॉक्स के अब तक 200 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं

## पूरी दुनिया में पाए जा रहे मंकी पॉक्स के मामले

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



कोरोना के बाद एक नई बीमारी से हर कोई परेशान है। इसके भी कई देशों में मरीज पाए जा रहे हैं। इस नई चौंकाने वाली बीमारी का नाम मंकी पॉक्स है। पिछले 2 हफ्ते में मंकी पॉक्स के मामले उन देशों में पाए जा रहे हैं जहां पहले ये मामले नहीं आ रहे थे। पूरी दुनिया में मंकी पॉक्स के अब तक 200 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि भारत में अब तक इसका एक भी मामला सामने नहीं आया है। मंकी पॉक्स पर डॉ. गुंजन, वैज्ञानिक सी, क्टफ दिल्ली भी इस बीमारी पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने एक सर्वे के बाद ये बताया कि ऐसे कौन से लक्षण है जिनके होने पर ये कहा जा सकता है कि बीमार व्यक्ति में मंकी पॉक्स के लक्षण है।

**ये हैं लक्षण–**

- किसी भी व्यक्ति को तेज बुखार,
- लिम्फ नोड्स में सूजन,
- आंखों से पानी आना,
- चकत्ते पड़ना

उन्होंने बताया कि यदि अगर इस तरह के लक्षण होते हैं तो उसकी जांच की जाएगी। सरकार लगातार लोगों पर निगरानी रख रही है। बच्चों और बड़ों में इसके लक्षण समान होते हैं। मंकीपाक्स चेचक वायरस परिवार से संबंधित है। इसे पहली बार 1958 में शोध के लिए रखे गए बंदरों में देखा गया था। 1970 में पहली बार इंसान में इस वायरस की पुष्टि हुई थी। वायरस के दो मुख्य स्ट्रेन हैं पश्चिम अफ्रीकी और मध्य अफ्रीकी। यूके में मिले संक्रमित रोगियों में से दो ने नाइजीरिया से यात्रा की थी। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि ये पश्चिम अफ्रीकी स्ट्रेन हो सकते हैं। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

**कैसे फैलता है संक्रमण**

मंकीपाक्स वायरस त्वचा, आंख, नाक या मुंह के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है। यह संक्रमित जानवर के काटने से, या उसके खून, शरीर के तरल पदार्थ, या फर को छूने से हो सकता है। संक्रमित जानवर का मांस खाने से भी मंकीपाक्स हो सकता है।

**पहले भी बनी है ऐसी स्थिति**

ऐसा पहली बार नहीं है जब मंकीपाक्स के मामलों में अचानक बढ़ोतरी देखी गई है। 2003 में भी अमेरिका में ऐसी स्थिति देखी गई थी। यह अफ्रीका के बाहर देखा गया पहला मामला था। यह संक्रमित प्रैरी कुत्तों के संपर्क में आने से फैला था। इसी तरह 2017 में नाइजीरिया में बड़ी संख्या में इसके मामले देखे गए थे। इसमें से ज्यादातर युवा पुरुष थे। यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी ने इसे कम जोखिम वाला बताया है। यूनिवर्सिटी आफ नाटिंघम में मालिक्यूलर वायरोलाजी के प्रोफेसर जोनाथन बाल ने कहा है कि तथ्य बताते है मंकीपाक्स से संक्रमित रोगी के 50 संपकरें में से केवल एक ही संक्रमित हुआ है, यह दशार्ता है कि वायरस ज्यादा संक्रामक नहीं है।

## साफ्टवेयर बेस्ड हैकिंग टूल से ऐसे करते थे वाहन चोरी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दक्षिण पश्चिमी जिले की एएटीएस ने शुक्रवार को उत्तम नगर के वाहन चोर रवि गैंग के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों से तीन हुंडई क्रेटा, दो मारुति ब्रेजा, एक ह्युनडई वेन्यू और एक मारुति स्विफ्ट कार, दो तमंचा, पांच कारतूस, कारों की 30 चाबियां और गाड़ियों का लाक खोलने के लिए प्रयोग किए जाने वाली हैकिंग डिवाइस और टूल किट बरामद हुई है। आरोपितों की पहचान हस्तसल के जनता फ्लैट्स निवासी मनीष राव (43), जगदीप शर्मा (42) व मेरठ के पूर्व अहमद नगर निवासी आस मोहम्मद (40) के रूप में हुई है। इस गिरफ्तारी से पुलिस ने अलग-अलग थानों में दर्ज करीब आठ मामले सुलझ गए हैं। यह गैंग दिल्ली व एनसीआर, उत्तर प्रदेश के मेरठ, राजस्थान व कई अन्य राज्यों में चोरी की कारें बेचते थे। आरोपित कारों को चुराकर जैमर की सहायता से उनमें लगे जीपीएस बंद करके कार के साथ फरार हो जाते थे। दक्षिण-पश्चिमी जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर नकेल कसने के लिए एएटीएस की टीम बनाई गई। एसीपी सुरेंद्र यादव की देखरेख में टीम में एएटीएस के इंचार्ज आनंद कुमार के नेतृत्व में एसआइ संजीव बालियान, एसआइ सुरेश कुमार, एसआइ गौतम मलिक, एएसआइ हेमंत शर्मा, एएसआइ प्रवीण कुमार, हेडकांस्टेबल हरिओम, हेड कांस्टेबल अजय गुलिया, कांस्टेबल रविंद्र, कांस्टेबल राकेश, कांस्टेबल राघमेंद्र और कांस्टेबल धर्मेंद्र को शामिल किया गया।

**उत्तर रेलवे**
शुद्धिपत्र
संदर्भ : टेंडर नोटिस संख्या 9–2022–23 दिनांक : 06.05.2022
1. टेंडर संख्या : 19223516B दिनांक 31.05.2022 (क्रम सं. 6).
उपरोक्त संदर्भित टेंडर के खुलने की नियत तिथि 31.05.2022 से बदल कर 08.06.2022 कर दी गई है और मद का ब्यौरा आदि को संशोधित किया गया है। शेष सभी नियम एवम् शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। www.ireps.gov.in 1278/22
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात: किरण



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 28 मई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### जे.जे कॉलोनी से 70 लाख रुपये की हेरोइन जब्त, गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिला की नॉरकोटिक्स सेल ने एक बार फिर से ड्रग्स तस्करी और उसे बेचने वाले शातिर आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान बी-55 जेजे कॉलोनी बवाना के रूप में हुई है। आरोपित के कब्जे से तीन सौ ग्राम हेरोइन जब्त की है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 70 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपित को कुछ समय पहले पकड़े गए ग्वालियर के रहने वाले राजीव गुप्ता से पूछताछ के बाद पकड़ा है। पुलिस उनके दिल्ली के ओर नेटवर्क के बारे में जानने की कोशिश कर रही है। बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी बृजेन्द्र कुमार यादव ने शुक्रवार को बताया कि उनकी टीम जिले को ड्रग्स को लेकर जीरो टालरेंस बनाने की योजना पर काम कर रही है। जिसमें उनकी टीमें काफी कामयाब भी हुई है। कई करोड़ रुपये की ड्रगस पिछले कुछ ही समय में जब्त कर आरोपितों को पकड़ा है। जिसके बाद कई अंतर्राज्जीय गैंग का पदार्फाश भी हुआ है, लेकिन उनके पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिये आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। कुछ ही दिन पहले गवालियर के राजीव गुप्ता को नॉरकोटिक्स सेल ने ही दो किलो हेरोइन के साथ पकड़ा था। जिससे पूछताछ करने पर पता चला था कि वह जे जे कॉलोनी बवाना में नीरज मंडल को भी ड्रगस सप्लाई करता है।

### शिष्य की लोकप्रियता गुरुओं को नहीं आई रास, किया किडनैप, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। दोस्त की लोकप्रियता बढ़ने और अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने का डर देखकर सुल्तानपुरी इलाके में दो दोस्तों ने अपने ही एक दोस्त का अपहरण कर लिया। उसकी बुरी तरह से पिटाई की। पुलिस को चकमा देने के लिये एक स्थान से दूसरे स्थान पीड़ित को लेकर भागते रहे। पुलिस ने जहां दोनों आरोपितों को उनके ठिकानों पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। वहीं उनके कब्जे से किडनैप दोस्त को भी छुड़ा लिया। जिसकी हालत देखकर उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपितों की पहचान कुणाल और शिवम के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बाइक भी जब्त कर ली है। वह कहां पर पीड़ित को लेकर छिपे थे। पुलिस उन जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लेकर जांच कर रही है। बाहरी जिले के डीसीपी समीर शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि बीते रविवार को सुल्तानपुरी पुलिस को एक गुरप्रीत उर्फ बॉबी नामक डीजे का काम करने वाले युवक के किडनैप होने की कॉल मिली थी। एसआई दीपक टीम के साथ मौके पर पहुंचा। गुरप्रीत के परिवार वालों ने पड़ोसी शिवम और कुणाल पर शक जाहिर किया। पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस टीम ने इलाके में लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और उसकी लोकेशन जानने के लिये फोन को सर्विलांस पर लगाया गया। जांच में पता चला कि गुरप्रीत डीजे का काम करता है। जबकि आरोपित भी वहीं काम करते थे, लेकिन पिछले कुछ समय से आरोपितों ने उससे काफी दूरी बना ली थी। क्योंकि उनके मुकाबले गुरप्रीत के पास काम काफी ज्यादा आने लगा था।

### छोटे-मोटे मुद्दों पर मुकदमा दर्ज कराने की प्रवृति निंदनीय : कोर्ट

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने कहा है कि आधारहीन तथ्यों और छोटे-मोटे मुद्दों लेकर मुकदमा दर्ज कराने की प्रवृति की निंदा की जानी चाहिए। न्यायालय ने कहा है कि ह्यन्यायिक प्रणाली और राज्य के संसाधन पहले से ही भारी बोझ से दबे हुए हैं और ऐसे में वादियों को अपने कार्यों के प्रति सचेत रहना चाहिए। जस्टिस जसमीत सिंह ने मारपीट के मामले में आपसी समझौते के आधार पर दर्ज मुकदमा को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज करने से पहले पक्षों को न केवल अपराधों की प्रकृति और गंभीरता के बारे में ध्यान रखना चाहिए, बल्कि उन मामलों की जांच में राज्य और पुलिस संसाधनों पर पड़ने वाले बोझ के बारे में भी सोचना चाहिए, जिन्हें अंततः अदालत के रद्द करने के लिए रखा जाता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि इस तरह की कवायद और कुछ नहीं बल्कि कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है जिसे पूरी तरह से हतोत्साहित किया जाना चाहिए। न्यायालय ने मारपीट, महिला के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने सहित विभिन्न आरोपों में दर्ज मुकदमा को रद्द करते हुए आरोपियों पर 15-15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की रकम दिल्ली उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति में चार सप्ताह के भीतर जमा कराने का आदेश दिया है। दरअसल, कार पार्किंग के विवाद के बार पड़ोसियों के बीच झगड़ा हो गया था।

# अब मच्छरों का लार्वा मिला तो भरना पड़ सकता है 50 हजार का जुमार्ना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- साथ ही कहा कि यदि लोगों के मन में कठोर कार्रवाई और मोटा जुमार्ना लगाने का डर बैठ गया
- बेंच ने एक वकील के सुझाव पर डीडीए को यह निर्देश दिया है। वकील ने इस बारे में कुछ दस्तावेज भी पेश किए

यदि अब आपके घर और आसपास बीमारी फैलाने वाले मच्छरों का लार्वा पाया जाता है तो आपको मोटा जुमार्ना भरना पड़ सकता है। जुमार्ने की रकम 50 हजार रुपये तक हो सकती है। हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को मच्छरों के प्रजनन को रोकने के उपायों के तौर पर कानून में संशोधन करने और जुमार्ने की मौजूदा रकम 500 रुपये को बढ़ाकर 50 हजार रुपये तक करने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने का आदेश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की बेंच ने कहा है कि मच्छरों का लार्वा मिलने पर मौके पर ही मोटा जुमार्ना लगाने पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि यदि लोगों के मन में कठोर कार्रवाई और मोटा जुमार्ना लगाने का डर बैठ गया तो वे फिर अपने परिसरों में मच्छरों के प्रजनन को नहीं फैलने नहीं देंगे। इतना ही नहीं, बेंच ने कहा है कि मच्छरों के प्रजनन और लार्वा को बढ़ावा देने में यदि कोई संस्थान दोषी पाया जाता है तो जुमार्ने की रकम 5000 तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि 50 हजार रुपये तक होनी चाहिए। बेंच ने यह निर्देश तब दिया जब नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने कहा कि लार्वा मिलने पर जुमार्ने की मौजूदा रकम 500 रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये करने पर विचार कर रहे हैं। साथ ही कहा कि दोषी पाए जाने पर मौके पर जुमार्ना लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। दूसरी तरफ दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए वकील सत्यकाम ने बेंच को बताया कि मौजूदा जुमार्ना 500 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये करने का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है, जबकि नगर निगम ने जुमार्ने की रकम 500 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये करने का प्रस्ताव किया था, लेकिन मौके पर जुमार्ना लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं किया था। इस मामले में नियुक्त न्याय मित्र व वकील रजत अनेजा ने बेंच को बताया कि मौके पर जुमार्ना लगाने के प्रावधान से मच्छरों के प्रजनन पर रोक में सफलता मिलेगी। हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को इन पहलुओं के बारे में विचार करने और अगली सुनवाई पर जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी। हाईकोर्ट ने पिछले साल तेजी से डेंगू के मामले बढ़ने पर स्वतः संज्ञान लेकर इस मामले की सुनवाई कर रही है। मच्छरों से बचने के लिए इमारतों में जाल लगाने पर विचार करे हाईकोर्ट ने डीडीए को मच्छरों से बचने के लिए इमारतों में अनिवार्य रूप से जाल लगाने के बारे में विचार करने और अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। बेंच ने एक वकील के सुझाव पर डीडीए को यह निर्देश दिया है। वकील ने इस बारे में कुछ दस्तावेज भी पेश किए। इन दस्तावेजों को डीडीए को भी मुहैया कराया गया है।

### तिहाड़ जेल और स्किल यूनिवर्सिटी के बीच हुआ समझौता

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में बंद कैदियों को जिंदगी संवारने का एक और मौका मिल रहा है। इसके लिए दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योर यूनिवर्सिटी ने तिहाड़ जेल के साथ करार किया है, जिसमें तिहाड़ जेल में रह रहे कैदियों को अलग-अलग हुनर-कौशल सिखाया जाएगा, जिससे उनका अच्छा पुनर्वास हो सके। जेल से छूटने के बाद कैदियों की जिंदगी अच्छी हो सके, इस मकसद से इस पहल की शुरूआत की गई है। कैदियों को अलग-अलग कोर्स के माध्यम से उनकी रूचि और बाजार की मांग के अनुसार उन्हें हुनरमंद बनाया जाएगा, जिससे वे जेल से बाहर जाने के बाद उन कौशल का इस्तेमाल करके जीवन यापन और सम्मान की जिंदगी बिता सकें। तिहाड़ जेल के डीजी संदीप गोयल ने तिहाड़ जेल के साथ साझेदारी के लिए विश्वविद्यालय को बधाई दी और कहा कि यह समय की जरूरत है और इस तरह के एक मजबूत संस्थागत सहयोग के साथ हम कैदियों के दीर्घकालिक सुधार का लक्ष्य रख सकते हैं। यह कार्यक्रम हमें जेलों में बंदियों के लिए विभिन्न कौशल पाठ्यक्रमों को जोड़ने में मदद करेगा जिससे उनकी रिहाई के बाद आजीविका कमाने में मदद मिलेगी। इससे कैदियों को सम्मानजनक जीवन जीने का बेहतर अवसर मिलेगा। इस सहभागिता के तहत यूनिवर्सिटी, प्रमुख विशेषज्ञों के साथ जॉइंट वर्कशॉप, सेमिनार, वार्ता का भी आयोजन करेगी, जिससे स्किल डिलीवरी प्रोग्राम में नवीनता लाया जा सके।

# जून के पहले सप्ताह में दिल्ली कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उदयपुर की तर्ज पर अब दिल्ली में भी कांग्रेस का एक चिंतन शिविर लगाया जाएगा। शिविर दो दिवसीय होगा और जून के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कोई उपयुक्त स्थान ढूंढने के साथ साथ तारीख तय करने पर भी विचार विमर्श का दौर चल रहा है। हालांकि यह शिविर प्रदेश स्तर का होगा, लेकिन इसमें राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा होगी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) का प्रतिनिधित्व भी रहेगा। एआइसीसी के निदेर्शानुसार यह शिविर एक और दो जून को करने के निर्देश हैं। किन्तु सेवादल की आजादी गौरव यात्रा की वजह से इसे या तो दो और तीन जून को आयोजित किया जाएगा या फिर तीन व चार जून को। इस शिविर में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व पार्षद, जिला एवं ब्लाक अध्यक्ष इत्यादि तकरीबन 500 के आसपास नेता- कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी रहने का अनुमान है। बताया जाता है कि इस शिविर में उदयपुर शिविर में लिए गए तमाम निर्णयों पर तो चर्चा होगी ही, दिल्ली की सियासत, जन समस्याओं, यहां के प्रमुख मुददों एवं अपना खोया जनाधार वापस लौटाने सहित विभिन्न मसलों पर भी विचार विमर्श होगा। भविष्य का एक रोडमैप तैयार किया जाएगा। प्रयास किया जाएगा कि शिविर में जो भी लोग अपनी बात रखना चाहें, उन्हें इसका मौका दिया जाए। खास बात यह कि शिविर में विभिन्न श्रेणियों के तहत ज्यादातर असंतुष्ट नेताओं को भी शामिल किया जाएगा। पार्टी पदाधिकारियों के मुताबिक इस शिविर का आयोजन करने के लिए कोई उपयुक्त स्थल खोजा जा रहा है। प्रतिभागियों को दोनों दिन वहीं रहना होगा या घर जाने की आजादी होगी, इस पर भी मंथन चल रहा है। मालूम हो कि प्रदेश कांग्रेस के स्तर पर पहली बार इस तरह का कोई शिविर आयोजित किया जा रहा है जो लगातार एक से अधिक दिन तक चलेगा। अनिल चौधरी (अध्यक्ष, दिल्ली कांग्रेस) का कहना है कि दिल्ली के दो दिवसीय शिविर की रूपरेखा लगभग तैयार है। स्थान व तारीख भी जल्द फाइनल हो जाएंगे। उम्मीद है कि दिल्ली में कांग्रेस की मजबूती के लिए यह शिविर काफी मददगार साबित होगा।

# दिल्ली जल बोर्ड ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लिखा पत्र

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली जल बोर्ड ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखा है। इसमें मांग की है कि दिल्ली के साथ भाजपा शासित राज्यों में भी दूषित पानी की जांच की जाए। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से निवेदन है कि पानी की जांच में गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को भी शामिल करें। गुजरात के प्रमुख शहरों अहमदाबाद, पालनपुर, मेहसाणा, पाटन, बनासकांठा, साबरकांठा सहित अन्य बड़े-बड़े शहरों के अंदर पानी की बहुत भीषण स्थिति है। हिमाचल प्रदेश के अंदर भूजल और नदियों का पानी इतना ज्यादा प्रदूषित हो चुका है कि कोर्ट ने मुख्य सचिव को बुलाकर फटकार लगाई है। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड, मिजार्पुर, महोबा, सोनभद्र, गाजियाबाद, फिरोजाबाद आदि शहरों मे पानी की किल्लत है, सीवर का पानी पीने के लिए लोग मजबूर हैं। मध्य प्रदेश के शहरों में गंदा पानी पीने से लोगों को पीलिया, टाइफाइड और लीवर से संबंधित रोगों की शिकायत आ रही है। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष और विधायक सौरभ भारद्वाज ने आज महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखा था। दिल्ली में गंदे पानी की समस्या को लेकर उन्होंने मांग की थी कि गंदे पानी की जांच की जाए। हमें यह जानकर बड़ा दुख हुआ कि गजेंद्र सिंह शेखावत पूरे देश के केंद्रीय जलशक्ति मंत्री हैं। सिर्फ दिल्ली वालों पर इतना ध्यान देंगे तो बाकी राज्यों के लोगों का दिल टूटेगा कि पूरे देश के मंत्री केवल दिल्ली की चिंता क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी तरफ से उनको पत्र लिखा गया है जिसके अंदर कहा है कि गुजरात भाजपा शासित है। उसके अंदर पानी की बहुत ज्यादा किल्लत है। यह बात कोई विपक्षी दल नहीं कह रहा है बल्कि भाजपा के पाटन सांसद भरत सिंह और बनासकांठा से सांसद परबतभाई पटेल ने यह बात बार-बार गुजरात के अंदर उठाई है कि वहां पर पानी की बहुत कमी है। कुछ दिनों पहले गुजरात के गांधीनगर में 554 लोग जहरीला पानी पीकर बीमार पड़े। उससे कुछ दिन पहले कच्छ में 50 से ज्यादा विद्यार्थियों ने अपने हॉस्टल का पानी पिया और काफी बीमार हुए। इतने बीमार हुए कि 50 से ज्यादा लोगों को कच्छ के अस्पताल के अंदर भर्ती कराना पड़ा।

### बस क्लिक करते ही खाते से निकल गए एक लाख 97 हजार रुपये

नई दिल्ली। मोबाइल फोन पर अगर कोई भी अंजान लिंक व मैसेज देखें तो सावधान हो जाए। हो सकता है कि एक क्लिक करते ही अपने बैंक से हजारों लाखों रुपये निकल जाए। रोहिणी जिले के साइबर थाने में एक ऐसा ही एक मामला दर्ज हुआ है। पुलिस पीड़ित से बैंक खाते आदी की जानकारी लेकर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सेवानिवृत्त राजीव कुमार परिवार के साथ सेक्टर-13 रोहिणी इलाके में रहते हैं। वह एमटीएनएल विभाग से रिटायर्ड हैं। राजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिछले महीने उनके फोन पर एक मैसेज आया था। जिसमें बताया गया कि उनका खाता ब्लॉक हो जाएगा,ऐसा नहीं हो इसके लिये अपना पैन कार्ड अपडेट कर लिजिए। जिसके लिये मैसेज में एक लिंक दिया हुआ था। लिंक को क्लिक किया। एसबीआई की साइड खुली हुई थी। जिसपर उसने यूजर्स आईडी और पासवर्ड डाल दिया। अचानक उसका फोन हेंग हो गया। बाद में पता चला कि खाते से एक लाख 97 हजार रुपये निकल गए हैं। तुरंत उन्होंने बैंक अधिकारियों से संपर्क कर उनको मामले की जानकारी दी और खाते को ब्लॉक करवा दिया।

# दिल्ली में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- कुलमिलाकर पूरा सप्ताह ही भीषण गर्मी से राहत के साथ बीतने जा रहा है
- मध्यम से खराब श्रेणी में रही दिल्ली एनसीआर की हवा बृहस्पतिवार को भी दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता मध्यम से खराब श्रेणी में बनी रही

दिल्ली-एनसीआर के लोगों के सप्ताह की शुरूआत सोमवार को आंधी और फिर झमाझम बारिश के साथ हुई थी, जिसका असर अब तक कायम है। लोगों को भीषण गर्म और लू से राहत मिली हुई है। इस राहत के अगले कुछ दिनों तक और जारी रहने के आसार है। इस बीच शुक्रवार को राजधानी का मौसम फिर करवट ले सकता है। दिन भर बादल छाए रहेंगे। शाम को हल्की बारिश भी होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के आसमान में शुक्रवार को बादल छाए रहेंगे। दोपहर या शाम के समय हल्की बारिश भी हो सकती है। इस दौरान अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 39 और 24 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। यह भी पूर्वानुमान है कि रविवार तक दिल्ली का तापमान 40 डिग्री से ऊपर नहीं जाएगा। कुलमिलाकर पूरा सप्ताह ही भीषण गर्मी से राहत के साथ बीतने जा रहा है। इस बीच सोमवार सुबह हुई बारिश का असर अब तक और दिल्ली-एनसीआर में गर्मी के तेवर अभी भी नरम ही चल रहे हैं। इससे पहले बृहस्पतिवार को भी दिल्ली का अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। दिल्ली का अधिकतम तापमान बृहस्पतिवार को सामान्य से चार डिग्री कम 36.7 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 22.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। हवा में नमी का स्तर 90 से 36 प्रतिशत रहा। मध्यम से खराब श्रेणी में रही दिल्ली एनसीआर की हवा बृहस्पतिवार को भी दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता मध्यम से खराब श्रेणी में बनी रही। सफर इंडिया का कहना है कि अभी एक दो दिन और इसमें अधिक बदलाव नहीं होगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक बृहस्पतिवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स 199 रहा। एनसीआर के शहरों में फरीदाबाद का एयर इंडेक्स 190, गाजियाबाद का 225, ग्रेटर नोएडा का 200, गुरुग्राम का 180 और नोएडा का 185 दर्ज किया गया।

## मनोहर लाल एनसीआर में शामिल जिलों को सरकार 24 घंटे उपलब्ध कराएगी बिजली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

एनसीआर में शामिल हरियाणा के जिलों में मनोहर सरकार 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराएगी। ताकि इन जिलों में उद्यमियों को अपने मौजूदा डीजल जनरेटर सेट को पर्यावरण अनुकूल वैकल्पिक ईंधन पर नहीं ले जाना पड़े। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को आश्र्वस्त किया कि सरकार निर्विघ्न 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने के लिए कृतसंकल्प है। इस बार कोयले की कमी से हुई बिजली की कमी के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए बिजली विभाग आगे की तैयारी में जुटा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार फरीदाबाद के उद्यमियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। इस दौरान फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पर्यावरण पैनल के चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल ने सीएम के समक्ष डीजल जनरेटर सेट को गैस आधारित ईंधन पर बदलाव संबंधी मुद्दा उठाया। अग्रवाल का कहना था कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर डीजल जनरेटर सेट को अब गैस ईंधन पर बदलवाना काफी मुश्किल हो रहा है। इस बदलाव के बावजूद यह भी संदेह बना हुआ है कि इन्हें चलाने के लिए गैस भी उपलब्ध होगी या नहीं। नरेंद्र अग्रवाल ने सुझाव दिया कि इससे बेहतर तो यह रहेगा कि सरकार उद्योगों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराए और जो खर्च उद्यमी या सरकार जनरेटर सेट को पर्यावरण अनुकूल ईंधन पर बदलने के लिए करे, उससे बिजली आपूर्ति के संसाधनों को विकसित किया जाए।

# शपथ लेते ही सड़क पर उतरे दिल्ली के नए एलजी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना शपथ लेते ही राजधानी की सड़कों पर उतर गए। उन्होंने दोपहर बाद कनाट प्लेस से हवाई अड्डे तक के क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहर के बुनियादी ढांचे के उन्नयन और सौंदर्यीकरण के लिए विभिन्न सरकारी एजेंसियों एवं शहरी स्थानीय निकायों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। इन इलाकों का किया दौरा सक्सेना के साथ मुख्य सचिव नरेश कुमार, दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, नगर निगम आयुक्त अश्विनी कुमार एवं अन्य संबंधित विभागों / एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने सरदार पटेल मार्ग, धौला कुआं, महिपालपुर, मेहराम नगर और मंडी हाउस जैसे अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। वैश्विक शहर बनाने की पहल उपराज्यपाल ने सरकार और नागरिकों के प्रभावी सहयोग के साथ दिल्ली को एक वैश्विक शहर के रूप में बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सड़क, फुटपाथ, स्ट्रीट लाइट, साइनेज सहित शहर के बुनियादी ढांचे में समरूपता सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए फूल लगा कर बागवानी में सुधार पर दिया जोर उन्होंने चौतरफा साफ-सफाई, नालों की समय पर सफाई, सड़कों के किनारों को हरा-भरा बनाने और केंद्रीय घाटों के रखरखाव पर जोर दिया। उन्होंने सभी मौसमों में उपयुक्त फूलों के पौधे लगाकर क्षेत्र के बागवानी सुधार पर विशेष जोर दिया और सौंदर्यपूर्ण भूनिर्माण जिसमें स्टेप गार्डन और पानी के फव्वारे आदि शामिल हैं। ठोस और व्यापक कार्य योजना का दिया निर्देश सूखे हिस्सों को हरा-भरा करने के उद्देश्य से पुनर्नवीनीकरण नालों के पानी के उपयोग पर जोर देते हुए उपराज्यपाल ने स्वच्छता और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए कचरे के पूर्ण संग्रह व निपटान पर भी जोर दिया। इस सबके के संबंध में उन्होंने अधिकारियों को अंतर-विभागीय / एजेंसी समन्वय के माध्यम से निश्चित समय सीमा के साथ एक ठोस और व्यापक कार्य योजना के साथ आने का निर्देश दिया।

### टैक्सी ने बाइक में टक्कर मारी, महिला की मौत, चालक घायल

नई दिल्ली। बाहरी जिले के मंगोलपुरी इलाके में टैक्सी ने एक बाइक सवार महिला को रौंद दिया। हादसे के बाद चालक टैक्सी समेत फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर टैक्सी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस ने हादसे वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक महिला की पहचान श्वेता के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ सेक्टर-20 रोहिणी इलाके में रहती थी। वह पीतमपुरा स्थित आर जी स्टोन अस्पताल में कार्यरत थी। उसी के साथ काम करने वाले विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि रात आठ बजे उसकी ड्यूटी खत्म हुई थी। वह श्वेता को उसके घर पर छोडे के लिये बाइक से निकला था। जब वह आउटर रिंग रोड से वेस्ट एंक्लेव लाल बत्ती से आगे झुग्गियों के पास स्पेशल स्टॉफ मंगोलपुरी से थोड़ा आगे पहुंचा। अचानक पीछे से सफेद रंग की टैक्सी ने उसकी बाइक पर टक्कर मार दी। दोनों बाइक समेत काफी दूरी तक घसीटते हुए गए।

सूचना | स्थापत्य का खतरा भी बना रहा और एक विश्वविद्यालय इतिहास भी रचता रहा

# दिल्ली विश्वविद्यालय की स्वर्णिम गाथा सुनाएगी काफी टेबल बुक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली विश्वविद्यालय सौ साल का हो चुका है। इस सफर का जश्न पूरे साल मनाया जाएगा। वर्ष पर्यंत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अपने स्वर्णिम सफर को दस्तावेजों में संरक्षित भी कर रहा है, जल्द ही काफी टेबल बुक के रूप में ये सफर आपके सामने होगा। सफर बहुत दिलचस्प भी है। स्थापत्य का खतरा भी बना रहा और एक विश्वविद्यालय इतिहास भी रचता रहा, औरों के लिए नजीर भी पेश करता रहा। शुरूआती दौर की चुनौतियों को पार कर 1922 से एक स्थाई ठौर की तलाश हुई तो वह भी बेहद दिलचस्प थी। जब लुटियन नई दिल्ली की योजना बना रहे थे तो विश्वविद्यालय के लिए वर्तमान कस्तुरबा गांधी मार्ग के पास जगह चिह्नित की थी। दिल्ली थ्रू द एज पुस्तक में प्रो. अपर्णा बसु लिखती हैं कि पुरानी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में किराए के मकान में विश्वविद्यालय चला। सन 1922 से 1924 तक यह कश्मीरी गेट स्थित रिट्ज सिनेमा भवन से संचालित हुआ। इस इमारत में काफी छोटा हिस्सा दिया गया था, जबकि इसका मुख्य प्रशासनिक कार्य अंडरहिल हाउस से होता था। अक्टूबर 1924 में विश्वविद्यालय अलीपुर रोड स्थित कर्जन हाउस में आ गया। वर्ष 1924 में विधि संकाय शुरू हुआ। 1926 में सेंट्रल लेजिस्टलेटिव असेंबली बिल्डिंग का एक हिस्सा मासिक किराए 350 रुपये पर दिया गया। इस दौरान डीयू ने एक साइट कमेटी भी गठित की। जिसे कश्मीरी गेट इलाके में आवासीय विकल्प तलाशने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। 1927 में डीयू वायस रीगल लाज में शिफ्ट हुआ। प्रो. अपर्णा बसु लिखती हैं कि यहां एक समस्या थी। इसी भवन में 1912 में लार्ड हार्डिंग पर बम फेंके जाने के मामलों की जांच के लिए गठित कमेटी का भी कार्यालय था। आठ अप्रैल, वर्ष 1929 को भगत ङ्क्षसह और बीके दत्त ने दिल्ली में केंद्रीय विधानसभा में बम फेंका था और वह गिरफ्तार कर लिए गए। 1933 में वायस रीगल लाज 3,480 रुपये किराए पर डीयू को दिया गया। डीयू का कार्यालय और लाइब्रेरी पहले पहल यहां शिफ्ट किया गया। डीयू दस्तावेजों की मानें तो पहले वायस रीगल लाज का इतिहास काफी पुराना है। ब्रिटिश कंटोनमेंट का हिस्सा रहा, फिर सर्किट हाउस बना। वायसराय का आवास भी रहा। यहीं 1931 में गांधी-इरविन की बैठक हुई थी। वायस रीगल लाज में एक प्रेम कहानी भी खूब चर्चा में रही। एडविना एशले अपनी मौसी के साथ यहां आती रहती थी। इसी दौरान लेफ्टिनेंट लुई माउंटबेटन से दिल लगा बैठी। लाज के जिस कमरे में आज कुलसचिव का कार्यालय है, कभी उसी कमरे में माउंटबेटन ने एडविना को शादी का प्रस्ताव दिया था। तब किसी को नहीं पता था कि लार्ड माउंटबेटन वायसराय (1947) और एडविना भारत की प्रथम महिला होंगी। शरणार्थियों के लिए बदले नियम अब आते हैं आजादी के बाद का दौर...1947 में देश आजाद हुआ। दिल्ली विभाजन की विभीषिका झेल रही थी। बड़ी संख्या में शरणार्थी दिल्ली आए थे। डीयू ने हालात को देखते हुए दाखिला नियमों में बदलाव किया, शरणार्थियों को दाखिला दिया गया। रामजस कालेज पहला ऐसा कालेज था जिसने दो पाली में कक्षाएं प्रारंभ की, ताकि छात्रों को एडजस्ट किया जा सके।

# आप भी तो नहीं खा रहे नकली नमक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दादरी कोतवाली क्षेत्र से पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नकली नमक तैयार करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर साठ हजार किलोग्राम नकली नमक बरामद किया गया है। आरोपितों की पहचान मुकेश कंसल निवासी दादरी व शाकिर हुसैन निवासी बरेली के रूप में हुई है। फैक्ट्री से भारी मात्रा में नामी ब्रांड नमक के खाली रैपर भी बरामद किए गए हैं। पुलिस को चकमा देकर एक आरोपित मौके से भाग निकला। पकड़े गए आरोपितों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। वहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। दादरी कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दादरी नगर में नकली नमक को ब्रांड कंपनियों के खाली रैपरों मे पैक कर बेचने का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार सुबह जारचा रोड स्थित नकली नमक तैयार करने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी की गई। मौके से बीस हजार से अधिक रैपर मिले। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ करने पर पता चला है कि पिछले तीन महीने से फैक्ट्री संचालित कर नकली नमक बनाने का धंधा किया जा रहा था। ज्यादातर नकली नमक की सप्लाई उत्तराखंड व लखनऊ भेजी जाती थी। नमक की सप्लाई भेजने के लिए आरोपितों ने एक ट्रक भी रखा हुआ था। कंपनी के साथ धोखाधड़ी करते हुए टाटा साल्ट कन्ज्यूमर के रजिस्टर्ड ब्रांड के नकली रैपरों में सादा नमक भरकर बाजार में बेचा जा रहा था। नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा में तैनात दिल्ली पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर ने नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसे एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हालांकि अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि 59 वर्षीय एसआइ ने आखिर आत्महत्या का प्रयास क्यों किया। एसआइ वसंत विहार स्थित पुलिस कालोनी में रहता है।

क्लासिफाइड

सार्वजनिक सूचना

मैं श्रीमति विद्या देवी (आधार नंबर 4859 12501650) पत्नी स्व. रनबीर सिंह निवासी वार्ड नंबर 13, गांव भौंडसी, तहसील सोहना जिला गुरुग्राम बयान करती हूं कि मेरा बड़ा पुत्र महेश व उसकी पत्नी सुमन मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। मेरी किसी संपत्ति से मेरे पुत्र महेश व उसकी पत्नी सुमन का कोई लेना-देना नहीं रहेगा। भविष्य में ये दोनों कोई नैतिक-अनैतिक कार्य करते हैं तो उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# जीएसटी कार्यालय के सामने हवन के साथ चार्टर अकाउंटेंट का धरना खत्म

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



यहां जीएसटी कार्यालय के सामने धरने पर बैठे चार्टर अकाउंटेंट ने हवन किया। सीबीआई जांच की उनकी ओर से लगातार मांग की जा रही है। शुक्रवार को भी वे इसी मांग पर अड़े रहे और जमकर नारेबाजी भी की। इसी के साथ उन्होंने धरना खत्म किया और आंदोलन जारी रखने की बात कही।बता दें कि 15 करोड़ के रिफंड मामले में कुछ दिन पहले 2 सीए को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जीएसटी विभाग ने सीए पर गलत सर्टिफिकेट बनाने का आरोप लगाया है। अपने साथियों को गलत फंसाने की बात कहकर कई दिनों से सीए जीएसटी दफ्तर के बाहर धरने पर है। उसका मानना है कि इस जीएसटी रिफंड कांड में जीएसटी अधिकारी मिले हुए हैं। सीए सत्यवान सिंह ने बताया कि सरकार ने इस मामले से जुड़े अधिकारियों को स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे सीए संतुष्ट नहीं है। उनका कहना है कि सीबीआई जांच की जाए। इस मामले में अधिकारी दोषी हैं और उन्हें सजा मिलनी चाहिए। एमएसएमई वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज वर्मा ने सीए के सदस्यों से बात की। सीबीआई जांच की मांग को लेकर शनिवार को जंतर-मंतर पर भी धरना दिया जाएगा।

दो का निलंबन, आयुक्त समेत तीन अधिकारियों का हो चुका तबादला फर्जी बिलों के आधार पर 15 करोड़ के रिफंड मामले में सीजीएसटी में दो अधिकारियों के निलंबन के बाद आयुक्त समेत तीन अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पांच अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के निर्देश पर इस मामले में पहले सीजीएसटी के उपायुक्त दिनेश बिश्नोई और अधीक्षक संजीव शर्मा को निलंबित किया गया था। सीजीएसटी आयुक्त मीनू कुमार का तबादला सिलीगुड़ी सीजीएसटी कार्यालय में अपील विभाग में किया गया है। उनके स्थान पर दिल्ली जोन के सीजीएसटी कार्यालय से पाल राजेंद्र लाकरा को आयुक्त लगाया गया है। अतिरिक्त आयुक्त अभिनव यादव को गुरुग्राम से भुवनेश्वर जोन में भेजा गया है। डीजीएचआरडी से आयुक्त दीपा श्रीवास्तव को गुरुग्राम में लगाया गया है। वहीं, गुरुग्राम से उपायुक्त अंकित अग्रवाल का लखनऊ जोन में तबादला किया गया है।

## ठोस कचरा प्रबंधन पर आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण

गुरुग्राम। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय हरियाणा द्वारा गुरूग्राम में ठोस कचरा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरूग्राम की मेयर मधु आजाद सहित नगर निगम गुरूग्राम, मानेसर एवं क्षेत्र की अन्य शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में आईआईटी रुडकी, नगर निगम भोपाल तथा गोवा के एक्सपर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों तथा उनके यहां अपनाई जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। गुरूग्राम की मेयर मधु आजाद ने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया तथा कचरे को अलग-अलग करने पर जोर दिया। नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त जयदीप कुमार ने मेयर, एक्सपर्ट तथा अधिकारियों को स्वागत किया तथा कहा कि आज के समय में ठोस कचरा प्रबंधन महत्वपूर्ण जरूरत है। हम सभी को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है तथा हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी भी है कि अपने यहां से निकलने वाले कचरे का सही तरीके से निष्पादन करें। प्रोफेसर डा. एए काजमी ने ठोस कचरा प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों एवं अपनाई जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# 29 मई को होने वाली केजरीवाल की रैली को लेकर पूरे हरियाणा में उत्साह : दीपक



गुरुग्राम , प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी हरियाणा की यूथ विंग के प्रदेश प्रवक्ता सुशान्त दोलताबाद ओर गौरव टाँक द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया हरियाणा की यूंथ विंग के प्रभारी दीपक जैन ने बताया कि पूरे हरियाणा में 29 मई को होने वाली अरविंद केजरीवाल की रैली को लेकर पूरे हरियाणा के युवाओं के अंदर बड़ा उत्साह है और इस रैली में लाखों की संख्या में युवा अरविंद केजरीवाल के विचारों को सुनने के लिए पहुंचेंगे अतः प्रदेश प्रवक्ता सुशांत दौलताबाद ने कहाँ कि यदि हरियाणा को बेरोजगारी मुक्त प्रदेश बनाना है तो आने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की सरकार बनानी होगी अन्यथा यह प्रदेश विश्व के मानचित्र पर बेरोजगारी के हिसाब से नंबर वन बन जाएगा व दक्षिण हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता गौरव टांक ने कहा कि सरकार द्वारा कौशल रोजगार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को लाकर सरकार कर्मचारियों के साथ अनदेखी कर रही है उनके रोजगार पर घात किया जा रहा है इससे सभी कर्मचारी वर्ग पूर्ण रूप से परेशान है और आने वाले समय में जब आम आदमी पार्टी की सरकार हरियाणा में बनेगी तो एक एक कर्मचारी को दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर पक्का करने का काम करेगी और उनके हक और अधिकार मान सम्मान के साथ उनको देने का काम करें दक्षिणी हरियाणा जोन अध्यक्ष यूथ विंग धीरज यादव ने कहा कि वह कुरुक्षेत्र में हो रहे विशाल रैली में हजारों युवाओं के साथ पहुंचने का काम करेंगे जिला उपाध्यक्ष चरण सिंह देवा ने हुकार भरते हुए कहा कि अबकी बार नगर परिषदों और नगर निगमों के जितने भी चुनाव होंगे उसमें आम आदमी पार्टी की झाड़ू का जादू चलेगा और सभी सीटों पर आम आदमी पार्टी पूर्ण रूप से बहुमत लेकर सभी निगमों और परिषदों में जीत हासिल करेगी जिला अध्यक्ष यूथ विंग गुडगांव रुस्तम चौहान बोले यदि हरियाणा प्रदेश में अब युवाओं की अनदेखी की गई तो सभी युवा सड़कों पर होगा और सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगा जिला उपाध्यक्ष यूथ विंग गुडगांव विशाल यादव,भूपेंद्र शर्मा रोहित कुमार, व अन्य सभी साथी मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर के साथ संपन्न हुआ फर्स्ट एडर का प्रशिक्षण शिविर

गुरुग्राम , प्रात : किरण संवाददाता



फर्स्ट एयडर्स एसोसिएशन हरियाणा की ओर से लोक प्रशासन संस्थान गुरुग्राम (हिपा) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में हरियाणा के लगभग सभी जिलों से आए हुए प्राथमिक सहायता प्रवक्ताओं और अन्य प्रशिक्षुओं ने रक्तदान किया। हिपा की सहायक निदेशक डा. सरिता सिंह ने सभी रक्त दाताओं को सम्मानित करते किया। फर्स्ट एडर एसोसिएशन हरियाणा की ओर से यहां हिपा में पांच दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतिम दिन रक्तदान शिविर लगाया गया। नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त लिया। डा. सरिता सिंह ने सभी प्रशिक्षण लेने वालों का आह्वान किया कि वे यहां पर लिए गए ज्ञान को अपने काम में पूरी तरह से उपयोग करें। रेडक्रॉस जनहित की सेवा का माध्यम है। किसी भी तरह से सेवा में पीछे ना रहें। उन्होंने यहां पर रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि वे भविष्य में भी इसी तरह से कार्य करते रहें। पांच दिवसीय फर्स्ट एड कैंप निदेशक डा. भुवन के नेतृत्व में लगाया गया। इस मौके पर हिपा की सहायक निदेशक डा. सरिता सिंह, श्यामा राजपूत गुरुग्राम के अलावा लेक्चरर विपिन अरोड़ा, नितिन पांचाल, रॉकी, अकाउंटेंट कुणाल मंगला, कविता सरकार, प्रवक्ता रोहताश कुमार फतेहाबाद, गुरु चरण सिंह सिरसा, प्रभाकर विक्रम सिंह कुरुक्षेत्र, डॉ. अजय कुमार शर्मा कैथल, मान सिंह अंबाला, राजेश यादव नारनौल मौजूद रहे।

# ट्यूलिप इंफ्राटेक गुरुग्राम में रूके प्रोजेक्ट को करेगा पूरा

गुरुग्राम , प्रात : किरण संवाददाता




ट्यूलिप मोनसेला, ट्यूलिप इंफ्राटेक का नया ड्रीम प्रोजेक्ट है और कंपनी इसे अब तेजी से पूरा करेगी ताकि इसके ग्राहकों को एक नया इंटरनेशनल लग्जरी लिविंग का अहसास मिले। इसके साथ ही ये प्रोजेक्ट अब विपुल के आरोहन रेजीडेंसी के ग्राहकों को भी उनके अपने घर का सपना पूरा करने का मौका देगा जो कि मूल कंपनी के डूब जाने के कारण अपने आप को अधर में फंसा महसूस कर रहे थे। ट्यूलिप इंफ्राटेक उन सभी मूल ग्राहकों को भी उनके अपार्टमेंट तैयार करके देगी, जो कि अभी तक इंतजार कर रहे थे।

यह परियोजना कई व्यथित घर खरीदारों को राहत देगी क्योंकि इसमें लगभग 270 अटके हुए घरों को पूरा करना शामिल है। अल्ट्रा-लक्जरी प्रोजेक्ट जिसमें कुल 1084 इकाइयां होंगी, मजबूत मांग देखी जा रही है क्योंकि डेवलपर ने बिक्री प्रक्रिया को फिर से शुरू कर दिया है ।कुल मिलाकर, ट्यूलिप इंफ्राटेक ने परियोजना को अल्ट्रा-हाई-एंड आवासीय परियोजना, और 2अत्याधुनिक वाणिज्यिक भवनों के रूप में पुनर्जीवित करने के लिए अगले 5 वर्षों में 3000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। दिसंबर २०२१ में परियोजना के हस्तांतरण के बाद से, परियोजना ने तेजी से प्रगति की है। ट्यूलिप इंफ्राटेक के सीएमडी प्रवीण जैन ने बताया कि उनको सभी प्राधिकरणों से जरूरी अनुमतियां प्राप्त हो गई हैं और वे इस प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही प्रोजेक्ट को पहले से भी अधिक लग्जरी और शानदार बनाया जा रहा है। मूल प्रोजेक्ट में कुछ बदलाव किए गए हैं और कमर्शियल स्पेस को भी पहले से बेहतर किया जा रहा है। इससे ये पूरा प्रोजेक्ट पहले से भी बेहतर स्वरूप में नजर आएगा और इसके निवासियों का एक गौरवपूर्ण नया पता होगा। हम इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द तैयार कर ग्राहकों को पजेशन प्रदान करेंगे ।विपुल लिमिटेड से ली गई परियोजना में प्रगति भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत करती है जो अटके हुए घरों और महामारी सहित कई मुद्दों से प्रभावित है। ट्यूलिप इंफ्राटेक समय पर पूरा होने और सपनों के घरों की डिलीवरी और देश में अटकी परियोजनाओं के मामले में तेजी से प्रगति करने के मामले में एक मशाल वाहक के रूप में सामने आता है।

## मोदी सरकार ने 8 साल में बदली भारत की तस्वीर : अनुराग बख्शी

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्प में 8 साल देश में व्यवस्था परिवर्तन और दुनिया में भारत की साख बढ़ाने के साथ साथ सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास जीतने का किया गया है। पार्टी के निर्देश अनुसार इस संदेश को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को अपने आवास व बूथ पर भाजपा हरियाणा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुराग बख्शी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान करना सूरज को दिया दिखने के समान है। इन आठ वर्षों में मोदी सरकार ने देश और दुनिया में भारत की तस्वीर को बदलने का काम किया है और विश्व पटल पर भारत की साख को नयी ऊँचाइयों पर पहुँचाने का काम किया है। परिणाम स्वरूप आज दुनिया के शीर्ष देशों का भी भारत की तरफ देखने का नजरिया बदल गया है। सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास जीतने के लक्ष्य को साधते मोदी ने सर्व स्पर्शी सर्व समावेशी सहभागिता को सुनीश्चित करने का कम किया है। उन्होंने कहा कि इतिहास को बदलने वाले असाधारण फैसले लेने में अदम्य साहस , सूझ बूझ और दूरदर्शिता का परिचय देते हुए मोदी ने देश की एकता और अखंडता को सुरक्षित करने के साथ साथ भारत को दुनिया की सबसे तेज गति से उभरती अर्थव्यवस्था बनाने का कम किया है।

# इनेलो सुप्रीमो को आय से अधिक संपत्ति मामले में अदालत ने सुनाई 4 साल की सजा

गुरुग्राम , प्रात : किरण संवाददाता



आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला को सीबीआई की विशेष अदालत ने जहां 4 साल व 50 रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है, वहीं गुडगांव, असोला, सिरसा व पंचकूला की 4 संपत्तियां सीज करने के आदेश भी दिए हैं। पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता तथा स्थानीय कानूनविद् पूर्व मुख्यमंत्री को अदालत द्वारा दी जाने वाली सजा की जानकारी लेने के लिए काफी उत्सुक दिखाई दिए। कानूनविदों का कहना है कि ओमप्रकाश चौटाला के अधिवक्ता द्वारा अदालत से आग्रह किया गया था कि उम्र व दिव्यांगता को देखते हुए चौटाला को कम सजा दी जाए। क्योंकि वह जहां 90 प्रतिशत तक दिव्यांग हैं, वहीं वह खुद कपड़े भी नहीं पहन पाते और कई बीमारियों से भी ग्रसित हैं। जेबीटी मामले में उन्होंने जेल में सजा काटी है। सजा के दौरान जेल में उनका अच्छा व्यवहार रहा है। उन्होंने जेल से ही 10वीं व 12वीं की परीक्षा पास की हैं। कानूनविदों का कहना है कि सरकार ने इन किसी भी तर्कों पर कोई विशेष गौर नहीं किया और उन्हें 4 साल की सजा सुना दी है। उधर इनेलो कार्यकर्ताओं का कहना है कि अदालत के फैसले की प्रति मिलने के बाद वह इस अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। गौरतलब है कि वर्ष 1993 से 2006 के बीच 7 बार विधायक रहे ओमप्रकाश चौटाला ने आय से दोगुनी संपत्ति अर्जित की थी और उनके खिलाफ वर्ष 2006 में केस दर्ज किया गया था। वर्ष 2019 में ईडी ने मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत नई दिल्ली, पंचकूला, सिरसा में उनके फ्लेट, भूखंडों सहित 3.68 करोड़ की संपत्ति अटैच की थी। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने गत 21 मई को ओमप्रकाश चौटाला को दोषी करार देते हुए उनकी सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जो अदालत ने शुक्रवार को सुना दिया।

# गुरुग्राम में ऐतिहासिक होगी मुख्यमंत्री की प्रगति रैली: सुधीर सिंगला

गुरुग्राम , प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार 29 मई 2022 को गुरुग्राम में होने वाली मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रगति रैली के लिए गुरुग्राम के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 से लेकर इस साल की शुरूआत तक हम सब कोरोना से जूझ रहे थे, लेकिन अब हमें प्रगति के पथ पर तेजी से बढना है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति रैली ऐतिहासिक होगी और इसमें गुरुग्राम विधानसभा से हजारों लोग शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम जिला कोर्ट के सामने पार्किंग स्थल पर यह रैली होगी। रैली शुरू होने का समय सायं 5 बजे का है। यह रैली जिला स्तर की होगी। यानी गुरुग्राम की चारों विधानसभाओं गुरुग्राम, पटौदी, बादशाहपुर और सोहना विधानसभा से लोग यहां पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि रैली की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उनके साथ गुरुग्राम प्रभारी एवं पलवल के विधायक दीपक मंगला, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, बादशाहपुर के विधायक राकेश जांघू, मनीष यादव, संदीप गाड़ौली समेत कई पार्टी नेता पहुंचे।

विधायक सुधीर सिंगला ने इस रैली को लेकर सेक्टर-52 स्थित वजीराबाद कम्युनिटी सेंटर में वजीराबाद व आसपास के लोगों के साथ मुलाकात की। उन्होंने आगामी 29 तारीख को होने वाली हरियाणा प्रगति रैली के लिए ग्रामीणों को न्यौता दिया। इस दौरान पार्षद मनीष वजीराबाद, अभिषेक गुलाटी मंडल अध्यक्ष, अशोक डबास मंडल महामंत्री, स्वाति टंडन महामंत्री, सिद्धार्थ सिद्धू मंडल सचिव, मोहित मंडल सचिव, कर्मवीर मंडल सचिव, विजय गुप्ता कोषाध्यक्ष, कुलदीप बोहरा पार्षद, हंसराज बोहरा, दीपचंद फौजी, राजपाल कालू, सूबेदार बलबीर सिंह, व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## छबील लगाकर वितरित किया मीठा शीतल जल

गुरुग्राम। खांडसा स्थित सब्जी मंडी के निकट क्षेत्र के समाजसेवियों ने मीठे शीतल पेयजल की छबील लगाकर आते-जाते राहगीरों को पेयजल उपलब्ध कराया। समाजसेवी महेंद्र, राजेश पटेल, शैलेंद्र आदि का कहना है कि भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराने का बीड़ा उन लोगों ने उठाया हुआ है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भी इस प्रकार की सेवा का आयोजन किया जाएगा। उनका कहना है कि राह चलते पैदल राहगीरों व वाहनों में सफर कर रहे लोगों को रोक-रोक कर मीठा व शीतल जल का सेवन कराया गया। उन्होंने अन्य संस्थाओं व समाजसेवियों से भी आग्रह किया है कि भीषण गर्मी में लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने का प्रयास करें। जल से बड़ा दान और कुछ भी नहीं है। इस आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी राजीव ठाकुर, राजू राज, सतपाल, भूपेंद्र, किशन, सचिन, नवल, जितेंद्र, शंभू आदि का सहयोग रहा।

# टोल प्लाजा पर डेडिकेटिड इमरजेंसी लेन नहीं हुई तो होगा केस दर्ज
## सड़क सुरक्षा उपाय करने के लिए समय सीमा की गई निर्धारित

गुरुग्राम , प्रात : किरण संवाददाता



टोल प्लाजा पर नॉर्म के अनुसार सुविधाएं जुटाने संबंधी पिछली बैठक में दिए गए आदेशों का फॉलोअप करते हुए उपायुक्त ने कहा है कि टोल प्लाजा पर यदि अलग से इमरजेंसी लेन नहीं बनाई गई तो धारा-188 के तहत पुलिस में केस दर्ज हो सकता है। उपायुक्त ने जिला में स्थित सभी टोल प्लाजा पर इसी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश संबंधित एसडीएम को देते हुए कहा है कि वे कन्सेसनेयर से पालना के बारे में लिखित जवाब मंगवाएं। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक में कही। जिला में सड़कों पर यात्रा जोखिम फ्री बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सड़क निर्माण व सड़क अभियांत्रिकी से जुड़े अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से काम करने की हिदायत दी। पिछली बैठक में सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियों को जिला में कुछ सड़कें चिन्हित करके उन्हें मॉडल सड़क के तौर पर विकसित करने की हिदायत दी गई थी, जिसके बारे में इस बैठक में उपायुक्त ने उन एजेंसियों से रिपोर्ट तलब की। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के अधिकारियों ने बताया कि जीएमडीए द्वारा चार सड़कों को मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें एमजी रोड का इफको चौक से वजीराबाद मेट्रो स्टेशन तक का हिस्सा शामिल है। जिसकी मुख्य सड़क को ठीक कर दिया गया है और अब उसके साथ साईकिल ट्रैक व फुटपाथ बनाने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार, श्याम चौक के पास सनाथ रोड को मॉडल सड़क बनाया जाएगा। सेक्टर-58 से सेक्टर 67 तक की रोड़ को मॉडल सड़क बनाने के लिए टेंडर कर दिए गए हैं। इसके अलावा शीतला माता रोड को भी मॉडल सड़क बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है ।नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों ने बताया कि निगम के सभी 35 वार्ड में प्रत्येक वार्ड में एक सड़क को मॉडल रोड के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए लगभग 17 करोड़ रूपए का अस्टीमेट तैयार किया गया है। बैठक में जिला में पडने वाले स्कूलों तथा अस्पतालों के निकट साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश भी जीएमडीए तथा नगर निगम को दिए गए। इन स्थानों पर हॉरन नहीं बजाने, वाहन की गति धीमी आदि करने संबंधी सुरक्षात्मक साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। जीएमडीए के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे साइन बोर्ड लगाने के लिए 265 बिंदुओं को चिन्हित किया गया है। उपायुक्त ने स्थान चिन्हित करने के लिए डीसीपी ट्रैफिक, उप-जिला शिक्षा अधिकारी, उप-सिविल सर्जन तथा जीएमडीए के प्रतिनिधि को शामिल कर एक समिति बनाने के आदेश दिए हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि





गुरुग्राम , प्रात : किरण संवाददाता

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की 58वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकताओं ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व चेयरमैन कुलराज कटारिया ने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु ने देश को आजाद कराने में जहां महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने के लिए उन्हें अहम कदम उठाए। पंडित जवाहरलाल नेहरू के निधन के 58 साल बाद भी उनके विचार राजनीति और राष्ट्र के लिए धष्टिकोण उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। उन्होंने कहा कि उन्हें हर बच्चा चाचा नेहरु के नाम से पुकारता था, क्योंकि उन्हें बच्चों से बड़ा लगाव था। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने प्रधामनमंत्री के तौर पर करीब 17 साल तक देश की कमान संभाली थी और 27 मई, 1964 को जवाहर लाल नेहरू ने अंतिम सांस ली थी। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों मे अमित भारद्वाज, निर्मल यादव, पूजा शर्मा, सुदेश यादव, अशोक भास्कर, धर्मेंद्र मिश्रा, मनीष गौड़, रविराज उन्नीवाल आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर न्यू कालोनी मोड स्थित कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार टूलर ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर दिनेश शर्मा, मुकेश सोलंकी, अजय उर्फ टीनू पंडित, विनोद शर्मा, सोनू शर्मा, परीक्षित, बिट्टू कुमार, राकेश कटारिया, सुभाष सौदा आदि मौजूद रहे।

## संस्था के प्रतिनिधि ने की सीआईडी के डीएसपी से मुलाकात, भेंट की महापुरुषों की फोटो




गुरुग्राम , प्रात : किरण संवाददाता

सामाजिक संस्था शहीद यादगार मंच के प्रदेश अध्यक्ष, कादीपुर इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष व राष्ट्रीय परशुराम परिषद जिला अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा और ऑल इंडिया मेन पावर कॉन्टैक्टर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद ने आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के अवसर पर सीएम फ्लाइंग ऑफिसर सीआईडी के डीएसपी राजेश से फरीदाबाद स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की और आजादी आंदोलन के महापुरुषों की फोटो स्मृति चिन्ह के रूप में उनको दी। अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा ने बताया कि शहीद यादगार मंच का यही उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक और अच्छे अफसरों व सरकारी कार्यालयों में इन महापुरुषों की फोटो जाए ताकि लोग इनके बारे में जान सकें जिनकी वजह से आज हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आजादी की इस खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

# छात्राओं को ब्यूटी एंड फैशन व छात्रों को प्लंबिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिशियन के दिए टूल किट

गुरुग्राम , प्रात : किरण संवाददाता



10वीं, 12वीं कक्षा की पढ़ाई के साथ-साथ प्रोफेशनल कोर्स करके विद्यार्थी कमाने लायक बन जाएं, इस उद्देश्य से कादरपुर गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को टूल किट वितरित किए गए। छात्राओं का जहां ब्यूटी एंड फैशन से संबंधित सामान दिया गया, वहीं छात्रों को प्लंबिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिशियन के सामान के टूल किए दिए गए।

कादरपुर स्कूल की प्रिंसिपल पूनम बिश्नोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने उनका भविष्य संवारने के उद्देश्य यह योजना तैयार की है, जिसके तहत स्कूलों में प्रोफेशनल कोर्स विद्यार्थियों को कराए जा रहे हैं। 10वीं से लेकर 12वीं तक पढने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ आईटीआई की ट्रेनिंग भी दी जाएगी, ताकि वे स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपना काम भी कर सकें। किसी कारणवश अगर कोई विद्यार्थी अपनी पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ हो तो वह अपना काम शुरू करके आजीविका कमा सकता है। स्कूल से पास आउट होते ही वह अपना काम कर सकता है। यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद वह एक दिन भी बेरोजगार नहीं रह सकता। वह अपना काम करे या कहीं पर नौकरी करे, उसके लिए दोनों रास्ते खुले रहेंगे। प्रिंसिपल पूनम बिश्नोई ने कहा कि विद्यार्थियों को इस योजना का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाना चाहिए। टूल किट वितरण समारोह में स्कूल के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले रिटायर्ड कैप्टन प्रताप सिंह, स्कूल के अध्यापक मोहन व लड़कियों को ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण देने वाली शिक्षिका सहित अन्य स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।

सम्पादकीय

# अमेरिका की बंदूक संस्कृति

अमेरिका के टेक्सास में एक किशोर द्वारा की गई गोलीबारी में 19 बच्चों व दो शिक्षिकाओं की हत्या से पूरा अमेरिका स्तब्ध है। घटना से दस दिन पहले भी एक किशोर ने न्यूयॉर्क की एक दुकान में दस लोगों की हत्या कर दी थी। हालिया घटना वर्ष 2012 में सैंडी हुक एलीमेंट्री स्कूल में बीस बच्चों व शिक्षकों समेत 26 लोगों की हत्या के बाद अमेरिकी स्कूलों में गोलीबारी की दूसरी बड़ी घटना है। उसी साल एक श्वेत वर्चस्ववादी ने विस्कॉन्सिन गुरुद्वारे में छह सिखों की हत्या भी कर दी थी। स्थिति कितनी भयावह है कि पिछले साल अमेरिका के स्कूलों में गोलीबारी की 26 घटनाएं हुई। विडंबना यह है कि कोरोना संकट के बाद उपजे हालात में गोलीबारी की घटनाओं में दो गुना इजाफा हुआ है। घटना के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का जैसा हताशाभरा बयान आया है, वह अमेरिकी समाज की विसंगतियों को ही उजागर करता है। अमेरिका की व्यवस्था में बंदूक लॉबी के वर्चस्व का पता इस बात से चलता है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति के मुखिया को कहना पड़ रहा है कि हम बंदूक लॉबी के खिलाफ मजबूती से कब खड़े होंगे। निस्संदेह, अमेरिकियों का बंदूक मोह भस्मासुर बनकर उन्हें ही स्वाह करने लगा है। बंदूक संस्कृति पर रोक लगाने के लिये सख्त कानून बनाने की हर कोशिश को गन लॉबी विफल कर देती है। बाकायदा मोटा चंदा राजनीतिक दलों को देकर वे मनमानी कर रहे हैं। यद्यपि हर अमेरिकी के पास बंदूक है लेकिन यह संस्कृति अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित महसूस करवाने में विफल रही है। बताया जाता है कि सौ अमेरिकियों के पास 112 बंदूकें हैं। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 1968 से वर्ष 2017 के बीच पंद्रह लाख लोगों की जान बंदूकों से गई है। अमेरिका में सीडीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 में 45 हजार लोग बंदूकों की वजह से मारे गये। इसमें आधी आत्महत्याएं हैं। बहरहाल, हालिया घटनाओं के बाद अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं।

बहरहाल, अमेरिका के स्कूलों में गोलीबारी की घटनाएं समाज को आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत बता रही हैं। इसके लिये मानसिक स्वास्थ्य के अध्ययन की भी जरूरत है। अमेरिकी समाज को सोचना होगा कि आलू-प्याज की तरह बंदूकों की खरीद-फरोख्त कब तक चलेगी। सवाल यह कि स्कूल ही गोलाबारी के निशाने पर क्यों हैं। आखिर टेक्सास में सात से दस वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को निशाना बनाकर हमलावर क्या हासिल करना चाह रहा था। बंदूक संस्कृति की आंच हमलावरों के घरों को भी लीलती है। इस हमलावर ने स्कूल पहुंचने से पहले अपनी दादी को गोली मारी थी। निस्संदेह, इन घटनाओं के मूल में सामाजिक विसंगतियां भी हैं। रंगभेद से ग्रसित अमेरिकी समाज आर्थिक विषमता व पारिवारिक बिखराव की त्रासदी भी झेल रहा है। बताते हैं टेक्सास का हमलावर गरीब परिवार का था और उसके सहपाठी उसकी गरीबी व कपड़ों का मजाक बनाया करते थे। कोरोना संकट के बाद समाज में गरीबी, असमानता और अपनों को खोने की टीस से किशोरों में आक्रोश बढ़ा है। लेकिन अमेरिकी समाज को सोचना होगा कि इस महामारी का असर तो पूरी दुनिया पर है फिर अमेरिका में ही गोलीबारी की घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं। जाहिर है अमेरिकी समाज में कुछ ऐसा घट रहा है जिसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। अमेरिका की नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्कूल साइकोलॉजिस्ट के विशेषज्ञ कह रहे हैं कि किशोरों के हिंसक होने के मूल में अन्य कारकों के अलावा हिंसा दिखाने वाले कार्यक्रम हैं, जिनके वे आदी हो चुके हैं। युवा हिंसा वाले वीडियो खेलते हैं, फिल्में देखते हैं और हिंसक हो जाते हैं। कई बार पारिवारिक विघटन से भी वे खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। कुछ युवाओं को लगता है कि उन्हें नकारा जा रहा है। कई बच्चे वे भी हैं जो कई तरह की सामाजिक हिंसा का शिकार हुए हैं। इसमें बुलीइंग का शिकार बच्चे भी शामिल हैं। चिंता की बात यह है कि भारत में भी बच्चे मोबाइल और कंप्यूटर पर इन वीडियो गेमों के आदी होते जा रहे हैं। भारतीय समाज में भी इस आसन्न खतरे पर गंभीर विमर्श होना चाहिए।

# जीएसटी पर फैसले से संतुलन बहाल !

अजीत द्विवेदी

सुप्रीम कोर्ट ने वस्तु व सेवा कर यानी जीएसटी की मौजूदा व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। हालांकि देश में चल रहे मंदिर-मस्जिद के विवाद में यह फैसला दब गया और इसके असर को लेकर ज्यादा चर्चा नहीं हुई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का फैसला बहुत दूरगामी असर वाला है। सर्वोच्च अदालत ने ह्यवन नेशन, वन टैक्सह्ल के पूरे सिद्धांत को प्रभावित करने वाला फैसला दिया है। उसने कहा है कि जीएसटी की दर तय करने से लेकर वस्तुओं व सेवाओं को अलग अलग स्लैब में डालने का फैसला करने वाली जीएसटी कौंसिल का कोई भी फैसला बाध्यकारी नहीं है। वह सिफारिश करेगी और समझा-बूझा कर केंद्र व राज्यों को उसे लागू करने के लिए तैयार करेगी। अब तक यह धारणा थी कि जीएसटी कौंसिल का फैसला अंतिम है और उसे केंद्र व राज्यों को मानना ही होगा। लेकिन असल में ऐसा पहले भी नहीं था। तभी सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद केंद्रीय राजस्व सचिव ने कहा कि सर्वोच्च अदालत ने सिर्फ वास्तविक स्थिति बताई है और इसका जमीनी स्थिति पर कोई असर नहीं होगा।

यह केंद्र सरकार या उसके राजस्व सचिव की सदिच्छा होगी कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से कुछ नहीं बदलेगा लेकिन असल में इससे बहुत कुछ बदलेगा। अगर कुछ नहीं बदलना होता तो विपक्ष के शासन वाले राज्य सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इतना बढ़-चढ़ कर स्वागत नहीं करते। भाजपा शासित राज्यों ने चुप्पी साधे रखी लेकिन विपक्षी शासन वाले राज्यों ने इसका स्वागत किया। उनको अब मौका मिल गया है कि वे राजस्व के नुकसान की भरपाई की मौजूदा व्यवस्था को कुछ समय और जारी रखने का दबाव बना सकें। ध्यान रहे जीएसटी की वसूली अनुमान से कम होने पर राज्यों को मुआवजा देने का जो प्रावधान है वह इस साल खत्म हो रहा है। वह प्रावधान पांच साल के लिए था और इस साल जून में जीएसटी के पांच साल पूरे होते ही वह व्यवस्था समाप्त हो जाएगा। लेकिन कई राज्य सरकारें इसे बढ़ाना चाहती हैं। उनका कहना है कि कोरोना वायरस की महामारी में पिछले दो साल में राजस्व का बड़ा नुकसान हुआ है और इसलिए केंद्र सरकार इसे आगे बढ़ाए। विपक्षी शासन वाले राज्य मुआवजे के प्रावधान को दो से पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

जीएसटी कौंसिल में बहुमत से फैसला होता है लेकिन मौजूदा संरचना में विपक्षी राज्य कमजोर पड़ जाते हैं। जीएसटी कौंसिल के बहुमत में एक-तिहाई अकेले केंद्र सरकार का है और बाकी दो-तिहाई में सभी राज्यों का बराबर हिस्सा है। इस दो-तिहाई में से आधे भी केंद्र के साथ चले जाते हैं तो बहुमत का फैसला उसके पक्ष में हो जाता है। ध्यान रहे ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकार है या उसकी घोषित व अघोषित सहयोगी पार्टियों की सरकार है। हालांकि उन राज्य सरकारों को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है या मुआवजे की व्यवस्था समाप्त होना उनके लिए भी चिंता की बात है लेकिन राजनीतिक मजबूरी में वे खुल कर इस व्यवस्था को जारी रखने की मांग का समर्थन नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि मुआवजे की रकम जुटाने के लिए लगाया गया उपकर 2026 तक बढ़ा दिया गया है लेकिन ऐसा मुआवजा चुकाने के लिए जुटाए गए कर्ज के ब्याज की भरपाई और कर्ज की रकम लौटाने के लिए किया गया है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहला बदलाव तो यह हुआ है कि इस मामले में अब राज्यों की मोलभाव की ताकत बढ़ गई है।

हो सकता है कि यह व्यवस्था पहले से हो और सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ उसकी व्याख्या की हो लेकिन इससे संघवाद की धारणा को मजबूती मिली है। यह सत्य स्थापित हुआ है कि कर लगाने और वसूलने का संप्रभु अधिकार केंद्र और राज्यों के पास है। अब तक ऐसी धारणा थी पेट्रोलियम उत्पादों और शराब जैसी एकाध वस्तुओं को छोड़ कर बाकी सभी वस्तुओं और सेवाओं पर टैक्स लगाने और वसूलने का अपना अधिकार राज्यों ने केंद्र को सौंप दिया है और उनके पास अपना कोई अधिकार नहीं है।

# खंडित आजादी के खिलाफ थे सावरकर

15 अगस्त 1947 को भारतीय तिरंगा का ध्वजारोहण करते हुए कहा कि मुझे स्वराज प्राप्ति की खुशी है, किंतु वह खंडित है, इसका दुख है। उन्होंने कहा कि राज्य की सीमाएं, नदी तथा पहाड़ों या संधिपत्रों से निर्धारित नहीं होती, वे देश के नवयुवकों के शौर्य, धैर्य, त्याग एवं पराक्रम से निर्धारित होती है। वीर सावरकर ऐसे प्रथम राजनीतिक बंदी थे जिन्हें विदेशी भूमि (फ्रांस) पर बंदी बनाने के कारण हेग के अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में मामला पहुंचा। दुनिया के वे ऐसे पहले कवि थे जिन्होंने अंडमान के कठोर कारावास में जेल की दीवरों पर कील और कोयले से राष्ट्रवादी कविताएं लिखी। ब्रिटिश सरकार ने वीर सावरकर को क्रांति कार्यों के लिए दो-दो आजन्म कारावास की सजा दी, जो विश्व के इतिहास की पहली एवं अनोखी सजा थी। वे विश्व के पहले ऐसे लेखक थे जिनकी कृति ह्यद इंडियन वॉर आफॅ इंडिपेंडेस-1857ह्ल दो-दो देशों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया।





अरविंद जयतिलक
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

वीर सावरकर जीवन भर अखंड भारत के पक्ष में रहे। 13 दिसंबर 1937 को नागपुर की एक जनसभा में उन्होंने अलग पाकिस्तान के लिए चल रहे प्रयासों को असफल करने की प्रेरणा दी और 15 अगस्त 1947 को भारतीय तिरंगा का ध्वजारोहण करते हुए कहा कि मुझे स्वराज प्राप्ति की खुशी है, किंतु वह खंडित है, इसका दुख है। उन्होंने कहा कि राज्य की सीमाएं, नदी तथा पहाड़ों या संधिपत्रों से निर्धारित नहीं होती, वे देश के नवयुवकों के शौर्य, धैर्य, त्याग एवं पराक्रम से निर्धारित होती है। वीर सावरकर ऐसे प्रथम राजनीतिक बंदी थे जिन्हें विदेशी भूमि (फ्रांस) पर बंदी बनाने के कारण हेग के अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में मामला पहुंचा। दुनिया के वे ऐसे पहले कवि थे जिन्होंने अंडमान के कठोर कारावास में जेल की दीवरों पर कील और कोयले से राष्ट्रवादी कविताएं लिखी। ब्रिटिश सरकार ने वीर सावरकर को क्रांति कार्यों के लिए दो-दो आजन्म कारावास की सजा दी, जो विश्व के इतिहास की पहली एवं अनोखी सजा थी। वे विश्व के पहले ऐसे लेखक थे जिनकी कृति द इंडियन वॉर आफॅ इंडिपेंडेस-1857 दो-दो देशों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया। गौरतलब है कि जून 1908 में उनकी पुस्तक तैयार हो गयी किंतु मुद्रण की समस्या आ गयी। इसके लिए लंदन से लेकर पेरिस और जर्मनी तक प्रयास किए किंतु सभी प्रयास असफल रहे। बाद में यह पुस्तक किसी प्रकार गुप्त रुप से हालैंड से प्रकाशित हुई और इसकी प्रतियां फ्रांस पहुंचायी गयी। सावरकर पहले स्नातक थे जिनकी स्नातक की उपाधि को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के कारण ब्रिटिश हुकूमत ने वापस ले लिया। वीर सावरकर पहले ऐसे भारतीय विद्यार्थी थे जिन्होंने इंग्लैंड के राजा के प्रति वफादारी की शपथ लेने से मना किया। नतीजा उनके वकालत करने पर रोक लगा दी गयी। वीर सावरकर ने राष्ट्रध्वज तिरंगे के बीच में धर्म चक्र लगाने का सर्वप्रथम सुझाव दिया जिसे डा0 राजेंद्र प्रसाद ने स्वीकार किया। उन्होंने ही सबसे पहले पूर्ण स्वतंत्रता को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का लक्ष्य घोषित किया। 10 मई, 1907 को उन्होंने इंडिया हाउस लंदन में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्होंने अपने ओजस्वी भाषण में प्रमाणों सहित 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को गदर नहीं, अपितु भारत के स्वातंत्रय का प्रथम संग्राम सिद्ध किया। वीर सावरकर भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर के क्रांतिकारियों में अद्वितीय थे। उनका नाम ही भारतीय क्रांतिकारियों के लिए संदेश था। उनकी पुस्तकें क्रांतिकारियों के लिए गीता समान थी। लंदन में रहते हुए उनकी मुलाकात क्रांतिकारी लाला हरदयाल से हुई जो उन दिनों इंडिया हाउस की देखरेख करते थे। 1 जुलाई, 1909 को मदनलाल ढ़ीगरा द्वारा विलियम हट कर्जन वायली को गोली मार दिए जाने के बाद उन्होंने लंदन टाइम्स में एक लेख भी लिखा जो क्रांतिकारिता से परिपूर्ण था। 13 मई 1910 को पेरिस से लंदन पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया परंतु 8 जुलाई 1910 को एसएस मोरिया नामक जहाज से भारत ले जाते समय सीवर होल के रास्ते निकल लिए। 24 दिसंबर 1910 को उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गयी। इसके बाद 31 जनवरी 1911 को इन्हें दोबारा आजीवन कारावास दिया गया। 1921 में मुक्त होने पर वह स्वदेश लौटे और फिर तीन साल जेल काटी। जेल में ही उन्होंने हिंदुत्व पर शोध ग्रंथ लिखा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वे 1937 में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के कर्णावती में हुए 19 वें सत्र के अध्यक्ष चुने गए। 15 अप्रैल 1938 को उन्हें मराठी साहित्य सम्मेलन का अध्यक्ष चुना गया। 22 जून 1941 को उनकी मुलाकात सुभाषचंद्र बोस से हुई। 9 अक्टुबर 1942 को भारत की स्वतंत्रता के निवेदन सहित उन्होंने चर्चिल को तार भेजकर सूचित किया। दुर्भाग्य पूर्ण की आजादी के बाद भी कांग्रेस उनसे नफरत करती रही और नेहरु सरकार ने 5 फरवरी 1948 को उन्हें प्रिवेन्टिव डिटेन्शन एक्ट धारा के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया। 4 अप्रैल 1950 को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री लियाकत अली खान के भारत आगमन की पूर्व संध्या पर भी बेलगाम की जेल में उन्हें रोककर रखा गया। जुझारु तेवर और मातृभूमि के प्रति असीम श्रद्धा के कारण ही उन्हें वीर सावरकर कहा गया। नासिक जिले के कलेक्टर जैकसन की हत्या के लिए नासिक षड़यंत्र कांड के अंतरगत उन्हें 7 अप्रैल 1911 को काला पानी की सजा पर सेलुलर जेल भेजा गया। उन्हें यहां कोल्हू में बैल की तरह जुत कर सरसों तथा नारियल आदि का तेल निकालना होता था। रुकने पर उनको कड़ी सजा व बेंत व कोड़ों से पिटायी की जाती थी। इतने पर भी उन्हें भरपेट खाना नहीं दिया जाता था। वे 4 जुलाई 1911 से 21 मई 1921 तक पोर्ट ब्लेयर की जेल में रहे और भारत माता की आजादी का सपना देखते रहे। कुल मिलाकर वीर सावरकर 5585 दिन प्रत्यक्ष कारागार में और 4865 दिन नजरबंदी में रहे। दोनों को जोड़ दें तो वे 10410 दिन यानी 28 वर्ष 200 दिन तक जेल में रहे। वीर सावरकर स्वतंत्रता संग्राम के दौरान खिलाफत आंदोलन का विरोध किया और इसके घातक परिणामों की चेतावनी दी। इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि खिलाफत आंदोलन से ही पाकिस्तान नामक विष वृक्ष की नींव पड़ी। आइए हम बताते हैं कि कांग्रेस समेत तथाकथित सेक्यूलर वीर सावरकर और उनकी विचारधारा का विरोध क्यों करते हैं। दरअसल सावरकर ने 1946 के अंतरिम चुनावों के दौरान देश के जनमानस को आगाह किया कि वह कांग्रेस को वोट न दे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वोट देने का अर्थ है भारत विभाजन। सावरकर सच साबित हुए। कांग्रेस का सावरकर से नफरत का एक अन्य कारण यह भी है कि उन्होंने हिंदू राष्ट्र की उस विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम किया जो सदियों से वसुधैव कुटुम्बकम की हिमायती है। कांग्रेस को इस बात से भी चिढ़ है कि वीर सावरकर ने हिंदू राष्ट्र के विजय के इतिहास को प्रमाणिक ढंग से लिपिबद्ध क्यों किया? याद होगा तीन वर्ष पूर्व 2019 में जब महाराष्ट्र चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र में स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न देने का वादा किया गय तब कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह समेत कई लोगों ने सावरकर को महात्मा गांधी की हत्या का साजिशकर्ता करार दिया। देखें तो यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस द्वारा सावरकर की राष्ट्रभक्ति पर सवाल दागकर उन्हें अपमानित करने का प्रयास किया गया। याद होगा कि गत वर्ष पहले सावरकर के शहीदी दिवस के दिन कांग्रेस पार्टी ने ट्वीट के जरिए जारी एक तस्वीर में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को गद्दार बताकर उनकी राष्ट्रभक्ति का अपमान किया। तब कांग्रेस ने जारी तस्वीर के हवाले उन्हें गद्दार बताते हुए 1913 में अंडमान स्थित सेल्यूलर जेल से उनकी एक तथाकथित चिठ्ठी का भी जिक्र किया था जिसमें उन्होंने ब्रिटिश सरकार से रिहाई की मांग की थी। बेहतर होता कि कांग्रेस वीर सावरकर की शहादत को लांक्षित करने के बजाए उनका इतिहासपरक मूल्यांकन करती।

# विवाद से परे तंत्र की बदहाली का प्रश्न

आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो सालों में दुनियाभर में कोरोना महामारी से लगभग 1.49 करोड़ मौतें हुई हैं, यह गिनती विश्व की सभी सरकारों द्वारा दिए आधिकारिक आंकड़ों के कुल योग से लगभग 2.7 गुणा है। भारत के संदर्भ में, 2021-22 के बीच आयी लहरों में बहुत बड़ी गिनती में हुई मौतों की संख्या 33 लाख से 65 लाख बताई गयी। यह अनुमान आधिकारिक आंकड़ों से कई गुणा अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह डाटा जारी होने से पहले भी बहुत से विशेषज्ञ सरकारों द्वारा कम संख्या बताने की आशंका जाहिर करते रहे थे और कुछ अध्ययनों ने भारत में बहुत बड़ी तादाद में लोगों के मरने के बारे में बताया था। उदाहरणार्थ, इस साल मार्च महीने में द लान्सेट ने कोविड महामारी से विश्वभर में 1.8 करोड़ मौतें होना बताया है।





दिनेश सी. शर्मा
लेखक विज्ञान संबंधी विषयों के माहिर हैं

इस माह के शुरू में जब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान बहुत बड़ी संख्या में हुई मौतों का अनुमानित आंकड़ा जारी किया तो भारत सहित अन्य जगह विवाद खड़ा हो गया। आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो सालों में दुनियाभर में कोरोना महामारी से लगभग 1.49 करोड़ मौतें हुई हैं, यह गिनती विश्व की सभी सरकारों द्वारा दिए आधिकारिक आंकड़ों के कुल योग से लगभग 2.7 गुणा है। भारत के संदर्भ में, 2021-22 के बीच आयी लहरों में बहुत बड़ी गिनती में हुई मौतों की संख्या 33 लाख से 65 लाख बताई गयी। यह अनुमान आधिकारिक आंकड़ों से कई गुणा अधिक है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह डाटा जारी होने से पहले भी बहुत से विशेषज्ञ सरकारों द्वारा कम संख्या बताने की आशंका जाहिर करते रहे थे और कुछ अध्ययनों ने भारत में बहुत बड़ी तादाद में लोगों के मरने के बारे में बताया था। उदाहरणार्थ, इस साल मार्च महीने में द लान्सेट ने कोविड महामारी से विश्वभर में 1.8 करोड़ मौतें होना बताया है। अध्ययनों में भारत में वगार्नुक्रम डाटा (उम्र, लिंग इत्यादि) की कमी होना भी पता चला है। गौर करें तो, हरेक भारतीय ने अपने परिवार, आस-पड़ोस, नजदीकी परिवार, कार्यस्थल इत्यादि में किसी न किसी को खोया है। महामारी की अवधि में हुई मृत्यु की संख्या निश्चित ही सामान्य काल से काफी ज्यादा लगती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में जो अत्यधिक मृत्यु वाला विशेषण इस्तेमाल किया गया है उसका मतलब है कि इसमें महामारी के दौरान अन्य वजहों से हुई मौतों की गिनती भी शामिल है यानी मुख्य रूप से कोविड-19 के कारण हुई मृत्यु के अलावा संक्रमण उपरांत बनी अन्य जटिलताएं या कैंसर या इस जैसी दूसरी गंभीर बीमारियां, स्वास्थ्य सेवाओं में बाधा, तयशुदा सर्जरी तिथि स्थगन और जीवनरक्षक दवाओं तक पहुंच न हो पाना इत्यादि कारणों से हुई मौतें। इन सबको महामारी-संबंधित मृत्यु में शामिल किया जाता है और उस वक्त जिस तरह स्वास्थ्य सेवाओं पर अचानक बोझ पड़ा था, यह अपेक्षित था। चूंकि कुल मौतों में बहुत सारी सीधे कोविड संक्रमण से नहीं हुईं, इसलिए सरकारी एजेंसियों द्वारा दिए महामारी आंकड़ों में यह परिलक्षित नहीं होतीं। यह दलील विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान और भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के दिए आंकड़ों के बीच फर्क की व्याख्या कर सकती है।

अत्यधिक मृत्यु का अनुमान लगाने का सबसे आसान तरीका है महामारी काल और उससे पहले के सालों में मृत्युदर का मिलान। इससे तस्वीर तो स्पष्ट हो जाती, किंतु इन दोनों अवधियों का डाटा संग्रहण और आगे प्रेषण करने में देरी और रिक्ति रही। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेषज्ञों ने गणितीय मॉडलों और सांख्यिकी तकनीक को आधार बनाकर अंतर भरने की कोशिश की है। भारत के अग्रणी स्वास्थ्य विशेषज्ञझ जिन्हें धरातल वास्तविकता का पूरी तरह पता है- वे भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस कवायद में भागीदार हैं।

किसी भी स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए न केवल मौतों का हिसाब रखना महत्वपूर्ण है बल्कि इसके पीछे के कारणों का भी। मृत्यु की सटीक गिनती और उनकी वजहें सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम बनाने के निर्णय में बहुत अहम हैं। मौतों का लेखा-जोखा रखने के लिए बाकायदा एक व्यवस्था और संहिता है, मसलन, इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ डिजीज एंड रिलेटेड प्रॉब्लम्स (आईसीडी) में बताए तरीकों से दर्ज करना ताकि तुलनात्मक अध्ययन और नीति-निर्धारण करने में यह डाटा उपयोगी हो सके। मृत्यु का पंजीकरण और सूचना देने वाली प्रणाली से जुड़े डॉक्टर और अन्य कर्मियों को वर्गीकरण प्रणाली का प्रशिक्षण देने की जरूरत है।

मीलियन डेथ स्टडी नामक एक बृहद अध्ययन, जिसका काम देशभर के तमाम परिवारों की नजरसाजी करना है, उससे सबक लिया जा सकता है कि कैसे हमें मृत्यु का सामान्य लेखा तौर-तरीकों से परे जाकर दर्ज करने की जरूरत है। उक्त अध्ययन में शोधकर्ता मौत का कारण जानने के लिए वर्बल ऑटोप्सी नामक तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी मृतक के परिवार वालों या नजदीकियों से पूछताछ कर उसकी मेडिकल हिस्ट्री, लक्षणों और मृत्यु के पीछे की परिस्थितियों की जानकारी लेते हैं। भोपाल में स्वास्थ्य कार्यकताओं ने इसी वर्बल ऑटोप्सी के आधार पर एमआईसी गैस लीक कांड के बाद लंबे समय तक बने रहे प्रभावों से हुई मौतों का लेखा-जोखा बनाया था।

पिछले सालों में, भारत ने जन्म और मृत्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी इकट्ठा करने के लिए तंत्र विकसित किया है। सैम्पल रजिस्ट्रेशन सिस्टम, सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम, नेशनल फैमिली हैल्थ सर्वे और डिस्सेनियल सेंसस के माध्यम से डाटा एकत्र किया जाता है। ये तमाम डाटा सरकार को प्रजनन और मृत्यु आंकड़े पाने में मददगार होते हैं। तथापि, डाटा की सम्पूर्णता और गुणवत्ता में राज्य-राज्य के बीच अंतर है, जिससे रिक्तियां पैदा होती हैं और अंतिम अनुमान बनाने में देरी। महामारी वाली अवधि में वैसे भी डाटा-संग्रहण का काम रुका रहा। सरकार को 2021 की नियत जनगणना भी लंबित करनी पड़ी। अब तक भी, राष्ट्रीय जनगणना के लिए नई समय सारणी जारी नहीं हो सकी। राष्ट्रीय जनगणना से विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिए आंकड़ों पर विवाद की तस्वीर साफ हो सकती है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ प्रभात झा का कहना है कि मौतों की सटीक जानकारी के लिए केवल इतना भर करना होगा कि जब जनसंख्या गणना अधिकारी प्रत्येक परिवार तक जाएं तो कोविड संबंधी कुछ सवालात अलग से जोड़ दें। इससे महामारी से जुड़ी मृत्यु का सबसे सटीक डाटा मिलेगा।

पिछले दो सालों में स्वास्थ्य तंत्र में जो अनेकानेक कमियां उजागर हुई हैं उनमें मौतों की सूचना भी एक है। 2021 में कोविड के डेल्टा वेरिएंट से बनी लहर के बाद कुछ तत्काल उपाय जैसे कि ऑक्सीजन आपूर्ति, अस्पतालों में अतिरिक्त बिस्तरों का इंतजाम और परीक्षण सुविधाओं की क्षमता बढ़ाने वाले काम तो हुए हैं लेकिन बाकी स्वास्थ्य तंत्र में बदलाव लाने वाला शायद ही कोई कदम उठाया गया हो। बजट में वैक्सीन लगाने के लिए तो अतिरिक्त प्रावधान किया गया लेकिन शेष स्वास्थ्य तंत्र के लिए जारी मद जस की तस है।

# भारत को ब्रिटेन से आइडिया लाए राहुल

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

भारत को भविष्य में कौनसी दिशा ग्रहण करनी चाहिए, प्रगति के लिए कौनसा रास्ता चुनना चाहिए, सबसे बढ़कर भारत की पहचान क्या है, उससे क्या अभिप्रेत है, यह सब जानने-बूझने के लिए सोनिया कांग्रेस के सबसे शक्तिशाली नेता राहुल गांधी लंदन गए थे। इस प्रकार के प्रश्नों एवं समस्याओं के समाधान तलाशने के लिए लंदन को क्यों चुना गया, इसको लेकर भारत में कुछ लोग हलकान हो रहे हैं। कांग्रेस हैरान है कि इसमें इतने अचंभे वाली बात कौनसी है? अपने-अपने हिसाब से दोनों पक्ष ही ठीक हैं। कांग्रेस की स्थापना ही लंदन का आइडिया था। उसका भारत के आइडिया से कुछ लेना-देना नहीं था। भारत का आइडिया तो 1857 का स्वतंत्रता के लिए लड़ा गया महासंग्राम था। चाहे उसमें भारत की पराजय हुई थी, लेकिन उस महासंग्राम ने भारत को ऊर्जावान कर दिया था। वह क्रोधोन्मत हो गया था। लंदन समझ गया था कि अब गोरों को भारत से भगाए जाने का यह भारत का आइडिया समाप्त होने वाला नहीं है। इसलिए लंदन ने अपने राज्य की सुरक्षा के लिए सेफ्टी वाल्व के तौर पर कांग्रेस की स्थापना की थी। लंदन यह तो समझ ही गया था कि कांग्रेस भी ब्रिटिश साम्राज्य को अनंत काल तक सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकती थी। लंदन ने दूसरी रणनीति के तहत, भारत की पहचान, सामाजिक सामंजस्य और भारत के स्वरूप को बदलने के लिए कुछ सूत्र कांग्रेस को दिए। कांग्रेस की जिम्मेदारी यह थी कि वह भारत को इन्हीं सूत्रों के सहारे स्वयं भी समझे और दूसरों को भी समझाए।

कांग्रेस ने इन सूत्रों को पूरी स्वामिभक्ति से स्वीकार किया और भारत में उनको प्रचारित भी किया। इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण सूत्र था, भारत पर आर्यों के आक्रमण का कपोल कल्पित सिद्धांत। कांग्रेस ने इस सिद्धांत को स्वीकार किया और जवाहर लाल नेहरू ने अपनी किताबों में इसका प्रचार भी किया। बाबा साहिब अंबेडकर ने इस सिद्धांत का विरोध ही नहीं किया, बल्कि इसे शरारतपूर्ण भी कहा। ताज्जुब ही कहा जाएगा कि इस पर कांग्रेस ने अंबेडकर को ब्रिटिश एजेंट कहा। यानी कोयला दूसरे पर काला होने का आरोप लगाए। अंग्रेजों ने कहा कि भारत एक राष्ट्र नहीं है, कांग्रेस ने इसका प्रचार किया। किस्सा कोताह यह कि कांग्रेस ने आजादी के बाद भी सरकार लंदन के आइडिया से ही संचालित की। जाहिर है इससे भारत में गुस्सा पनपता। यदि देश को आइडिया फ्राम लंदन से ही चलना था तो अंग्रेजों को भगाने की क्या जरूरत थी? इसका उत्तर भी अपने समय में बाबा साहिब अंबेडकर ने ही दिया था। उन्होंने कहा था कि लोगों को भ्रम है कि कांग्रेस किसी आइडिया के आधार पर लड़ रही है। वह केवल सत्ता या कुर्सी के लिए ही लड़ रही है। आरोप स्पष्ट था कि कांग्रेस भारत की सत्ता लंदन के आइडिया से चलाने के लिए तैयार है, शर्त केवल इतनी है कि गोरे शासक सत्ता उनको सौंप दें। दोनों पक्षों ने ईमानदारी से किया। इतनी ईमानदारी से कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भारत में से ब्रिटिश सत्ता समाप्त हो जाने के बाद भी स्वतंत्र भारत की कमान लार्ड माऊंटबेटन को सौंप दी। माऊंटबेटन भारत के पहले गवर्नर जनरल थे। यह माऊंटबेटन का ही आइडिया था कि गिलगित पाकिस्तान के हवाले कर दिया जाए। इस आइडिया को क्रियान्वित करने में पंडित नेहरू की कितनी भूमिका रही है, इसकी स्वतंत्र रूप से जांच हो सकती है। पुरानी फाइलें जांची-परखी जाएं तो कितना कुछ उगल सकती हैं। जब हिंदुस्तान की बागडोर सोनिया जी के हाथ में ही आ गई तो लंदन को आइडिया देने के लिए कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष जमावड़ा करने की भी जरूरत नहीं रही। लेकिन कांग्रेस के दुर्भाग्य से 2014 में सत्ता उन लोगों को सौंप दी, जो भारत को भारत के आइडिया से ही चलाना चाहते हैं। जाहिर है इससे दोनों ही संकट में आ गए। लंदन से कांग्रेस को भारत चलाने के लिए जो लोग आइडिया देते थे, वे भी और दिल्ली में बैठ कर उस आइडिया से भारत को हांकते थे, वे भी। पिछले छह-सात साल से जो जगह-जगह छटपटाहट दिखाई दे रही है, वह इसी को लेकर है। कांग्रेस भी संकट में है क्योंकि उसके पास अपना कोई ह्यभारतीय आइडियाह्ल नहीं है। वह शुरू से ही लंदन के आइडिया से ही भारत चलाती थी। इसलिए राहुल गांधी अंततः आइडिया की तलाश में लंदन पहुंच ही गए। इस बार ह्यभारत को कैसे चलाना हैह्ल, इस आइडिया की तलाश नहीं हो रही थी, क्योंकि चलाने का सवाल तो तब आएगा जब कांग्रेस सत्ता में होगी। इस बार तो लंदन में वह आइडिया तलाशा जा रहा था जिससे भारत की सत्ता पुनः कैसे छीनी जा सके। वैसे भी यूरोप के लोग शताब्दियों से इस बात के माहिर रहे हैं कि एशिया के देशों में सत्ता कैसे छीनी जाती है। वैसे आइडिया की तलाश में राहुल गांधी रोम भी जा सकते थे, लेकिन शायद लंदन की ख्याति सत्ताएं छीनने में रोम से ज्यादा है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं के खिलाफ थाने में धरना देगें ग्रामीण

रहरा। थाना क्षेत्र के गांव तरौली में दो हफ्ते पहले चोरी हुआ भैंसा का सुराग न मिलने से ग्रामीणों मे पुलिस प्रशासन के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार को भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद नागर मे एक पंचायत का आयोजन किया, जिसमें पुलिस प्रशासन को पांच दिन का अल्टीमेटम दिया कि चोरी भैंसा नहीं मिला तो एक जून को रहरा थाना पर अनिश्चित कालीन विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।पंचायत में प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए छह सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। पंचायत में किसानों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। ग्रामीणों ने बताया कि दो हफ्ते के बाद भी भैंसा चोरी होने का सुराग रहरा पुलिस नहीं लगा पायी है। भैंसा घर के सामने खुले में बंधा हुआ था।जब सुबह परमा पुत्र शौराज सिंह पशुओं को चारा डालने के लिए गया, तो उसे भैंसा वहां नहीं मिला।उसने भैंसा चोरी होने के बारे में ग्रामीणों को अवगत करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी लेकिन दो हफ्ते बीत जाने के बावजूद पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई।इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला कार्यकारिणी गठित

अमरोहा। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला कार्यकारिणी का गठन वर्चुअल बैठक में किया गया। प्रांतीय सह संगठन मंत्री दीपक कुमार शर्मा ने कार्यकारिणी की घोषणा की।प्रांतीय संगठन मंत्री भूपेश त्यागी ने संगठन की स्थापना एवं आवश्यकता की जानकारी दी। संगठन के उद्देश्यों की जानकारी भी दी गई। जिला कार्यकारिणी में प्रांतीय अध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता की संस्तुति पर प्रांतीय सह संगठन मंत्री दीपक कुमार शर्मा ने नवीन कुमार त्यागी को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। इसके अलावा ताराचंद सैनी जिला सचिव, सुशील कुमार शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, सतीश त्यागी व गुरबचन सिंह सिद्धू जिला उपाध्यक्ष, चौधरी नरेंद्र सिंह जिला संगठन मंत्री, देवेश गौड़ जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, संतोष चौधरी जिला महिला संयोजिका घोषित किया। प्रांतीय अध्यक्ष बिपिन कुमार गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना दी। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष बिपिन कुमार गुप्ता व संचालन प्रांतीय सह सचिव नरेंद्र त्यागी ने किया।

### प्रचार प्रसार वाहन को डीम एवं एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बहजोई। जिसमें जन सामान्य को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए बृहद पर स्तर विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद में भी सड़क सुरक्षा अभियान गति पकड़े हुए है। जिसमें परिवहन विभाग ,एवं अन्य विभाग तथा प्रशासन लोगों को जागरूक करने के लिए प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में यातायात और ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जन सामान्य को जागरूक करने के लिए। प्रचार प्रसार वाहन को जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के द्वारा संभल तहसील परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# टीबी मुक्त बनाने के लिए टीबी रोगियों को लिया गोद



उझारी, प्रात: किरण संवाददाता

देश को वर्ष 2025 तक क्षय रोग यानि टीबी मुक्त बनाने के लिए हर दिन नए-नए प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जनपद के ग्राम उझारी के अमन नर्सिंग होम के डॉक्टर राशिद ने 20 टीबी रोगियों को गोद लिया।उन्होंने टीबी दिवस पर यह पहल राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से शुरू की थी।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ मुमताज अंसारी ने बताया कि जनपद के ग्राम उझारी के अमन नर्सिंग होम के डॉक्टर राशिद ने 20 टीबी रोगियों को गोद लिया है। जनपद में 24 मार्च से अब तक 450 टीबी रोगियों को गोद लिया जा चुका है। क्षय रोग को तपेदिक या टीबी भी कहा जाता है। इसे प्रारंभिक अवस्था में ही नहीं रोका गया तो यह जानलेवा साबित हो जाता है। समय से इलाज शुरू नहीं होने पर यह बीमारी व्यक्ति को धीरे-धीरे मारती है। इसलिए लक्षण महसूस होते ही इलाज शुरू हो जाना चाहिए। मार्च माह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के जिलाधिकारियों को टीबी ग्रस्त बच्चों को गोद लेने, संपूर्ण इलाज, जांच व फॉलोअप संबंधी आदेश दिया था।गोद लेने वाले अमन नर्सिंग होम उझारी के डॉ राशिद ने कहा कि मुझे मानव सेवा की सीख अपने माता और पिता से मिली है। मैं अपने को बड़ा ही धन्य मानता हूं कि मुझे इन क्षय रोगियों की सेवा करने का अवसर मिल रहा है। पूरा प्रयास रहेगा कि इन रोगियों की दवा और जांच नियमित रूप चलती रहे। साथ ही टीबी मरीजों को हर महीने मूंगफली, चना, गुड़, सत्तू, सोयाबीन, समेत न्यूट्रिशिनल सप्लीमेन्ट मिलता रहेगा।गोद लिए गए राजू आयु 14 वर्ष ने बताया कि मुझे गत 67 दिनों से क्षय रोग है। जांच के बाद दवा और निक्षय योजना से 500 रुपये प्रति माह मिल रहा है। लेकिन आज इस बात की खुशी है कि जब सब लोग मेरा इतना ध्यान देंगे तब तो मैं और जल्दी ही स्वस्थ हो जाऊंगा। मेरी तरफ से राज्यपाल महोदया को धन्यवाद कि उनकी पहल से प्रदेश के क्षय रोगियों को गोद लिया जा रहा है।

### क्षय रोगियों के लिए खोजी अभियान शुरू : डॉ. अंसारी

अमरोहा। जनपद में वर्ष 2018 में 2563, वर्ष 2019 में 2577, वर्ष 2020 में 1829 और वर्ष 2021 में 2915 क्षय रोगी तलाशे गए थे। इन मरीजों की स्क्रीनिंग में सरकारी कर्मियों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी सहयोग किया है। यह कहना है डॉ. मुमताज अंसारी का। डॉ. अंसारी ने कहा कि यदि आसपास के किसी व्यक्ति में टीबी का कोई लक्षण नजर आता है तो तत्काल बलगम की जांच कराएं।उन्होंने बताया कि क्षय रोगियों के लिए खोजी अभियान शुरू हो गया है। अभियान के दौरान टीबी के संभावित लोगों की एचआईवी और ब्लड शुगर जांची जा रही है। नमूनों की माइक्रोस्कोपी सेंटर से जांच कर 24 घंटे में रिपोर्ट दी जाएगी। टीबी की पुष्टि होने पर रोगी को तत्काल ही सात दिन की दवा दे दी जाएगी। सीएचओ, आशा टीबी मरीज को हर माह दवाएं देंगी और लगातार मॉनिटरिंग करेंगी। बच्चों को गोद लेते समय टीबी विभाग के अधिकारी राजू यादव, वीरपाल सिंह, अजय कुमार, अतुल शर्मा, अनुपम, प्रदीप कुमार और मोहम्मद आमिर आदि लोग उपस्थित रहे ।

### गांव-गांव घूमकर विरासत का सत्यापन करेंगी राजस्व टीम

अमरोहा। सरकार के निर्देश पर एक महीने में विरासत का सत्यापन करके नाम दर्ज कराने का अभियान शुरू किया गया है। इससे किसानों को तहसील के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी।गांव में निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनी में दर्ज कराने के लिए किसानों को तहसील एवं लेखपालों के काफी चक्कर लगाने पड़ते थे। इसके बाद खतौनी में नाम दर्ज हो पाता था। किसानों की समस्या को देखते हुए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार तहसील प्रशासन द्वारा 20 मई से 20 जून तक सभी तहसील में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत लेखपाल प्रत्येक गांव में जाकर निर्विवाद उत्तराधिकारी को खतौनी में दर्ज कराए जाने संबंधी कार्यवाही करेंगे।शासन के निर्देशानुसार राजस्व परिषद की वेबसाइट पर टीम द्वारा प्रतिदिन की कार्यवाही अपलोड की जाएगी। लेखपाल द्वारा राजस्व गांव का भ्रमण कर प्रचार प्रसार तथा खतौनी को पढ़कर सुनाया जाएगा तथा विरासत हेतु आवेदन कर्ता के प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन भरवाया जाएगा। लेखपाल द्वारा संपूर्ण कार्यवाही पूरी करवाते हुए आवेदक को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। शासन के सख्त निर्देश हैं कि इस कार्य में किसी के द्वारा कोई भी लापरवाही बरती गई तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।

## बगैर अनुमति के जेवड़ा में अदा हुई सामूहिक नमाज



प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा

रहरा। थाना क्षेत्र के गांव जेवड़ा में मुस्लिम पक्ष द्वारा अदा की जा रही सामूहिक नमाज को लेकर हिंदू पक्ष के लोगों ने विरोध किया था जिसका मामला थाना पहुचा और वहां सीओ द्वारा दोनों पक्षों के सामने मुस्लिम पक्ष से सामूहिक नमाज पर रोक लगा दी थी लेकिन शुक्रवार को ही मुस्लिम पक्ष द्वारा सामूहिक नमाज अदा की गई जिसको लेकर हिंदू पक्ष में रोष व्याप्त हो रहा है।गौरतलब है कि मुस्लिम पक्ष द्वारा शुक्रवार को गांव जाता जेवड़ा में सामूहिक रूप से नमाज अदा की गई।जिसके बाद हिंदू समाज के लोगों ने मदरसे में नमाज का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सप्ताह भर पहले थाना रहरा क्षेत्र के गांव जेवडा में मुस्लिम पक्ष द्वारा इकट्ठा होकर सामूहिक नमाज अदा की जा रही थी जिसका हिंदू पक्ष के कुछ लोगों ने विरोध किया जिसके बाद पुलिस प्रशासन एवं उप जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों की वार्ता सुनी थी तथा आदेश दिया था कि गांव में बगैर अनुमति के कोई सामूहिक नमाज मदरसे में नहीं अदा करेगा लेकिन उसके बावजूद भी मुस्लिम पक्ष ने शुक्रवार को सामूहिक रूप से नमाज अदा की जिसे हिंदू समाज के लोगों में रोष है। हिंदू समाज के लोगों ने सोशल मीडिया पर मदरसे में अहमद अली के मकान में इकट्ठा होकर नमाज अदा करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के बाद गांव में प्रदर्शन भी किया है इस मामले में हमारे संवाददाता ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करनी चाही।लेकिन खबर लिखें जाने तक सम्पर्क नहीं हो पाया।

### मुख्यमंत्री के आदेश पर हटे स्पीड ब्रेकर, वाहन चालकों को राहत

हसनपुर। प्रांतीय राजमार्ग पर गलत तरीके से बनाए गए स्पीड ब्रेकर मुख्यमंत्री के आदेश पर हटा दिए गए हैं। वाहन चालकों को खासी राहत मिली है। संभल-बदायूं-बिल्सी-बिजनौर मार्ग का गत वर्ष चौड़ीकरण कार्य हुआ था। नगर के संभल अड्डे समेत जगह जगह काफी ऊंचे स्पीड ब्रेकर बना दिए गए थे। हादसे रोकने की मंशा से बनाए गए ये स्पीड ब्रेकर खुद हादसों का सबब बन रहे थे। सिहाली जागीर में स्पीड ब्रेकर से गिरकर बाइक सवार एक युवक की मौत हुई थी। उधर, अलीगढ़ मार्ग पर भी कई जगह मानक के विपरीत स्पीड ब्रेकर लगाए गए थे। स्पीड ब्रेकर पर संकेतक व सफेद पट्टी न लगी होने की वजह से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग पर भी स्पीड ब्रेकर की वजह से कई हादसे हुए थे। उधर, हाल ही में मुख्यमंत्री ने नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे व जिला स्तरीय मार्गों पर गलत तरीके से बनाए गए स्पीड ब्रेकर हटाने का निर्देश दिया था। आदेशों का पालन करते हुए अब स्पीड ब्रेकर हटा दिए गए हैं। वाहन चालकों को इसके बाद खासी राहत मिली है।

## स्वाट व सर्विलांस टीम व पुलिस द्वारा 02 शातिर ई-रिक्शा चोरों को दबोचा गया

चांदपुर, प्रात: किरण संवाददाता



पुलिस अधीक्षक डा0 धर्मवीर सिंह द्वारा अपराध तथा अपराधियों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी चांदपुर के कुशल पर्यवेक्षण में शुक्रवार को थाना चॉदपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान फैजीपुर रोड पर केले के गोदाम के पास अभियुक्तगण अब्दुल रहमान उर्फ मुन्ना पुत्र मौ0 यामीन निवासी मौ0 कटारमल कस्बा व थाना चॉदपुर जनपद बिजनौर व सुनील पुत्र मुन्नू निवासी ग्राम महमूदपुर थाना चॉदपुर जनपद बिजनौर को चोरी के 02 ई-रिक्शा सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वह मिलकर ई-रिक्शा चोरी करते है। अभि0गण ई-रिक्शा को पोस्टर चिपकाने आदि के लिये लम्बे समय के लिये किराये पर लेते थे और उस पर जगह-जगह घूमते थे 02-04 घण्टे के बाद भूख का हवाला देकर खाने के लिये जो सामग्री लेकर आते थे उसमें नशीला पदार्थ मिलाकर रिक्शा चालक को खिला देते थे और उसकी ई-रिक्शा को चोरी कर ले जाते थे। चोरी के बाद ई-रिक्शा को कम दामों में बेंच देते थे बरामद ई-रिक्शाओं में से 01 ई-रिक्शा उनके द्वारा 20 मई 22 को रोडवजे बस अड्डा चांदपुर के पास से चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में ई-रिक्शा मालिक राहुल कुमार की तहरीर पर थाना चांदपुर पर मु0अ0सं0 336/22 धारा 379 भादवि0 पंजीकृत है। दूसरी ई-रिक्शा को उनके द्वारा स्योहारा क्षेत्र सरकड़ी नहर के पास से चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में ई-रिक्शा मालिक लुकमान की तहरीर पर थाना स्योहारा पर मु0अ0सं0 243/2022 धारा 379 भादवि0 पंजीकृत है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर है रिमांड पर लेकर इनके द्वारा की गयी अन्य घटनाओ की जानकारी की जाएगी तथा इनके विरूद्ध गैंगस्टर व गुंडा एक्ट की कार्यवाही भी की जाएगी।

### ढाबे पर नौकरी करने वाले युवक की हत्या में नहीं मिला सुराग

डिडौली। ढाबे पर नौकरी करने वाले युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में हत्यारोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है। तीन दिन से पुलिस जल्द हत्याकांड का खुलासा करने का दावा कर रही है। वहीं, पूछताछ में परिजनों द्वारा रंजिश से इनकार पर ये खुलासा पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।गौरतलब है कि अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव उक्सी रायपुर में रिंकू पुत्र सतीश कुमार संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के गांव अहरौला माफी में नाना रामकिशन के घर रहता था। वह हाईवे पर डिडौली क्षेत्र में एक ढाबे में नौकरी करता था। बीते मंगलवार की सुबह पांच बजे रिंकू की लाश डिडौली और पाकबड़ा थाना क्षेत्र की सीमा के बीच मिली थी। गोली मारकर उसकी हत्या की गई थी। परिजनों के आने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। तहरीर के आधार पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। चार दिन गुजरने के बाद भी पुलिस इस हत्याकांड का खुलासा करने में नाकाम साबित हुई है। एसओ सुनील मलिक का कहना है कि जांच चल रही है।

## सशक्त एवं मजबूत भारत के निमार्ता थे पंडित जवाहरलाल नेहरू: ओमकार



अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

जिला कांग्रेस कमेटी अमरोहा द्वारा जिला कार्यालय पर भारत रत्न प्राप्त भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की 58 वी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू ने एक मजबूत एवं सशक्त भारत की नीम रखी वो कई बार एवं दसो साल आजादी के आंदोलन में जेलो में रहे उन्होंने आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जब देश आजाद हुआ अंग्रेज भारत छोड़ कर गए जब पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को देश की कमान मिली अंग्रेज भारत मे कुछ भी छोड़ कर नही गए थे पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने देश मे एक एक चीज को इक्कठा करके देश को सजाया ओर संभाला उथयोग लगाए सड़को एवं रेलो का जाल बिछाया अनेक रियासतों में बटे भारत को अखंड भारत बनाया रोजगार के अवसर प्राप्त किये देश को विकास की राह पर लेके गए पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चो से बहुत प्यार करते थे उन्होंने अपनी सारी संम्पति देश के नाम करदी उनकी पुण्यतिथि पर हम ऐसी महान सख्सियत को श्रद्धांजलि देते हुए शत-शत नमन करते हैं।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया, मास्टर धर्मपाल सिंह, विजय प्रधान, अफसर अली सैफी,पुष्पेन्द्र गुर्जर, देशराज सिंह, डॉ अहमद मुतुर्जा, मकसुरद अहमद, हरिओम पुष्कर,अनवर हुसैन आदि मौजूद रहे।

### तेंदुए ने बकरी का बनाया निवाला, ग्रामीणों में दहशत

हसनपुर। तेंदुए ने बकरी को निवाला बना लिया। घटना क्षेत्र के तिगरिया खादर गांव में गुरुवार की देर रात की है। आंख खुलने पर युवती ने शोर मचाया तो गांव में जाग हो गई। शुक्रवार की सुबह गांव के ही पास एक खेत में बकरी के अवशेष मिले हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी है।क्षेत्र में एक बार फिर से तेंदुए दिखाई दिया है। जिससे ग्रामीणों में दहशत हो गई है। मामला क्षेत्र के तिगरिया खादर गांव का है। गांव निवासी रमेश के घर गुरुवार की रात बकरी बंधी हुई थी। दीवार फांदकर तेंदुआ घर में घुस गया तथा अंदर बंधी बकरी को पकड़ लिया। आहट से रमेश की बेटी रजनी की आंख खुल गई। घर के आंगन में तेंदुए को देख रजनी ने शोर मचा दिया। शोर शराबा होने पर ग्रामीण जाग गए लेकिन तबतक तेंदुआ खेतों की तरफ फरार हो चुका था। रात में ग्रामीणों ने तेंदुए की तलाश की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। सूचना मिलने पर यूपी 100 भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने मामले की जानकारी वन विभाग को दे दी है।

## सगा भाई ही निकला अपने भाई का कातिल

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता



स्योहारा क्षेत्र के गांव मुबारकपुर गढी के पंकज की हत्य उसके बडे भाई अशोक ने ही की थी। पुलिस ने अशोक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में एसपी डा0 धर्मवीर सिंह ने बताया कि गत 23 फरवरी को स्योहारा क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर गढील के जंगल में एक युवक का अधजला शव मिला था पीएम के बाद मृतक की शिनाख्त पंकज 22 वर्ष पुत्र हरपाल निवासी ग्राम मुबारकपुर गढी थाना स्योहारा के रूप में हुई थी। मृतक के पिता हरपाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। एसपी ने स्योहारा पुलिस को घटना के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिये थे। पुलिस की तफतीश आगे बढी तो चैकाने वाले तथ्य सामने आये। शक की सुई मृतक के बडे भाई अशोक के उपर रूक गयी। पुलिस ने अशोक को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की उसने सब उगल दिया। उसका कहना था कि उसका भाई पंकज मंदबुद्धि था व नशे का आदि था। वह आये दिन नाराज होकर घर से चला जाता था। तथा घर के सभी सदस्यों से लडता झगडता था तथा गांव में नंगा होकर घूमता था जिससे घर के सभी लोग परेशान थे। इसके बाद क्षुब्ध होकर उसने पंकज की ब्लेड से गले पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया और उसकी लाश को पत्ती डालकर जला दिया। पुलिस ने अशोक की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ब्लेड बरामद कर लिया। पुलिस ने अशोक को जेल भेज दिया।

### एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

नजीबाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार अतिक्रमण मुक्त अभियान के अंतर्गत एसडीएम मनोज कुमार, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, जलालाबाद चैकी इंचार्ज, तथा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी हरिनारायण सिंह के नेतृत्व में जलालाबाद नगर पंचायत में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर पंचायत के मोहल्ला इस्लामनगर,काजियान, महल सराय, शेख सराय, राईयान, कुरैशियान तथा गुलजार नगर में स्वागत द्वार से तकिया वाली मस्जिद तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत दुकानों के सामने नाली पर अवैध रूप से बनाए गए स्लैब तथा चैनल आदि को जेसीबी से तुड़वा दिया गया।इस अवसर पर एसडीएम मनोज कुमार ने अतिक्रमण करने वालों को आईंदा अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उलंघन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। नगर पंचायत जलालाबाद में अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर नगर पंचायत साहनपुर में भी देखने को मिला जहां जेसीबी पहुंचने के खौफ से लोगों ने स्वयं ही अपना सामान हटा लिया।

## प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारियों ने किया थानाध्यक्ष को सम्मानित



मंडावर , प्रात: किरण संवाददाता

नवनियुक्त थानाध्यक्ष संजय कुमार जो कि पूर्व में नगीना देहात थाना अध्यक्ष के पद पर तैनात रहे और उन्होंने जिले के कई थानों की कमान संभालते हुए और थानाध्यक्ष संजय कुमार ने अपना कार्य बखूबी निभाते हुए और अपराधियों को उनकी भाषा में जवाब देते हुए उन्हें जेल की सलाखों तक पहुंचाया अब एसपी डॉ धर्मवीर सिंह के द्वारा उन्हें थाना मंडावर की कमान सौंपी गई है जिसको लेकर प्राइवेट बस यूनियन नहटौर बालावाली के गणमान्य पदाधिकारियों ने थाना अध्यक्ष को सम्मानित करते हुए उन्हें गुलदस्ता एवं रामदरबार की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया वहीं थानाध्यक्ष संजय कुमार का कहना है कि किसी भी तरह की कोई समस्या हो तो तुरंत मुझसे संपर्क करें और थानाध्यक्ष ने कहा कि जैसा कार्य पूर्व में करते चले आ रहे हैं और अपराधियों को जेल की सलाखों तक पहुंचाते आए हैं उसी तरह से थाना मंडावर में भी कार्य किया जाएगा और थाने के अंदर दलालों की एंट्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है नवनियुकत थानाध्यक्ष संजय कुमार ने जनता से अपील की है जनता सीधे मुझसे संपर्क करें किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बस यूनियन अध्यक्ष साजिद अहमद उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सेक्रेटरी राजेंद्र कुमार सचिव मुस्तकीम अहमद नफीस अहमद सलीम कुरेशी नसीम कुरेशी नफीस अहमद निसार अहमद मुंसी मोहम्मद अकरम पत्रकार रामोद कुमार पत्रकार नरेश कुमार आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस की सूझ बुझ से दूर हुई बाप बेटे की शंका

मण्डावर। थाना मंडावर के ग्राम मोहिद्दीनपुर मे आपसी बाप बेटे के झगडे मे लडके ने अपने माता पिता के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया पीड़ित ने थाने मे लगाई न्याय की गुहार हल्का इंचार्ज के कहने पर कामेन्द्र अपनी पत्नि के साथ बिजनौर ईलाज कराने चले गये बीती बृहस्पतिवार की शाम को ग्राम मोहिद्दीनपुर मे बाप बेटे मे किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई और उसके बाद बात इतनी बढ़ गई की लड़के ने गुस्से मे अपने माता पिता के कमरे मे आग लगाकर बाहर से ताला लगाकर घर से भाग गया उसके बाद थाने पहुंचे पीड़ित ने तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई सूत्रों की जानकारी से पता चला की लड़का विनय, कामेन्द्र की पहली पत्नि से है और दूसरी पत्नि से दो बेटियां है जिनकी शादी हो चुकी है लेकिन विनय के मन मे यह बात घर कर के बैठी है की यह जो माँ है वो सौतेली है इसी के चलते यह सारी घटना को अंजाम दिया गया है लेकिन जब संवादाता ने हल्का इंचार्ज नरेश कुमार से बात की तो उन्होंने बताया की यह बाप बेटे का आपसी झगड़ा था और जो घर मे आग लगी है वो बिजली के शॉर्ट शर्किट के कारण जिसकी कल तहरीर दी थी लेकिन आज इनका आपसी समझौता हो गया है।

### कांग्रेस कार्यालय के बाहर स्टाल लगा कर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया

बिजनौर। शुक्रवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी ने की तथा संचालन जिला महासचिव नजाकत अल्वी ने किया। कार्यकर्ताओ ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने चाचा नेहरू के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पुष्पांजलि के बाद जिला शहर कांग्रेस कमेटी बिजनौर द्वारा शहर अध्यक्ष मीनू गोयल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय के बाहर स्टाल लगा कर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। इस अवसर पर सर्व श्रीकांग्रेस कार्यालय के बाहर स्टाल लगा कर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। इस अवसर पर मुनीश त्यागी, बिजनौर शहर अध्यक्ष मीनू गोयल, जिला महासचिव नजाकत अल्वी, अब्दुल समद आजाद, वीरेश गहलोत, काजी आतिफ, हीरा देवी, विमला शर्मा, हिमांशु देवरा, इकबाल अहमद ठेकेदार, पदम्‌सिंह, चौ०बिजेन्द्र सिंह, मुस्तकीम आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय स्पेयरहेड टीम प्रशिक्षण में वंशिका ने पेंटिंग के माध्यम से दिया गंगा स्वच्छता का संदेश

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता



नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना अंतर्गत सात दिवसीय कार्यशाला के आज समापन दिवस पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कोर, नमामि गंगे जिला संयोजक जितेन्द्र राजपूत, जिला युवा अधिकारी नम्रता कौशल, नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी पुलकित जाग्रवाल, उपस्थित रहे। कार्यशाला के समापन अवसर पर नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी पुलकित जाग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला के अंतर्गत 50 स्पेयरहेड गंगा सेवको को जोड़ा गया जो प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद गंगा नदी को स्वच्छ रखने हेतू ग्राम ग्राम जाकर स्वयंसेवक की भांति जागरूक करेगे। कार्यशाला में उपस्थित मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कोर ने उपस्थित सभी गंगा सेवको को जागरूक करते हुए बताया कि आप सभी गंगा सेवक बहुत शौभाग्य शाली है जो गंगा नदी को स्वच्छ अविरल व निर्मल बनाये रखने हेतु जागरूकता हेतू चयनित हुए है इसलिए आवश्यक है व नैतिक जिम्मेदारी भी है कि हमे आगे भी समाज को यही संदेश देना है कि हमे कभी भी गंगा नदी को दूषित नही करना है व हमेशा यही प्रयास करना है कि गंगा नदी स्वच्छ रहे अविरल रहे व निर्मल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जिला युवा अधिकारी नम्रता कौशल ने सभी गंगा सेवको को शुभकामनाएं दी व सभी से आह्वान किया कि हमे समाज के सभी सकारात्मक कार्यो में भाग लेना है व सभी को यही संदेश देना है कि हमे गंगा नदी को साफ रखना है कूड़ा कचरा इत्यादि नही फेकना है। सात दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर चारुल रानी ने मानो तो मैं गंगा माँ हूं गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया साथ ही बिलाल व शहाना ने 7 दिन कार्यशाला के अंतर्गत जो भी सीखा व क्या क्या गतिविधियों को आयोजित किया ईद सम्बंध में विस्तार पूर्वक बताया व निश्चय भी किया कि हम सभी स्वयंसेवक की भांति गंगा नदी को स्वच्छ रखने हेतू समाज को जागरूक करेगे व प्रेरित करेंगे। कार्यशाला में उपस्थित छात्रा वंशिका ने माँ गंगा व गंगा बैराज घाट के संध्या कालीन दृश्य को पेटिंग के माध्यम से बनाया व सभी को संदेश दिया कि माँ गंगा की अद्भुत छटा मनमोहक होती है व माँ गंगा मोक्षदायिनी है इसलिए हमें कभी भी गंगा नदी को दूषित नही करना है।

## अर्थदंड के सम्बन्ध में अपील दाखिल करें अन्यथा अपने वेतन से उसकी कटौती कराना सुनिश्चित करें: विनय

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता

अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि जिन विभागीय अधिकारियों पर सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अर्थदंड लगाया गया है, वे तत्काल उक्त सम्बन्ध में अपील दाखिल करें अन्यथा अपने वेतन से उसकी कटौती कराना सुनिश्चित करें। इसी के साथ उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल का प्रतिदिन अवलोकन करें और यदि कोई शिकायत अथवा सूचना उस पर पाई जाए तो तत्काल उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें और उसकी सूचना प्रभारी अधिकारी आरटीआई राजस्व को भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि पोर्टल पर उसे निस्तारित किया जा सके। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासन के सभी विभागों तथा विभागाध्यक्ष कार्यालयों, मंडलायुक्त कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय, सभी पुलिस जोन परिक्षेत्र एवं अधीक्षक कार्यालयों के लिए आरटीआई ऑनलाइन व्यवस्था शुरू कर दी गई है तथा भविष्य में इस व्यवस्था को शेष लोक प्राधिकरण में भी लागू किये जाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि आरटीआई ऑनलाइन के क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक लोक प्राधिकरण हेतु तीन अधिकारी यथा नोडल अधिकारी, जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी को यूजर नेम एवं पासवर्ड उपलब्ध करा दिया गया है ताकि उनके द्वारा निर्धारित पोर्टल पर अवलोकन कर उपलब्ध सूचना का निराकरण किया जा सके। उन्होंने बताया कि नोडल अधिकारी का दायित्व है कि वह आरटीआई ऑनलाइन व्यवस्था के तहत प्राप्त आवेदन को संबंधित जन सूचना अधिकारी अथवा अपीलीय अधिकारी को प्रेषित करें ताकि उनके माध्यम से आवेदन को समयपूर्वक निस्तारित किया जा सके। उन्होंने बताया कि आरटीआई ऑनलाइन व्यवस्था के अंतर्गत आवेदक द्वारा दिए गए मोबाइल नम्बर पर एसएमएस द्वारा अथवा ईमेल पर आवेदन की प्राप्ति की सूचना उपलब्ध होगी तथा जिस स्तर पर उसको निस्तारण के भेजा जाएगा, उसकी सूचना भी आवेदक को उसके मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होगी।

## राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत हर घर जल पर आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता



जल जीवन मिशन कार्यक्रम हर घर जल के अन्तर्गत राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा विंग्स संस्था के माध्यम से जनपद स्तर पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार मे किया गया। कार्यशाला का शुभारंम्भ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि हर घर व व्यक्ति को स्वच्छ व साफ पानी उपलब्ध हो इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होगें। उन्होंने कहा कि हर घर नल से जल लाना है व गांव को खुशहाल बनाना है।

राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा विंग्स (वेल्फेयर एण्ड इलस्ट्रेशन ऑफ नीडी ग्रामीण सोसाईटी) संस्था लखनऊ के माध्यम से आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि हर घर व व्यक्ति को स्वच्छ व साफ पानी उपलब्ध हो इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होगें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसके लिए निरन्तर कार्य कर रही है। पाईप पेयजल परियोजनाओ के माध्यम से ग्रामो मे साफ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर नल से जल लाना है व गांव को खुशहाल बनाना है।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि अधिकारी पाईप पेयजल योजनाओं को धरातल पर उतारें अगर पेयजल परियोजनाओं के निर्माण या संचालन मे किसी भी प्रकार की कोई समस्या आ रही है तो संबंधित अधिकारी सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने कहा कि हर घर नल से जल उपलब्ध हो इसके लिए हम सबको एकजुट हो कर प्रयास करने होगें। अधिशासी अभियन्ता जल निगम भरत सिंह ने बताया कि जनपद मे वर्तमान में 156 पाईप पेयजल परियोजनाएं संचालित है। जनपद मे ग्रामीण क्षेत्रो मे पाईप पेयजल परियोजनाओ के लिए 02 एजेन्सियां एल0सी0 इनफ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लि0 व वी0पी0एल0 लि0 कार्यरत है जिनका कार्य जारी है। विंग्स के जिला समन्वयक वी0के0 प्रजापति ने बताया कि उनकी संस्था ग्रामो मे हर घर नल योजना, साफ पेयजल की आवश्यकता व उपयोगिता तथा साफ-सफाई आदि विषयो पर ग्रामो मे 11 विद्याओं के माध्यम से ग्रामीणों जागरूक कर प्रचार-प्रसार करते है। उन्होंने बताया कि अफजलगढ व कोतवाली ब्लॉक मे कार्य जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई

नजीबाबाद। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला अध्यक्ष शेर बाज पठान के निर्देशन में स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। नगर के माल गोदाम तिराहे पर आयोजित कार्यक्रम में समस्त कांग्रेसियों ने देश के पहले प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शर्बत का शिविर लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। जिला महासचिव हाजी नसीम अंसारी नगीना प्रभारी, दयावती, मुस्लिम अमजद सिद्दीकी, मोहम्मद नवेद, मनोरे नेता, के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकास शर्मा, शौकीन सैनी, असलम अंसारी, श्रीमती दयावती, मुस्लिम अमजद सिद्दीकी, नदीम फारुकी, नईम अख्तर, वसीम अख्तर, नईम अंसारी, कयूम अंसारी, जीशान सैफी, मोहम्मद दिलशाद, मोबीन अहमद, मोहम्मद दिलशाद, कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

### जल कल विभाग को ज्ञापन देकर नलों को ठीक करवाने की मांग की

धामपुर। हिन्दू ब्लड बैंक सेवा चैरिटेबल ट्रष्ट शाखा धामपुर के नगर महामंत्री संयम जैन ने शुक्रवार को जेई जलकर नगर पालिका धामपुर को ज्ञापन दिया व अवगत कराया कि पड़ रही भीषण गर्मी में जनता पानी पीने के लिए दर दर भटक रही है नगर के वार्ड 19 में लगे हैडपंप में आ रहे गन्दे पानी से जनता व वार्ड वासी को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है संयम जैन चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान नही हुआ तो आंदोलन करने के विवश होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका धामपुर की होगी ज्ञापन देने वालो में संयम जैन, उदित बाल्मीकि, यश शर्मा, दीपक शर्मा, फैजल आदि मौजूद रहे।

### शिया कम्युनिटी की ओर से जायरीनों के लिए सबील-ए हुसैनी खिदमती कैम्प लगाया

नजीबाबाद। शिया कम्युनिटी जनपद बिजनौर की ओर से जायरीन के लिए रेलवे स्टेशन पर सबील-ए हुसैनी खिदमती कैम्प लगाया गया। कैम्प का उदघाटन चेयरपर्सन पति मौअज्ज खां एड० स्टेशन अधीक्षक जयपाल सिंह व जीआरपी थाना प्रभारी सुभाष तोमर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। दरगाहे आलिया नज्फे हिन्द जोगीपुरा में चार दिवसीय मजालिस शुरू हो गई हैं ।बता दें कि इस समय दरगाह पर देश के कोने कोने से जायरीन आ रहे है और दूर दराज से आने वाले जायरीनो की खिदमत के लिए रेलवे स्टेशन पर कैम्प लगाया गया है। कैम्प के माध्यम से जायरीनो के लिए पानी एंव ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर बाकर हसनैन, जीशान हैदर, साबिर रजा, कल्बे अब्बास एड. जमाल अब्बास, मौजिघ्ज अब्बास शब्लू, जाफर हसनैन, फिरोज हैदर, उरूज जैदी, अली रजा आदि मौजूद थे।

### कूटरचित षड़यंत्र रचने के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हीमपुर दीपा। थाना हीमपुर दीपा में श्रीमति संतोष देवी पत्नी स्व0 रामलाल निवासी ग्राम खानपुर खादर तहसील चांदपुर जनपद बिजनौर ने थाना हीमपुर दीपा पर तहरीर दी कि 16 मई 22 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके पोते को फोन करके धीमरपुर नहर पर बुला लिया तथा वह ग्रेटा फार्म पर पहुंच गया और वंहा उसके पोते को किन्ही 02 अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया तथा दोनो फरार हो गये।

# राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में सीएम बोले- जनादेश का अनादर ना करे विपक्ष

लखनऊ, एजेंसी



उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सदन को संबोधित किया। विधान भवन में पाचवें दिन की कार्यवाही के दौरान मंडप में मुख्यमंत्री ने इस दौरान विपक्ष को करारा हमला भी किया। उनको अपनी सरकार की प्राथमिकता से भी अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शायराना भी हो गए और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी तंज कसा। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्यपाल जी को धन्यवाद, जिन्होंने 23 मई को समवेत सदन को संबोधित किया। उन्होंने सरकार के पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों का परिचय दिया और भावी कार्ययोजना भी बताईं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की कुछ बातों पर मुझे आश्चर्य हो रहा था। एक होता है व्यक्ति चुनावी सभाओं में बोलता है। मीठी-मीठी बातें करता है। लेकिन सदन में अगर जमीनी धरातल की बात होती तो बेहतर होता। वह तो सदन में भी वैसे ही रहते हैं। जनता जानती थी कि कौन शिलान्यास कर रहा है और कौन उद्घाटन कर रहा है। कौन राशन दे रहा है, कौन अपराधों को नियंत्रण कर रहा है। जनता जनार्दन जानती थी और इसलिए तमाम अफवाहों को दरकिनार करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर विश्वास किया और सरकार को पुनः आने का अवसर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता विपक्ष का भाषण मैंने सुना। नेता विपक्ष अखिलेश यादव ने अपनी उपलब्धियां बताईं। इस दौरान सदन की गरिमा भी तार-तार हुई। उनको अब तो तो समझाना होगा कि जनता ने हमें अपना आशीर्वाद दिया। उत्तर प्रदेश की जनता ने हमें जनादेश दिया है। विपक्ष इस जनादेश का निरादर न करे तो बेहतर है। जनता को सब पता था,इसलिए हमें मौका दिया। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव जीतने पर वह बताते हैं कि ईवीएम गड़बड़ है। हमको जनता ने चुना है और हम उनके दम पर धमाकेदार तरीके से काम कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान चुटकी भी ली और कहा कि अभिमान तब होता है जब आपको लगता है कि आपने कुछ किया है। और सम्मान तब होता है जब लोग कहें कि आपने कुछ किया है। हमें अपने कार्यों से जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त होता है। जनता का जनादेश भाजपा नेतृत्व के कार्यों के प्रति एक आशीर्वाद है। हम ढिंढोरा पीट कर नहीं कहते कि हमने पांच एक्सप्रेस वे बना दिया, एयर कनेक्टिविटी दे दी। जनता ने तमाम अफवाहों को दरकिनार कर हमको समर्थन दिया। प्रदेश में तो 37 वर्षों के बाद कोई सरकार फिर से आई है और हम भी धमाकेदार ढंग से अपना काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी आबादी का राज्य है। हर सरकार ने कुछ न कुछ प्रयास जरूर किया होगा। लेकिन आखिर हम क्यों जनता की अकांक्षाओं का प्रतीक नहीं बन पा रहे थे। हम जीते तो ठीक, भाजपा जीते तो ईवीएम की गड़बड़ी। यह कहना जनता का अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव में यहां बंगाल से एक दीदी आई थीं। जबकि उनके अपने राज्य में चुनाव के दौरान व्यापक हिंसा की घटनाएं हुईं। 242 में से 142 सीटों पर हिंसक घटनाएं घटी थीं। इसके कारण 25 हजार बूथ प्रभावित हुए थे। भाजपा के दस हजार से अधिक कार्यकर्ता शेल्टर होम में जाने को मजबूर हुए थे। चुनाव में 57 लोगों को हत्या हुई। 123 महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार हुआ। यह सब उस वेस्ट बंगाल में हुआ जहां की आबादी यूपी की आबादी की आधी है। उत्तर प्रदेश में चुनाव के बाद भी और पहले भी कोई हिंसा नहीं हुईं। क्या यहां भाजपा की सरकार नहीं होती तब भी ऐसा होता।

## महिला के साथ धक्कामुक्की करने वाला दारोगा लाइन हाजिर

कानपुर। बर्रा थाना क्षेत्र में महिला संग धक्कामुक्की करके मोबाइल छीनने वाला दारोगा को डीसीपी पूर्वी ने लाइन हाजिर कर दिया है। दारोगा का महिला संग अभद्रता करते हुए वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ था। बर्रा पुलिस ने दारोगा का नाम सामने आते ही तहरीर बदलवाकर रिपोर्ट दर्ज की थी। बर्रा निवासी महिला के मुताबिक उनके बेटे की शादी नवंबर 2016 में चकेरी निवासी युवती संग हुई थी। जिससे उनका साढ़े चार वर्षीय पौत्र भी है। महिला का आरोप था कि बहू के प्रेम प्रसंग होने और मोबाइल पर वाट्सएप चैट मिलने पर विरोध किया था तो बहू पौत्र को लेकर मायके चली गई थी। आरोप है कि 21 अप्रैल को बहू मायके वाले और चकेरी थाना क्षेत्र के दारोगा रामकुमार त्रिपाठी को लेकर घर आई थी। हेलमेट लगाए दारोगा ने बेटे से अभद्रता की थी। विरोध पर उनसे भी धक्का मुक्की करके उनका मोबाइल छीनने प्रयास किया था। जिसका वीडियो वायरल हुआ था। डीसीपी पूर्वी प्रमोद कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए दारोगा रामकुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

## पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्टरी का किया पदार्फाश



संभल, प्रात: किरण संवाददाता

अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान तथा ऑपरेशन पाताल के तहत आलोक कुमार जयसवाल अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार के कुशल निर्देशन में यह अभियान चलाया गया सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने धरपकड़ अभियान के तहत एक बड़ी कार्यवाही करते हुए मुरादाबाद हाईवे पर वीएम धर्म कांटे से करीब 50 मीटर आगे मुरादाबाद की तरफ हाते मैं खंडहर नुमा कमरे में से मय 12 अवैध शस्त्र तथा कारतूस और शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित दोनों आयुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों अभियुक्त 1.हनीफ पुत्र यामीन मोहल्ला मियां सराय माता का थान थाना संभल जनपद संभल 2.नफीस पुत्र वहीं निवासी ग्राम हरीशपुर थाना महेश्वर जनपद पाकुड़ झारखंड ऑल गुसाईं बैठा बिल्सी जनपद बदायूं जिनके पास से अवैध शस्त्र फैक्ट्री जिसमें दो अदद पोनियां 315 बोर एक अदद पोनिया 12 बोर 5 अदद तमंचे देसी 12 बोर 4 अदद तमंचे देसी 315 बोर तीन कारतूस जिंदा तथा दो कारतूस खोखा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस 12 बोर तथा अवैध शस्त्र बनाने के पुर्जे उपकरण बरामद किए गए।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत की बैठक आयोजित

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत की बैठक में वर्ष 2022 के प्रदेश गौरव, समाज गौरव, सरस्वती, साहित्य रत्न व कर्तव्यनिष्ठ सम्मानों की घोषणा तीस जून को करने का निर्णय लिया गया। समिति के राष्ट्रीय संरक्षक/ सलाहकार डॉ ए एच रजा के आवास पर सम्पन्न हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत की बैठक में कार्यों की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व राष्ट्रीय महासचिव कुसुम ने बताया कि वर्ष 2022 के प्रदेश गौरव, समाज गौरव, सरस्वती, साहित्य रत्न, हिन्दी गौरव, कर्तव्यनिष्ठ, शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ, डॉ बी आर अम्बेडकर प्रतिभा सम्मान, साबित्री बाईं फूले, नन्ही देवी रामस्वरूप, सजग प्रहरी, हम्माद अहमद तथा सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन सम्मानों की घोषणा 30 जून को की जायेगी।

सम्मानों के चयन के लिए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम के अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। जिसका सदस्य डॉ यू सी सक्सेना, डॉ आनन्द कुमार सिंह, सुशील कुमार भगत जी, त्रिवेदी प्रकाश सर्राफ, डॉ ए एच रजा, इंजीनियर सलमान अख्तर, हाजी केसर नवाज, डॉ शहजाद आलम, मुशीर खां तरीन, डॉ मौ इरफान खान, डॉ जिकरूल हक, डॉ नितिन दालभ, डॉ मौ शावेज, नाहिद रजा, कुसुम, रूबी, रजनी कान्ता चौहान, मन्जू सक्सेना, डॉ स्वदेश सिंह तथा डॉ किश्वर जहां जैदी को बनाया गया।

समिति की राष्ट्रीय महासचिव कुसुम के नेतृत्व में सात सदस्यीय सांस्कृतिक व ऐतिहासिक दल 29 मई को सुबह उत्तराखंड के रामनगर और गिरिजा देवी मंदिर जायेगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के लिए पर्यावरण समिति का गठन किया गया। जिसका प्रभारी राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी तथा सहायक प्रभारी चिंकी दिवाकर, रजनी कान्ता चौहान, नाहिद रजा तथा मन्जू सक्सेना को बनाया गया। पांच को पर्यावरण विषय में एक संगोष्ठी होगी तथा वंश गोपाल तीर्थ समेत आधा दर्जन स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा। बैठक में रजनी कान्ता चौहान, मन्जू सक्सेना, नाहिद रजा, डॉ नायरा जौहर , कुसुम, रूबी, चिंकी दिवाकर, भारती ठाकुर तथा दीक्षा ठाकुर आदि ने भाग लिया।

## बागपत में दिनदहाड़े गेटवे स्कूल में फायरिंग

बागपत। दिल्ली-यमुनोत्री नेशनल हाईवे के पास स्थित गेटवे पब्लिक स्कूल में बदमाशों ने फायरिंग की। प्रधानाचार्य, दो मासूम छात्रा व एक अभिभावक गोली के छर्रे लगने से घायल हुए। पुलिस ने मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनमें से दो के पैर में गोली लगी। वहीं फैंटम बाइक फिसलने से दो पुलिसकर्मी घायल हुए। शुक्रवार दोपहर स्कूल की छुट्टी होने से पहले छह-सात नकाबपोश बदमाश गेट के पास खड़े थे। सीसीटीवी कैमरे में देखने के बाद प्रधानाचार्य अमित चौहान ने वहां पर पहुंचकर बदमाशों को चले जाने के लिए बोला। तब तक स्कूल की छुट्टी हो गई थी। प्रधानाचार्य और बदमाशों के बीच कहासुनी हुई। इसी को लेकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इससे भगदड़ मच गई। गोली के छर्रे लगने से प्रधानाचार्य अमित चौहान, कक्षा एक की छात्रा देवांशी पुत्री विनित, अनन्या पुत्री दीपक और अभिभावक सुनील कुमार निवासीगण ग्राम सिसाना घायल हुए। शोर शराबा होने पर बदमाश भागने लगे। घायल प्रधानाचार्य अमित चौहान ने साहस का परिचय देते हुए अभिभावकों के साथ मिलकर बदमाशों का पीछा किया।

# सरकारी योजनाओं का लाभ लेना हर पात्र व्यक्ति का अधिकार : अनंत अग्रवाल

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने मंदिरों में पहुंचकर जन जागरण कार्यक्रम के तहत सरकारी योजनाओं से लाभ लेने, पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। वर्तमान माह मई में आयोजित धर्म सभा में पारित प्रस्ताव के अनुसार हिंदू जागृति मंच ने संभल को पर्यटन स्थल घोषित कराने के लिए जहां दौड़-धूप शुरू की है। वही मंदिर मंदिर जाकर जन जागरण अभियान भी प्रारंभ किया है, जिसके अंतर्गत आज नगर के पंजाबी मंदिर में हिंदू जागृति मंच के मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में हिंदू जागृति मंच के सदस्य पहुंचे। वहां उपस्थित महिला समाज से आह्वान किया कि वे स्वयं अथवा उनके संपर्क में आने वाले गरीब, असहाय, जरूरतमंद लोगों, परिवारों तक सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। हिंदू जागृति मंच के मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, श्रमिक पेंशन, किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना, स्वरोजगार योजना तथा कच्चे मकान से पक्के मकान बनाने की योजना के तहत तीन लाख रुपए मिलने की योजना सहित केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। यह हर एक पात्र व्यक्ति का अपना अधिकार है। उन्होंने बताया कि मंदिर में आने जाने वाले सभी भक्तों को मंदिर के पुजारी पंडित नरेश चंद्र शर्मा से संपर्क करने, उन्हें अपनी स्थिति बताने और किसी भी कल्याणकारी योजना से लाभ लेने के लिए उनसे संपर्क करना होगा। पुजारी जी से प्राप्त नाम जिस योजना में उपयुक्त बैठते होंगे उस योजना से लाभान्वित कराने की जिम्मेदारी हिंदू जागृति मंच की होगी। मंदिर के पुजारी पंडित नरेश चंद्र शर्मा ने कहा कि मंदिर के सभी भक्तों का एक ऐसा व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किया जाएगा जिसमें मंदिर में होने वाली सभी गतिविधियां प्रेषित की जाएंगी। साथ ही कोई भी योजना का प्रचार- प्रसार सहजता से हो सकेगा। कार्यक्रम में ममता राधू, पूनम मदान, रामा चावा, अनीता शर्मा, अंजली मदान, नीलम पसरीजा, मधु गंभीर, आदि उपस्थित रहे। संचालन अतुल कुमार शर्मा ने किया।

# दुकान के विवाद में अखाड़ा बना मेरठ मेडिकल थाना, धरने पर बैठे भाजपा कार्यकर्ता



मेरठ, एजेंसी

दुकान के विवाद में मेडिकल थाना अखाड़ा बन गया। बीजेपी कार्यकताओं ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। सूचना पर सीओ सिविल लाइंस पहुंचे और मामले को निपटाने का प्रयास किया। आरोपित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद कार्यकर्ता शांत हुए। इंचोली थाना क्षेत्र के मसूरी निवासी पूजा की शादी 4 साल पहले नौचंदी थाना क्षेत्र के वैशाली कॉलोनी निवासी अवधेश से हुई थी। अवधेश की गढ़ रोड पर मेडिकल थाना क्षेत्र में दुकान है। करीब 8 माह पहले अवधेश की बीमारी से मौत हो गई थी। आरोप है कि ससुर श्याम सिंह और देवर अनुज ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। अवधेश की दुकान पर भी कब्जा कर लिया। शुक्रवार को पीड़िता के पक्ष में बीजेपी कार्यकर्ता मेडिकल थाने पहुंचे थे। पुलिस ने दूसरे पक्ष को भी बुला लिया था। आरोप है कि इस दौरान पुलिस ने बीजेपी कार्यकताओं से अभद्रता कर दी। इसकी सूचना पर बड़ी संख्या में भाजपाई थाने पहुंच गए और हंगामा करने लगे। भाजपाई शंभू पहलवान सागर पोसवाल राजेश निगम आदि ने पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग की। सीओ देवेश कुमार मौके पर पहुंचे और जांच के बाद दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## एसएन मेडिकल कॉलेज में छूट रही नशे की लत

आगरा। नशे की लत है, इसे छोड़ सकते हैं। इसके लिए एसएन मेडिकल कालेज में एम्स, दिल्ली के सहयोग से चल रहे नशा मुक्ति केंद्र और ड्रग ट्रीटमेंट सेंटर (डीटीसी) में नशे की लत छुड़वाने के लिए इलाज किया जा रहा है। 72 घंटे से चार दिन में शरीर से नशा डीटाक्सीफिकेशन खत्म कर दिया जाता है। एसएन मेडिकल कालेज के मनोरोग विभाग के अध्यक्ष डा. विशाल सिन्हा ने बताया कि नशे की लत लगने पर तीन चरणों में इलाज किया जाता है। पहले नशा छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, इसके बाद दूसरे चरण में दवाएं देकर डीटाक्सीफिकेशन किया जाता है। इससे 72 घंटे से चार दिन में शरीर से नशा खत्म हो जाता है और नशा छोड़ने पर शरीर में कंपन्न, व्यवहार में बदलाव सहित अन्य तरह की समस्याएं भी समाप्त हो जाती हैं। इसके बाद मेंटेनेंस थैरेपी में दवाएं दी जाती हैं। ये दवाएं घर पर ले सकते हैं। नशा छोड़ने का मन बना लिया है तो एक से चार महीने में नशे की लत छूट जाती है।

# ज्ञानवापी मस्जिद में जुमे की नमाज में उमड़ी भीड़, सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

वाराणसी, एजेंसी



ज्ञानवापी केस की शुरूआत होने के साथ ही अमूमन कम लोगों के साथ होने वाली जुमे की नमाज में माह भर से शुक्रवार को लोगों का जमावड़ा भी खूब हो रहा है। ऐसे में बीते शुक्रवार को अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने लोगों को अपने घरों के पास मस्जिद में नमाज अदा करने की अपील की थी। अब दोबारा शुक्रवार का दिन होने की वजह से किसी भी मामले की सुनवाई भले न हो लेकिन जुमा का दिन होने की वजह से लोगों की भीड़ को रोकने की पहल कमेटी और जिला पुलिस प्रशासन की ओर से की गई। वहीं दोपहर सवा दो बजे नमाज खत्म होने के बाद भीड़ बाहर निकली तो प्रशासन ने राहत की सांस ली। जुमे की नमाज को लेकर ज्ञानवापी मस्जिद के आसपास पुलिस की जबरदस्त नाकेबंदी की गई है। गोदौलिया और मैदागिन से आने वाले रास्ते पर चार लेयर की बैरिकेडिंग की गई है। एक बजे के बाद होने वाली नमाज के लिए दोपहर 12:30 बजे से ही नमाजियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। जो वाजु करके नहीं आये उन्हें ज्ञानवापी के सामने एक मकान में नमाज की प्रक्रिया के लिए भेजा जा रहा है ।दोपहर एक बजे नमाज के लिए मुफ्ती बनारस अब्दुल बातिन नोमानी ज्ञानवापी पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लेने के बाद नमाज की प्रक्रिया शुरू कराई।

बीते शुक्रवार को नौबत यह हो गई थी कि परिसर में नमाजियों की अथाह भीड़ हो गई। कमेटी की ओर से वालंटियर तैनात कर लोगों की भीड़ को नियंत्रित करना पड़ा था। वहीं पूरा परिसर अथाह नमाजियों से भरने की वजह से लाउडस्पीकर से लोगों से अपील कर उनको घरों की ओर लौटने और घर के पास अन्य मस्जिदों में नमाज पढ़ने की अपील करनी पड़ी थी। वहीं जिला पुलिस प्रशासन को भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। भीड़ को नियंत्रित करने के क्रम में कई मार्गों से यातायात का जिम्मा विभाग को संभालना पड़ा था।

वहीं इस बार भी जुमे की भीड़ को संभालने के लिए पूर्व से ही अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से संदेश जारी कर मस्जिद में भीड़ न बढ़ाने की अपील की गई है। इस बाबत सुबह से ही मस्जिद कमेटी की ओर से वालंटियर को पास जारी कर व्यवस्था बनाने की तैयारी की गई है। दूसरी ओर गेट नंबर चार के पास भारी सुरक्षा बलों की तैनाती करने के साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता का दौर चल रहा है।

## तस्लीम की गिरफ्तारी के बाद हुसना ने संभाला चरस का धंधा

मेरठ। पश्चिम उत्तर प्रदेश के चरस तस्कर गैंगस्टर तस्लीम के जेल जाने के बाद मुंहबोली बहन हुसना ने धंधा संभाल लिया था। हाल में हुसना लोगों को चरस सप्लाई कर रही थी। पुलिस ने टाउन हाल में चरस की सप्लाई करते हुए तीन आरोपितों को दबोच लिया। उनके कब्जे से आठ पुड़िया 16 हजार की नकदी बरामद की है। पुलिस ने तस्लीम और हुसना समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ कोतवाली अरविंद चौरसिया ने बताया कि देहलीगेट पुलिस ने टाउन हाल से चरस बेचते तीन आरोपितों को पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि हुसना की चरस सप्लाई करते है। पड़ताल में सामने आया कि हुसना गैंगस्टर तस्लीम की मुंहबोली बहन है। तस्लीम के जेल जाने के बाद हुसना ने ही चरस का धंधा संभाल रखा है। हुसना ही आसपास के जनपदों में चरस की सप्लाई दे रही है। जेल में बंद तस्लीम के इशारे पर ही चरस की सप्लाई जनपद में उतारी जा रही है।

# लखनऊ में अब मंकी पाक्स वायरस को लेकर अलर्ट जारी

लखनऊ, एजेंसी



मंकी पाक्स को लेकर सीएमओ ने गुरुवार को सभी अस्पतालों में अलर्ट जारी किया है। साथ ही जरूरी एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। मंकी पाक्स के लक्षण मिलने वाले मरीजों को अलग वार्ड में भर्ती करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने बताया कि अभी कोरोना के बाद मंकी पाक्स वायरस ने जन्म लिया है। हालांकि, अभी कोई भी मरीज सामने नहीं आया है लेकिन अस्पतालों को सजगता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ के मुताबिक, मंकी पाक्स नामक वायरस से व्यक्ति को पहले बुखार आता है उसके बाद शरीर में चक्कते पड़ने लगते हैं लिम्फनोड़ जैसे लक्षण मिलते हैं। जो दो से चार सप्ताह तक रहता है। यह वायरस आंख, नाक, मुंह के जरिए शरीर में दाखिल होता है। इसके अलावा संक्रमित जानवरों के काटने पर भी यह संक्रमण हो सकता है। अगर किसी भी मरीज में इस तरह का कोई लक्षण पाया जाता है तो उसके नमूने को पूणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट वायरोलाजी लैब में भेजा जाएगा।

क्या है मंकी पाक्स वायरस: मंकीपाक्स स्मालपाक्स की तरह ही एक वायरल इन्फेक्शन है, जो चूहों और खासकर बंदरों से इंसानों में फैल सकता है। अगर कोई जानवर इस वायरस से संक्रमित है और इंसान उसके संपर्क में आता है तो संभावना है कि उसे भी मंकीपाक्स हो जए। यह देखने में चेचक का बड़ा रूप लगता है, इसमें लगभग लक्षण भी वहीं हैं। डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डा विक्रम सिंह कहते हैं, संक्रमित व्यक्ति को आइसोलेशन में रखा जाता है, जिससे दूसरे को ये बीमारी न फैले।

जानकारी | दीपक बाक्सर गैंग दिल्ली के महीपालपुर स्थित हास्टल में शरण लिए हुए था

# साढ़े तीन लाख के इनामी दीपक को बनाया प्रयाग हत्याकांड में आरोपित

मेरठ, एजेंसी




एलएलबी के छात्र प्रयाग चौधरी हत्याकांड में जितेंद्र मान सिंह गोगी के शूटर दीपक बाक्सर का नाम भी प्रकाश में आया है। साढ़े तीन लाख के इनामी दीपक बाक्सर ने ही प्रयाग हत्याकांड में गाड़ी और हथियार मुहैया कराए थे। हाल में सनी काकरान और अतुल भी दीपक बाक्सर गैंग के साथ काम कर रहे थे। हाल ही दीपक बाक्सर ने दिल्ली के रोहिणी में जैगुआर में सवार शेखर सन्नाटा की हत्या की थी। टिल्लू ताजपुरिया का शूटर था शेखर सन्नाटा। टिल्लू ताजपुरिया पर आरोप था कि उसने रोहिणी कोर्ट में जितेंद्र मान सिंह गोगी की हत्या कर दी थी। गोगी की हत्या के बाद दीपक बाक्सर उस गैंग को संचालित कर रहा है। एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने बताया कि पुलिस तीनों बदमाशों को सोनीपत से बी-वारंट पर लेकर आएगी। उसके बाद उनसे पूछताछ की जाएगी। ताकि उनके द्वारा किए घटनाक्रम की जानकारी मिल सकें।

सोनीपत में पकड़े गए सनी, अतुल और नसरूददीन पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। उनकी अवैध तरीके से कमाई संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही एनएसए भी लगाया जाएगा। ताकि जेल से जमानत नहीं मिल सकें। उनके बाहर रहने पर कानून व्यवस्था प्रभावित होती है।

दीपक बाक्सर गैंग दिल्ली के महीपालपुर स्थित हास्टल में शरण लिए हुए था। सनी, अतुल और संदीप समेत सभी बदमाश हास्टल में रहते थे। प्रयाग की हत्या करने के बाद संदीप हास्टल में चला गया था, जबकि अतुल, सनी और नसरूददीन सोनीपत में रहने लगे थे। सोनीपत में नसरूददीन का बहनोई रहता है। उसका वाटर सप्लाई का काम है। सभी बदमाश उसके घर पर रह रहे थे। पुलिस और एसटीएफ की टीम दिल्ली के महिलापुर स्थित हास्टल में रहकर आरोपितों के आने का इंतजार कर रही थी। इसी बीच तीनों ने सोनीपत में सरेंडर कर दिया।

दो बीघा जमीन को लेकर सनी काकरान से चली आ रही रंजिश पर प्रयाग चौधरी के पिता निरंकार भी उसकी सुरागरसी कर रहे थे। शुक्रवार को सनी काकरान निरंकार की हत्या करने आया था। उस समय निरंकार के घर पर नहीं मिलने की वजह से प्रयाग की हत्या कर दी। सनी को शक था कि निरंकार पुलिस से उसकी मुखबिरी कर रहा है।

कंकरखेड़ा की पावली खुर्द में 20 मई की सुबह को एलएलबी छात्र प्रयाग चौधरी हत्याकांड में नामजद एक लाख का इनामी सनी काकरान और उसके शूटरों की गिरफ्तारी के बाद भी पीड़ित स्वजन खौफ में जी रहे हैं। पीड़ित स्वजन सनी और उसके साथियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को मृतक प्रयाग की तेहरवीं के हवन में पहुंचे नाते-रिश्तेदार और ग्रामीणों ने नम आंखों से मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गुरुवार को पीड़ित पिता निरंकार चौधरी ने बताया कि कानून के शिंकजे में आने के बाद भी सनी काकरान व उसके शूटरों से उनके समेत स्वजन को खतरा मंडरा रहा है। सीओ आशीष शर्मा ने बताया कि स्वजन को पूरी तरह से पुलिस सुरक्षा दी गई है।

# पं. जवाहरलाल नेहरू की 58 वी पुण्यतिथि मनाई गई

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरु जी की 58 वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद ने कहा की पंडित नेहरू ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी थे उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लगभग 3259 दिन लगभग 9 साल जेल में गुजारे वह लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद में विश्वास रखते थे।

एक महान राजनीतिज्ञ और प्रभावशाली वक्ता होने के साथ-साथ वह महान लेखक भी थे 1955 में पंडित नेहरू जी को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के विचार राजनीति और हमारे राष्ट्र के लिए दृष्टिकोण उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे नेहरू जी के मूल्य हमेशा हमारे कार्यों और विवेक को मार्गदर्शन करते रहेंगे।

पंडित नेहरू जी ने देश की कमान तब संभाली जब देश भुखमरी गरीबी और अशिक्षा जैसी महामारी की स्थिति से गुजर रहा था लेकिन नेहरू जी के कुशल नेतृत्व ने देश को नए आयाम दिए उन्होंने आईआईटी ,आई आई एम एस ,नासा जैसे महत्वपूर्ण अनुसंधान कायम किए 74 साल की आयु में हृदय गति रुकने से उनका देहांत हो गया। इस अवसर पर वीर सिंह सागर आरिफ खान तनवीर अकील अहमद अभिषेक कुमार इफ्तेखार कुरेशी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तावडू में जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

तावडू, शहर व क्षेत्र में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर नेहरूजी के सिद्धांतों पर चलने का निर्णय लिया गया। शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित 1 कार्यालय में शुक्रवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि पर 1 कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नेहरू जी के सिद्धान्तों पर चलने का निर्णय लिया। इस अवसर पर पंजाबी समाज के प्रधान प्रमोद आहुजा ने कहा कि स्वतंत्रा संग्राम सैनानी और भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को 27 मई 1964 को सीने में दर्द होने की शिकायत से उनका निधन हो गया था। वह महान लोकतांत्रिक मूल्यों वाले नेता थे।वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं सरपंच प्रदीप खटाना ने कहा कि नेहरू ने तमाम मुश्किलें उठा कर धर्म निरपेक्ष ढांचे की नींव रखी और उसकी पूरी शक्ति से हिफ ाजत भी की। नेहरू के करिश्माई नेतृत्व के कायल दुनिया भर के कई नेता रहे। इस अवसर पर राजकुमार, हरी राम, मनोज कुमार, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, भगवान सिंह, हरकेश कुमार, अरविंद, राजाराम, संगपाल, नरेश कुमार, हरि किशन, रामलाल आदि लोग मौजूद थे।

### तावडू के ग्रामीण आंचल में सफाई व्यवस्था नहीं होने से गांव में महामारी फैलने का डर

तावडू। उपमंडल के गांव खोरी कलां के ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी वर्षों से गांव में सफाई नहीं कर रहे। जिससे गांव में महामारी फैल रही है। ग्रामीणों का कहना था कि हर घर में कोई न कोई व्यक्ति बीमारियों की चपेट में है। ग्रामीण कई बार प्रशासन को समस्या अवगत करा चुके हैं। लेकिन ग्रामीणों की कोई सुनवाई प्रशासन नही हुई। जिस कारण अब ग्रामीण आंदोलन करने का मन बना चुके है। ग्रामीणों का कहना था कि समय रहते प्रशासन नही जागा तो आंदोलन का वह स्वयं जिम्मेवार रहेगा। ग्रामीण पहलवान तुफान, हबीब, ईसन, नरेश कुमार, भूप सिंह, संजय कुमार, संदीप कुमार आदि ने बताया की गांव में सफाई तो दूर की बात है, गंदे पानी की निकासी भी बंद होने के कारण गांव में चारों तरफ गंदगी व कीचड से दुर्गंध से जीना मुहाल है। गदगी में कीडे व मच्छर-मक्खी पनप रहे हैं। जिससे ग्रामीण बीमारियों की चपेट में है।

### सोहना में दिल्ली बड़ोदरा हाइवे रोड पर काम को लेकर किया फायर।

सोहना पलवल रोड पर सदर थाना अंतर्गत लगते गांव सांचौली के पास दिल्ली मुंबई वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे के फ्लाईओवर के काम को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। जहां एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर अवैध हथियार से फायर कर दिए और फरार हो गए। वही फायर को लेकर सदर थाना पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांचौली थाना सदर सोहना के नजदीक फ्लाईओवर दिल्ली बड़ोदरा हाईवे सोहना पलवल रोड पर काम कर रहे ठेकेदार जावेद पुत्र कमरुद्दीन वासी रणसीका थाना हथीन जिला पलवल व हरीश ड्राइवर हाइड्रा वासी आटा थाना रोजका मेव जिला नूह की आपस में काम करने को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर हाइड्रा के चालक हरीश ने फोन करके कुछ व्यक्तियों को बुला लिया जो करीब 5/6 व्यक्ति मोटरसाइकिल व स्कूटी पर सवार होकर आए और आते ही हवाई फायर करके वापस भाग गए।

# 'कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करने आए'

## जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने पार्टी कार्यकताओं की बैठक गोपाल वाटिका, सेक्टर- 88, ग्रेटर फरीदाबाद में अध्यक्षता की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हर दिल अजीज, युवाओं की धडकन, दिग्विजय सिंह चौटाला शामिल हुए। उनके फरीदाबाद आगमन पर जेजेपी जिला अध्यक्ष ने फूलों का गुलदस्ता भेंट करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बैठक में दिग्विजय सिंह चौटाला ने पार्टी के सभी कार्यकर्ता साथियों की समस्याओं को सुना तथा उनका मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों को बोलकर समाधान भी किया।



इस कार्यकर्ता बैठक में गुलदस्तों की बाढ़ सी आई हुई थी। हर तरफ कार्यकर्ता अपने प्रधान महासचिव को गुलदस्ता देकर पार्टी की मजबूती की खुशी व्यक्त कर सम्मानित कर रहे थे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा की जेजेपी पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने जिला स्तरीय कार्यकर्ता मीटिंग में समस्याओं को सुना और उनका समाधान मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देकर समाधान कराया है, वह काबिले तारीफ है इससे पार्टी के कार्यकर्ता को मजबूती मिलेगी और संगठन मजबूत होगा। इस मौके संगठन के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण जाखड़ ने कहा कि दिन प्रतिदिन जननायक जनता पार्टी अर्थात हमारा परिवार एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करता है इसलिए हम मिलकर एक दूसरे की समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हैं यह सब ईश्वर की कृपा और डॉक्टर अजय सिंह चौटाला का स्नेह है। इस मौके पर जे जे पी संगठन के राष्ट्रीय सचिव ठाकुर राजाराम, कृष्ण जाखड़, धर्मवीर तेवतिया, राजेश रावत एडवोकेट, मानिक मोहन शर्मा, मनोज गोयल सदस्य हरियाणा ट्रेडर वेलफेयर बोर्ड हरियाणा सरकार . पृथला हल्का अध्यक्ष जग्गी मेंबर, फरीदाबाद हल्का अध्यक्ष कुलदीप तेवतिया, बल्लबगढ़ हल्का अध्यक्ष दीपक चौधरी,, तिगांव हल्का अध्यक्ष अमर नरवत, बडखल हल्का अध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह, महिला जिला अध्यक्ष हरमीत कौर, युवा जिलाध्यक्ष नलिन हुड्डा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक,यू एल वी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राहुल गोस्वामी, इनसो जिला चैयरमेन रवि शर्मा, के अलावा अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

# सरकारी स्कूलों में एनएसक्यूएफ के विद्यार्थियों को बांटी गई टूल किटें

घरौंडा, प्रात : किरण संवाददाता

नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क यानी एनएसक्यूएफ के तहत सरकारी स्कूलों में नौवी से 12वीं कक्षा तक के छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा दी जा रही है। किताबी ज्ञान के साथ-साथ छात्र कोर्स संबंधित अभ्यास भी कर सके, इसलिए सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को टूल किट भी दी जा रही है।शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैमला में बीईओ दलबीर सिंह ने पीसीए (पेशेंट केयर अटेंडेंट) के विद्यार्थियों को हेल्थ केयर टूल किट वितरित की। जिसमें हेल्थ केयर से संबंधित सामान उपलब्ध करवाया गया है। जिसको छात्र अपने पास रखकर स्कूल और घर पर प्रेक्टिस कर सकेंगे। मुख्यरूप से पहुंचें बीईओ दलबीर सिंह, प्रिंसिपल ओमप्रकाश, समाजसेवी सुलतान सिंह, तरूणा, सुनीता व अन्य ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें कोर्स से होने वाले फायदों से परिचित करवाया। उन्होंने कहा कि छात्रों को बेरोजगारी से निकालने के लिए सरकार का एक बड़ा प्रयास है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्या मंदीप शर्मा की अध्यक्षता में गांव के निवर्तमान सरपंच संदीप कल्याण ने एग्री कल्चर व ऑटोमोबाइल के छात्रों



- प्रेक्टिस कर तराशेंगे हुनर, सरकार के प्रयासों में नहीं है कोई कमी -बीईओ

को टूल किट वितरित की। मंदीप शर्मा ने बच्चों को जीवन में कोई न कोई गुण अपनाने के लिए प्रेरित किया। गांव अराईपुरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निवर्तमान सरपंच महेंद्र सिंह राणा ने प्रिंसिपल जनकदुलारी की अध्यक्षता में ऑटोमोबाइल व ब्यूटी एंड वेलनेस के 83 छात्र-छात्राओं को टूल किट दी। इस मौके पर कैमला स्कूल में पूर्व सरपंच राजपाल डिंगर माजरा, ईशा मेडम, मुकेश धीमान, मीनाक्षी, अराईपुरा स्कूल में एसएमसी प्रधान रामशरण सिंह, बलबीर सिंह, ईलम सिंह, ऋषिपाल, राजेंद्र सिंह, प्रदीप पान्नू, नरेश सैनी तथा कुटेल स्कूल में जीत सिंह मान, राजकुमार, सुरेश कुमार, कुसुम वधवा, जयसिंह, शमशेर, महेंद्र, कर्मसिंह, रवि, सत्यदेव, सतपाल, राहुल व अन्य मौजूद रहे।

# 29 मई की रैली को लेकर धर्मबीर भड़ाना ने किया अहम बैठक का आयोजन

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

**आयोजन**

- कुरूक्षेत्र में होने वाली 29 मई की रैली होगी ऐतिहासिक : धर्मबीर भड़ाना

शुक्रवार को जिला कार्यालय पर कुरूक्षेत्र में होने वाली 29 मई की रैली को लेकर अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने की। बैठक को सबोंधित करते हुए धर्मबीर भड़ाना ने कहा की आगामी 29 मई को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृतव में होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली ऐतिहासिक होगी। प्रदेश के कोने-कोने से लोग उनको देखने के लिए भारी संख्या में रैली में शिरकत करने पहुंचेंगे। उन्होने कहा की 29 मई को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली काफी अहम होगी और यह प्रदेश की राजनीति को एक नई दिशा देगी। इस रैली को लेकर जहां पार्टी कार्यकताओं में काफी जोश है, वही आम लोगों में भी इसके लिए भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक पंचायत व निकाय चुनाव कराने से बचलती आ रही प्रदेश की सरकार को न्यायालय के आदेशों पर मजबूरी में चुनाव करवाने पड़ रहे हैं, अन्यथा यह सरकार पिछले काफी समय से इससे बचती आ रही थी। इस अवसर पर जिला महासचिव भीम यादव, ओपी वर्मा, राकेश भड़ाना, परवेश मेहता गुलशन बग्गा, साउथ जोन से महिला अध्यक्ष मंजू गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष वाई.के शर्मा, बडखल विधानसभा अध्यक्ष मनीष भाटिया, एनआईटी विधानसभा अध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला प्रवक्ता हंसराज दाहिमा, सुरेंद्र गुप्ता, मुल्कराज भड़ाना, एडवोकेट सिकंदर शर्मा, दीप्तेश भारद्वाज, चंचल तंवर, महेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 45 छात्रों को वितरित की गई हेल्थ केयर टूल किट शिक्षा के साथ-साथ डॉक्टर बनेंगे मेवात के छात्र

पुन्हाना, प्रात : किरण संवाददाता

पुन्हाना जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में अब 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी बुखार चेक करने के साथ प्राथमिक उपचार भी दे सकेंगे।

इसके लिए स्कूलों में पहली बार एनएसक्यूएफ के तहत हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने हेल्थ केयर टूल किट वितरित की जा रही है। पुन्हाना उपमंडल के गांव सिंगार के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को हेल्थ केयर टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांव के निवर्तमान सरपंच व विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमसी चेयरमैन के द्वारा 10वीं व 12वीं के 45 छात्रों को हेल्थ केयर टूल किट वितरित की गई। स्कूल में संबंधित शिक्षकों ने छात्रों को टूल किट का प्रयोग व उसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। स्कूल में कार्यरत वोकेशनल टीचर आरस्तून




ने बताया की शिक्षा विभाग विद्यार्थियों को स्वरोजगार में आत्मनिर्भर बनाने के लिए एनएसक्यूएफ (राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क) के तहत विभिन्न स्किल कोर्स करवाए जा रहे है। जिसमें हेल्थ केयर कोर्स को भी शामिल किया गया। उन्होंने बताया की पीसीए के सभी छात्रों को इसकी ट्रेनिंग दी जा रही है । ट्रेनिंग के पश्चात विद्यार्थी स्वयं परिवार का व अपना फीवर इत्यादि चेक करके प्राथमिक उपचार ले सकेंगे। शिक्षा विभाग की इस पहल के पीछे मकसद है कि छात्र पढ़ने के साथ साथ कुछ व्यवसायिक गतिविधियां सीखें ताकि उनकी कुछ आमदनी भी हो सके।

वंही हेल्थकेयर किट प्राप्त करने के बाद छात्रों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना की। इस मौके पर वोकेशनल टीचर इमरान खान,नरेश कुमार सहित स्कूल स्टाफ के अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार पर लगाम कस मनोहर लाल ने दी लोगों को राहत : राजेश नागर

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में जिस प्रकार भ्रष्टाचार समाप्त कर सभी वर्गो को जो राहत दी है वह सराहनीय है। यह विचार तिगांव के विधायक श्री राजेश नगर ने फरीदाबाद आईएमटी एसोसिएशन की कार्यकारिणी मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। आपने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल हरियाणा में भ्रष्टाचार का काल है ये बात भ्रष्ट लोगो को याद रखनी है क्योंकि किसी को भी भरष्टाचार में लिप्त होने पर बक्शा नही जायेगा।

श्री नागर ने कहा की उद्योगपतियों की समस्याओं को समाप्त करने हेतु सरकार ने लगभग सभी विभागों को ऑनलाइन कर दिया है। ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत 15 दिन में जवाब देना अनिवार्य है और यदि ऐसा नहीं होता तो आवेदक की फाइल वरिष्ठ अधिकारी को स्वम चली जायेगी और यही प्रक्रिया अगले 15 दिन उपरांत उसके वरिष्ठ अधिकारी को और यदि 45 दिन में कोई जवाब नही आया तो फाइल को स्वीकृत माना जायेगा। नागर ने कहा कि विभाग द्वारा जवाब न देने ओर देरी के लिए विभाग के उच्च अधिकारी को तलब कर कार्यवाही की जाएगी। उद्योग सरकार के लिए अति महत्वपूर्ण है क्योंकि वे राजस्व के साथ रोजगार प्रदान करते है जो खुशहाल प्रदेश के लिए अति आवश्यक है। भूटानी ने कहा की उद्योगपति सरकार और आमजन के बीच कड़ी का काम करता है क्योंकि सरकार को राजस्व और आमजन को रोजगार प्रदान करने के साथ साथ वह समाज में सेवा के रूप में भी विख्यात है।

आपने सरकार और विभाग से उद्योगपतियों की समस्याओं के मार्ग दर्शक बन सहायता करने की भी अपील की। इस अवसर पर सर्वश्री एम के महतानी, राजेश नांगिया, रमेश अरोड़ा, एस एस दहिया, एम एल शर्मा, प्रवीण पराशर सहित आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# होड़ल-बड़कली मार्ग को मरम्मत कराने की मांग, मार्ग टूटा होने के कारण बढ़ रही है सड़क दुर्घटनाए

नूंह,प्रात : किरण संवाददाता

दो विधानसभा व दो लोकसभा क्षेत्रो के अंतर्गत आने वाले तथा नूंह जिले को पलवल, फरीदाबाद जिलों के अलावा दिल्ली व उत्तरप्रदेश राज्यो से जोड़ने वाला सबसे व्यस्तम होडल -बड़कली मुख्य मार्ग पिछले काफी समय से जगह जगह से टूटा होने के कारण पूर्णरूप से दुर्घटना ग्रस्त मार्ग बना हुआ है। गहरे गड्ढो में तब्दील इस मार्ग के अधिक टूटा हुआ होने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। मार्ग टूटने की शिकायत सामाजिक कार्यकताओं द्वारा सम्बंधित विभाग सहित पुन्हाना व होड़ल के उमण्डल स्तर के अधिकारियों के समक्ष रख दी है। लेकिन सिवाय आश्वासन व खानापूर्ति के कोई कार्यवाही नही हो रही है। लोगो ने जिला प्रशासन एवं सम्बंधित विभाग अधिकारियों से मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की है।आपको बता दे कि बड़कली-होड़ल मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या छोटे व बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। ये कहना भी गलत नहीं होगा कि व्यापारिक दृष्टि से यह मार्ग जिला नूंह को उत्तरप्रदेश व दिल्ली राज्यो के अलावा अन्य जिलों से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी है। पुन्हाना से गांव सिंगार, नीमका, बिछोर, चौखा, चांदनकी, लाहवास इत्यादि गांवो के समीप गहरे गढ्ढे बने हुए है। जो इन दिनो वाहन चालकों के लिए सबसे परेशानीदायक मार्ग बना हुआ है। मार्ग में इतने गढ्ढे बने हुए है कि वाहनों में नुकसान के साथ साथ हर समय दुर्घटनाएं होने का भय बना रहता है। समाजसेवी धर्मवीर सैनी, ला. मूलचंद गोयल, विनोद कुमार पिनगवां, समाजसेवी मनीष सिंगला, रविन्द्र सीकरी, पार्षद जुबेर खान, अभिषेक सीकरी आदि ने बताया कि प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में नई नई सड़को का जाल बिछाकर व सड़को को गढ्ढा मुक्त करने के प्रयास से प्रदेश में प्रगति के पंख लगा रही है, लेकिन स्थानीय अधिकारी व कर्मचारी सरकारी की प्रयासशील नीतियों को पलीता लगाने का काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि होड़ल बड़कली मार्ग जगह जगह टूटा होने के कारण रोजमर्रा चलने वाले लोगो के अलावा यात्रियों के लिए परेशानीदायक मार्ग बना हुआ है, ऐसा कोई दिन बीतता हो जिस दिन मार्ग टूटा होने के कारण दुर्घटनाएं ना होती हो या जाम नही लगता हो। मार्ग टूटा होने की शिकायत उनके द्वारा प्रशासन के सम्बंधित विभाग अधिकारियों को कई बार करने के बाद कोई सुनवाई नही हो पाई है।

# गुडगांव महिला सीट घोषित होते ही जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की दावेदारी पक्की

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

शुक्रवार दोपहर को गुडगांव, फरीदाबाद, सोनीपत नगर निगम में मेयर पद महिला के लिए आरक्षित होना तथा यमुनानगर मेयर पद पर अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित होने के वीडियो के वायरल होने पर गुरुग्रम में पिछले काफी अरसे से मेयर का चुनाव लडने वाले लोगों में कई स्थानों पर खुशी जाहिर की गई तो कई स्थानों पर गमी का माहौल बन गया। गौरतलब है कि गुरुग्राम में पिछले काफी लंबे अरसे से मेयर का चुनाव लडने के लिए अनेक लोग न केवल अपने आकाओं से संपर्क बनाए हुए थे, बल्कि जनता के बीच में अपने आपको मेयर के तौर पर पेश करने के लिए लोगों के बीच संपर्क अभियान भी चलाया हुआ था। शुक्रवार को





- वर्तमान मेयर पर भारी पड़ जिलाध्यक्ष को दिया जा सकता है मेयर का सिंहासन
- गुडगांव महिला मेयर पद की घोषणा होते ही शहरवासियों में चचाओं का बाजार गर्म

वीडियो वायरल होने के बाद गुरुग्राम में महिला मेयर पद का नाम आने की चर्चा के चलते अब लोगों की नजरें भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ तथा वर्तमान मेयर मधु आजाद के नाम पर टिकी हुई है। गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों से भाजपा में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुकी तथा गुरुग्राम में पार्षद बनने के बाद प्रदेश सरकार द्वारा गार्गी कक्कड़ को खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का चेयरपर्सन के पद से नवाजा गया था। इसके बाद प्रदेश सरकार ने साझा होने के चलते उन्हें गुरुग्राम की भाजपा की जिलाध्यक्ष का पद सौंप दिया गया, जोकि वर्तमान में जिलाध्यक्ष के पद को बखूवी निभा रही हैं। लोगों की नजरें अब वर्तमान जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ को मेयर के रुप में बनाए जाने की चचाएं चल रही हैं। जहां एक ओर महिला आरक्षित सीट होने के चलते वीडियो वायरल होने से महिला का नाम शहर में चाय की दुकान से लेकर शोरुमों तक यह चर्चा रही कि अबकी बार भी गुडगांव में महिला को मेयर पद से नवाजा जाएगा। यदि ऐसा होता है तो जो पुरुष जनता के बीच में पहुंचकर मेयर बनने का प्रयास कर रहे थे, हो सकता है वह प्रदेश सरकार की गाइडलाईन को देखते हुए अपनी पत्नी या भाभी आदि को महिला मेयर बनाने के लिए प्रयास तो नहीं करेंगे।

# सीवर का पानी ओवर फ्लो के चलते व्यापारियों के समर्थन में उतरे विधायक और व्यापार मंडल संघ

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

सोहना सीवर का पानी बाजार में ओवर फ्लो को लेकर आक्रोश में व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर सड़क को तख्त लगाकर बंद कर दिया।सड़क बंद करते ही व्यापारी वर्ग एकत्रित हो गया और आक्रोश में नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ व्यापारियों के समर्थन में व्यापार मंडल संघ के प्रधान और विधायक भी पहुंच गए।जहां व्यापारी प्रशासन की इंतजार में धूप व भीष्ण गर्मी में दरी बिछाकर बैठे रहे।

लगभग एक घंटे बाद एस डी एम और नगर परिषद के ई ओ अतर सिंह मौके पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों से बात की। जहां।व्यापारियों के साथ बैठे विधायक कुंवर संजय सिंह ने एसडीएम व नगर परिषद के ईओ अतर सिंह को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया और बताया कि पिछले 3 दिन से मेन बाजार में सीवर ओवरफ्लो होने के चलते सीवर का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। प्रशासन व्यापारियों की सुन नहीं रहा। वही एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने साथ में आए ई ओ अतर सिंह से एवं पब्लिक हेल्थ के आए जी से बात कर सीवर साफ कराने के लिए समय मांगा जहां उन्होंने 4:00 बजे तक सीवर साफ कराने का आश्वासन दिया और व्यापारियों को शांत कराया। उसके पश्चात विधायक कंवर संजय सिंह ने हनुमान बगीची के साथ बने नाले




- मौके पर पहुंचे एस डी एम और विधायक हुए आमने सामने,व्यापारियों ने की प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी।

का निरीक्षण किया। जहां व्यापारियों द्वारा पॉलिथीन और कूड़ा करकट फेंका गया था और वहां मौजूद विधायक कुंवर संजय सिंह ने अतर सिंह को नाले की सफाई के दिशा निर्देश दिए।

आपको बता दें कि पिछले तीन दिनों से सीवर ब्लॉक होने के चलते सीवर का पानी बाजार में सड़क पर भर गया था जहां व्यापारी और जनता परेशान थे।जिसकी शिकायत नगर परिषद व पब्लिक हेल्थ के अधिकारियो को की गई थी।

वहीं व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी ने व्यापारियों से अपील की है कि सभी व्यापारी अपने अपने प्रतिष्ठान पर डस्टबिन रखें और कूड़ा नगर परिषद की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में डालें।नाले नालियों में पॉलिथीन डालने से नालियां, सीवर ब्लॉक हो जाते हैं।जिसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अंबाला।** गांव दादूपुर निवासी 8 माह की गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है अचानक तबीयत बिगड़ने पर विवाहिता को मुलाना के एमएम अस्पताल से पीजीआई रेफर किया गया था तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उसे अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल में लाया गया जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था पुलिस ने अपनी मौजूदगी में महिला का पोस्टमार्टम कर मृत बॉडी जैसे ही बाहर निकाली कि अचानक ससुराल में मायके वाले दोनों पक्षों के बीच में झगड़ा हो गया देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी मौके पर खड़े पुलिस मुलाजिमों ने जैसे तैसे मामले को शांत करवाया करीब 1 घंटे तक चले हंगामे के बाद परिजन शव को गांव दादू को लेकर गए और वहां पर संस्कार करवाया चौकी प्रभारी एएसआई बलकार सिंह ने कहां की शव ले जाने को लेकर ससुराल में मायके पक्ष भिड़ गए थे बाद में मामला शांत करवा दिया गया था फिलहाल मौत की कार्रवाई अमल में लाई गई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो पाएगा

# क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण के लिए लगातार प्रयासरत : सीमा त्रिखा

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

बडखल विधानसभा क्षेत्र की विधायिका श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्य करण के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। उनका एक ही उद्देश्य एवं प्रयास है कि लोगों को बेहतरीन सुविधाएं एवं बेहतरीन वातावरण मुहैया करवाया जाए। मुक्त वक्तव्य शुक्रवार को श्रीमती सीमा त्रिखा ठ्ठ्3 जी ब्लॉक में पार्क का उद्घाटन करने के दौरान थे। सीएम उद्घोषणा संख्या 25284 के तहत 20 लाख रुपए की लागत से किए गए कार्यों का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा की पार्क का सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण किया जाएगा।

बडखल विधानसभा क्षेत्र में अधिकतर पार्कों की काया पलट कर दी गई है। इसके बावजूद भी कुछ क्षेत्रों में बदहाल पार्क है उनको भी जल्द ही बेहतरीन रूप दिया जाएगा। सीएम अनाउंसमेंट के तहत क्षेत्र में ताबड़तोड़ विकास कार्य किए जा रहे हैं और भाजपा सरकार में विकास कार्यों की गति इसी प्रकार जारी रहेगी। उन्होंने



कहा कि बडखल झील का कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही बडखल झील पानी से सरोबार होगी। क्षेत्र के विकास में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। फरीदाबाद में भी इतनी व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं कि आने वाले कुछ दिनों में फरीदाबाद की शक्ल एवं सूरत बदल जाएगी। जब कोई भी व्यक्ति अपने मकान को तोडकर बनाता है तो उसे परेशानी आना संभावित है। ऐसा ही कुछ फरीदाबाद के साथ है लेकिन बहुत जल्दी फरीदाबाद के विकास को एक नई गति व नया स्वरूप मिलेगा।

इस मौके पर उनके साथ अमित आहूजा, संजय अरोड़ा, पंडित सुरेंद्र शर्मा, यशपाल जयसिंह, ओमप्रकाश विरमानी, नवीन जेटली, पी डी अरोड़ा, युद्धिस्टर आहूजा, लेखराज टुटेजा, बिट्टू टुटेजा, राजेश सोनी, सुधीर कपूर, प्रदीप विरमानी, सुरेंद्र नासा, चंद्रकांत सेतिया, संजय महेंद्रू, ओमप्रकाश ढींगरा, आशा भाटिया, सरिता, विशंबर भाटिया आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें



### डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज से चार ब्रांड खरीदेगी टोरेंट फार्मास्युटिकल्स

नई दिल्ली। टोरेंट फार्मास्युटिकल्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज से चार ब्रांड खरीदने के लिए एक समझौता किया है। टोरेंट फार्मा ने एक बयान में कहा कि अहमदाबाद स्थित दवा फर्म ने डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज के साथ उसके चार ब्रांडों झ्र स्टिप्टोविट-ई, फिनेस्ट, फिनेस्ट-टी और डायनाप्रेस का अधिग्रहण करने के लिए एक समझौता किया है। कंपनी ने सौदे के वित्तीय विवरण की जानकारी नहीं दी।

### शालीमार पेंट्स को चौथी तिमाही में 13 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा

नई दिल्ली। शालीमार पेंट्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध घाटा 31 मार्च, 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में सिमटकर 12.73 करोड़ रुपये रह गया है। शालीमार पेंट्स ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में 28.56 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 5.55 प्रतिशत घटकर 105.54 करोड़ रुपये रह गयी, जो एक साल पहले समान तिमाही में 111.74 करोड़ रुपये थी।

### सन फार्मा ने रोमानिया में फिटरमेन फार्मा के यूरेक्टिव कारोबार का अधिग्रहण किया

नई दिल्ली। दवा कंपनी सन फार्मा ने शुक्रवार को कहा कि उसकी अनुषंगी ने रोमानिया की कंपनी फिटरमेन फार्मा के यूरेक्टिव कारोबार का अधिग्रहण कर लिया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि रोमानिया में उसकी अनुषंगी एससी टेरापिया एसए ने मिनरल, विटामिन समेत फूड सप्लीमेंट, सौंदर्य प्रसाधन और चिकित्सा उपकरणों वाले यूरेक्टिव कारोबार का अधिग्रहण कर लिया है। कंपनी ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया है। सन फार्मा में कार्यकारी उपाध्यक्ष, जेनेरिक आरएंडडी के प्रमुख आलोक सांघवी ने कहा, यह अधिग्रहण रोमानिया और नजदीकी बाजारों में बिना चिकित्सक पर्चे के लिए जा सकने वाले अपने उत्पादों का विस्तार करने की हमारी रणनीति के अनुरूप है।

### इंडोसोलर के अधिग्रहण के लिए वारी एनर्जीज को मिली एनसीएलटी की मंजूरी

नई दिल्ली। सोलर मॉड्यूल विनिमार्ता वारी एनर्जीज ने शुक्रवार को कहा कि इंडोसोलर लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए उसे राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधीकरण (एनसीएलटी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा, सोलर सेल की विनिमार्ता इंडोसोलर लिमिटेड के कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के तहत अधिग्रहण के लिए वारी एनर्जीज लिमिटेड द्वारा दी गई समाधान योजना को एनसीएलटी की दिल्ली शाखा से 21 अप्रैल 2022 को मंजूरी मिल गई। इस अधिग्रहण के साथ ही वारी एनर्जीज की सौर सेल विनिर्माण क्षमता बढ़कर 5.4 गीगावॉट हो जाएगी। कंपनी ने बताया कि अधिग्रहण के बाद इंडोसोलर संयंत्र से करीब छह महीने में विनिर्माण परिचालन शुरू होने का अनुमान है।

# पेटीएम ने यात्रा की मांग के साथ फ्लाइट टिकटों की बुकिंग में दर्ज की मजबूती

## मांग में मजबूत सुधार और घूमने-फिरने के उद्देश्य से यात्रा करने की ग्राहकों की इच्छा के कारण हवाई यात्रा की रोजाना होने वाली बुकिंग्स में बड़ा उछाल दर्ज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड, जोकि भारत की अग्रणी डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा कंपनी ब्राण्ड पेटीएम की स्वामी है, ने आज घोषणा की है कि पेटीएम ऐप के माध्यम से हवाई यात्रा के टिकटों की बुकिंग में तेजी से उछाल आया है। दुनियाभर में यात्रा पर लगी रोक में छूट मिलने से घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय यात्रा में आई बढ़त इसका प्रमुख कारण है।

कंपनी ने अपनी ऐप के माध्यम से हवाई यात्रा की टिकटिंग पर रोचक रूझान साझा किये हैं। जनवरी के मध्य से लेकर अप्रैल 2022 के दौरान पेटीएम ऐप ने हवाई यात्रा के बढ़ते किराये के बावजूद रोजाना बुक होने वाले ग्राहकों की संख्या में 50% से ज्यादा बढ़त देखी। इसके साथ ही टिकट रद्द होने में भारी कमी आई, जो जनवरी के मध्य के 22% से घटकर अभी 6% पर है। इसके अलावा, पेटीएम ऐप से रोजाना होने वाली टिकट बुकिंग्स में से कम से कम 35% की यात्रा की तिथियाँ 15 दिन से ज्यादा है, जो जनवरी के मुकाबले 23% अधिक है। इससे ग्राहक के मजबूत भरोसे का पता चलता है।




**मांग**

- फरवरी के मध्य से बैंकॉक और फुकेट के लिये बुकिंग्स में 6 गुना बढ़त
- यूजर्स की सुविधा को बढ़ाने के लिये प्रमुख बैंकों के साथ भागीदारी में छूट (डिस्काउंट्स) की पेशकश

कंपनी ने जनवरी से लेकर अप्रैल के दौरान लीशर यानी कि यूं ही घूमने-फिरने का आनंद लेने के लिये घरेलू यात्रा में उच्च मांग भी देखी है। गोवा और पोर्ट ब्लेयर जैसे लोकप्रिय गंतव्यों के लिये फ्लाइट टिकटों की बुकिंग्स में क्रमशः 150% और 300% बढ़त दर्ज हुई है। मार्च के अंत से वैश्विक यात्रा बहाल होने के साथ पेटीएम ऐप के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के लिये टिकट की बुकिंग भी बढ़ी है और यह हफ्ते-दर-हफ्ते लगातार 30% की वृद्धि कर रही है।

दिलचस्प रूप से, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिये रोजाना होने वाली बुकिंग मई में साल की शुरूआत के मुकाबले 4 गुना ज्यादा है। पेटीएम ऐप पर हवाई टिकट की बुकिंग्स के मुताबिक, टॉप तीन विदेशी गंतव्य हैं यूएई, थाइलैण्ड और नेपाल। कंपनी ने फरवरी के मध्य से बैंकॉक और फुकेट के लिये बुकिंग में 6 गुना बढ़त दर्ज की है। इस बीच, अन्य लोकप्रिय गंतव्य, जैसे सिंगापुर, इंडोनेशिया और मलेशिया भी ऐसी ही मांग देख रहे हैं। ग्राहकों की सुविधा को बढ़ाने और बढ़ती मांग पूरी करने के लिये पेटीएम प्रमुख बैंकों के साथ भागीदारी में उड़ान के टिकट की बुकिंग पर 15% तक छूट की पेशकश कर रही है। ये बैंक हैं आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, सीआईटीआई, एचएसबीसी, बैंक ऑफ बड़ौदा, आदि।

पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा, हमने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिये ग्राहक की मांग बढ़ने के साथ उड़ान के टिकटों की बुकिंग में तेज वापसी देखी है। इस गति को और भी बढ़ाने और अपने यूजर्स को सुविधा देने के लिये हमारे पास कई रोमांचक ऑफर्स और छूट हैं, जो पेटीएम ऐप के माध्यम से उड़ान के टिकट की बुकिंग पर मिल सकती हैं।

यूजर्स के लिये पेटीएम द्वारा फ्लाइट टिकट के अलावा अपनी सुपर ऐप से बस, ट्रेन, इवेंट और मेट्रो के टिकट आसानी से बुक करने की सुविधा भी दी जाती है।

यूजर्स पेटीएम के कई पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स के माध्यम से ऐसी बुकिंग्स के लिये आसानी से भुगतान कर सकते है, जैसे पेटीएम वालेट, पेटीएम यूपीआई, पेटीएम पोस्टपेड (बाय नाऊ, पे लेटर), नेटबैंकिंग, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड।

# आरबीआई ने नॉन-बैंक भारत बिल पेमेंट यूनिट्स के लिए नेट-वर्थ घटाया

## अब नहीं होगी 100 करोड़ की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नॉन-बैंक यूनिट्स के लिए भारत बिल भुगतान ऑपरेटिंग यूनिट्स की स्थापना के लिए नियमों में काफी ढील दे दी है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस सेगमेंट में अधिक कंपनियों को लाने के लिए नेटवर्थ की जरूरत को घटाकर 25 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वर्तमान में किसी नॉन-बैंक यूनिट्स के लिए भारत बिल भुगतान ऑपरेशन यूनिट्स स्थापित करने के लिए नेटवर्थ की सीमा 100 करोड़ रुपये है।

बता दें कि भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) बिल भुगतान के लिए एक इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म है। वर्तमान में एक गैर-बैंक बीबीपीओयू (भारत बिल भुगतान ऑपरेशन यूनिट्स) के लिए प्राधिकरण प्राप्त करने के लिए 100 करोड़ रुपये के नेट मूल्य की आवश्यकता थी।

भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) बिल भुगतान के लिए एक इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म है। बीबीपीएस का दायरा और कवरेज उन सभी कैटेगिरी के बिलर्स तक फैला हुआ है, जो आवर्ती बिल को बढ़ाते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि गैर-बैंक भारत बिल भुगतान परिचालन यूनिट्स (बीबीपीओयू) के लिए न्यूनतम नेट-वर्थ की आवश्यकता को घटाकर 25 करोड़ रुपये कर दिया गया है। बीबीपीएस के उपयोगकर्ता स्टैंडर्ड बिल भुगतान इक्सपीरियंस, सेंट्रलाइज्ड कस्टूमर कंप्लेन सॉल्यूशन मैकेनिज्म और निर्धारित कस्टूमर फैसेलिटी चार्ज जैसे लाभों का फायदा उठाते हैं। अप्रैल में केंद्रीय बैंक द्वारा की गई घोषणा के बाद नेट-वर्थ को घटाया गया है।

आरबीआई ने बयान में कहा था कि बीबीपीएस ने लेन-देन की मात्रा के साथ-साथ ऑनबोर्ड बिलर्स की संख्या में बढ़ोतरी देखी है। आरबीआई ने कहा था कि प्राधिकरण प्राप्त करने के लिए एक गैर-बैंक बीबीपीओयू के लिए 100 करोड़ रुपये की नेट-वर्थ बहुत बड़ी हो जाती है, जिसके कारण ज्यादा से ज्यादा प्लेयर्स इसमें भाग नहीं ले पाते हैं।

इसीलिए, आरबीआई ने भागीदारी बढ़ाने के लिए नॉन-बैंक बीबीपीओयू की नेट-वर्थ की आवश्यकता को अन्य गैर-बैंक प्रतिभागियों के साथ एलाइन करने का निर्णय लिया है।

# ओएनजीसी तेल, गैस खोज पर 31,000 करोड़ का निवेश करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देश में अवसादी बेसिन में ईंधन भंडार की संभावनाओं पता लगाने के लिए अगले तीन साल में 31,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस कदम से देश में तेल एवं गैस उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने एक बयान में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार को हुई बैठक में भविष्य की खोज रणनीति पर मुहर लगा दी।

बयान के अनुसार, कंपनी ने खोज अभियान को गति देने के लिये व्यापक रूपरेखा तैयार की है। इसके लिये अगले तीन वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 के दौरान करीब 31,000 करोड़ रुपये निवेश किये जाएंगे। यह पिछले तीन वित्त वर्ष 2018-19 से 2021-22 के दौरान खर्च की गयी राशि 20,670 करोड़ रुपये का 150 प्रतिशत है। ओएनजीसी ने कहा कि उसकी इसके लिये दुनिया की प्रमुख कंपनियों के साथ गठजोड़ की भी योजना है। इसके लिये बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। हालांकि कंपनी ने इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। भारत अपनी कुल तेल जरूरतों का 85 प्रतिशत और गैस का करीब आधा हिस्सा आयात से पूरा करता है। ऐसे में घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस की खोज और उत्पादन बढ़ने से आयात पर निर्भरता कम होगी।




# 'निवेशको के हित में सेबी का सर्कुलर किया गया है लागू'

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

ग्राहक स्तर पर कोलैटरल के निगरानी और वर्गीकरण के मामले में सेबी (सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) के सर्कुलर को 2 मई 2022 से लागू कर दिया गया है। यह विनियमन निवेशकों, विशेष रूप से खुदरा प्रतिभागियों के हितों को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम है, जिससे पूंजी बाजार को मजबूत करने में मदद मिलती है। इससे पहले ब्रोकर्स या मध्यस्थों को ग्राहकों से मार्जिन जमा करने और फिर एक्सचेंजों के साथ समेकित स्तर पर कोलैटरल जमा करने की आवश्यकता होती थी। ग्राहक स्तर पर वर्गीकरण किए बिना कोई भी ट्रेडिंग करने वाला सदस्य या ब्रोकर स्तर का कोई भी व्यक्ति यह काम कर सकता था, जहां कुल कोलैटरल का कम से कम 50% हिस्सा नकदी या नकदी समतुल्य में होना आवश्यक था।

2 मई 2022 के बाद से नए नियमन के मुताबिक अब ग्राहकों के स्तर पर ग्राहक के फंड और ब्रोकर्स के फंड्स को नकदी और गैर नकदी में अलग करना जरूरी होगा और फिर उसकी जानकारी एक्सचेंजों को देनी होगी। मौजूदा नियमन के तहत यदि कोई ग्राहक प्रतिभूतियों के रूप में मार्जिन प्रदान करता है, जो कुल मार्जिन के 50% के अधिकतम स्वीकार्य अनुपात से अधिक है, तो 50% की सीमा तक जो अंतर है, उसकी भरपाई ब्रोकर को अपने फंड से करनी होती है। इसका मतलब यह है कि ग्राहक अभी भी मार्जिन कोलैटरल के रूप में प्रतिभूतियों के अधिक अनुपात के साथ ट्रेड कर सकते हैं। हालांकि, कम से कम 50% तक के नकद घटक की फंडिंग ब्रोकर द्वारा की जाएगी। यदि स्टॉक ब्रोकर अपने ग्राहकों को मार्जिन कोलैटरल के रूप में प्रतिभूतियों के बदले नकदी फंडिंग की अनुमति देता है तो ऐसे ब्रोकर्स के लिए कार्यशील पूंजी की जरूरत में बढ़ोतरी होगी और उन्हीं ब्रोकर्स को इस तरह की इंक्रीमेंटल पूंजी तक पहुंच मिलेगी जिनके पास बेहतर पूंजी उपलब्ध हैं और जिनकी रेटिंग बेहतर है। हालांकि, एंजल वन में कुछ भी नहीं बदला है, क्योंकि न केवल हम अच्छी तरह से पूंजीकृत हैं, बल्कि हमारी फंडिंग आवश्यकताओं के लिए हमारे पास एक अच्छी रेटिंग भी है। इसलिए, हम अपने ग्राहकों को ट्रेड करने की अनुमति देना जारी रखेंगे, भले ही उनके पास अनिवार्य 50% नकद मार्जिन उपलब्ध न हो।

हमारी मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रणाली और पर्याप्त आंतरिक जमा/कार्यशील पूंजी सुविधाएं, हमें अपने स्वयं के/उधार ली गई पूंजी के माध्यम से ग्राहकों द्वारा प्रदान किए गए अतिरिक्त गैर-नकद मार्जिन कोलैटरल की फंडिंग करने में सक्षम बनाएगी। यह हमारे ग्राहकों के लिए नकद कोलैटरल की कमी को तत्काल पूरा किए बिना ट्रेडिंग की अनुमति देता है और यह अन्य प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले हमारी मुख्य खासियत भी है।

> ब्रोकर्स या मध्यस्थों को ग्राहकों से मार्जिन जमा करने और फिर एक्सचेंजों के साथ समेकित स्तर पर कोलैटरल जमा करने की आवश्यकता होती थी। ग्राहक स्तर पर वर्गीकरण किए बिना कोई भी ट्रेडिंग करने वाला सदस्य या ब्रोकर स्तर का कोई भी व्यक्ति यह काम कर सकता था, जहां कुल कोलैटरल का कम से कम 50% हिस्सा नकदी या नकदी समतुल्य में होना आवश्यक था।

### उड़ान कैपिटल ने किराना दुकानदारो को 1,600 करोड़ से अधिक का दिया ऋण

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी, उड़ान कैपिटल ने उड़ान मंच पर पंजीकृत किराना दुकानों को 1,600 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया है और 180 दिनों के भीतर वितरित राशि का 99.8 प्रतिशत हिस्सा एकत्र किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उड़ान कैपिटल के प्रमुख चैतन्य अदापा ने बताया कि कर्ज लेने वाले 40 प्रतिशत खुदरा विक्रेताओं ने पहले कभी किसी वित्तीय संस्थान से कर्ज नहीं लिया था। उन्होंने कहा, हम इस क्षेत्र को लेकर गहरी समझ विकसित करने में सक्षम हुए हैं और उन्हें प्रभावी ढंग से सेवा देने के लिए बेहतर सत्यापन प्रक्रिया तथा संग्रह क्षमताओं का निर्माण किया है। नतीजतन, 180 दिनों के भीतर वितरित राशि का 99.8 प्रतिशत हिस्सा वापस एकत्र किया जा सका है। उड़ान कैपिटल ने आवेदन के 24 घंटों के भीतर लगभग 15,000 किराना विक्रेताओं को ऋण उपलब्ध कराने का दावा किया है।

# उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में मजबूती का रुख

नई दिल्ली, एजेंसी

गुरुवार की मजबूती के बाद भारतीय शेयर बाजार आज के शुरूआती कारोबार में भी उतार-चढ़ाव का सामना करने के बावजूद मजबूती का रुख दिखाता नजर आ रहा है। आज शेयर बाजार ने मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत की और खरीदारी के समर्थन से अपनी मजबूती में इजाफा भी किया। लेकिन बाद में बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इसमें गिरावट का रुख भी नजर आया। सुबह से जारी खरीद-बिक्री के बीच शेयर बाजार लगातार उतार-चढ़ाव का सामना कर रहा है। हालांकि अभी तक के कारोबार में शेयर बाजार में मजबूती बनी हुई है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 418.97 अंक की मजबूती के साथ 54,671.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही कुछ मिनट के लिए बिकवाली का दबाव बना, लेकिन उसके बाद तेज खरीदारी शुरू हो गई, जिसके कारण शुरूआती 15 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स 539.25 अंक की मजबूती के साथ 54,791.78 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बनने लगा।

बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद बाजार में लगातार लिवाली भी होती रही। लेकिन बिकवाली का दबाव लिवाली से अधिक होने की वजह से सेंसेक्स अगले 1 घंटे के कारोबार में दिन के पहले कारोबारी सत्र के ऊपरी स्तर से 318.35 अंक की गिरावट के साथ 54,473.43 अंक के स्तर पर आ गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर बाजार में मोर्चा संभाला, जिसके कारण सेंसेक्स की स्थिति में कुछ सुधार भी आया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 2 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 11:15 बजे सेंसेक्स 257.03 अंक की मजबूती के साथ 54,509.56 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने 126.45 अंक की मजबूती के साथ 16,296.60 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। एनएसई में भी आज सुबह से लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। बाजार में कभी लिवाल हावी होते नजर आए तो कभी बिकवालों का दबाव बनता दिखा। शुरूआती 15 मिनट के कारोबार में ही खरीदारी के समर्थन से निफ्टी 159.20 अंक की तेजी के साथ 16,329.35 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बनने लगा, जिसके कारण ये सूचकांक भी ऊपरी स्तर से नीचे की ओर लुढ़कने लगा। बीच-बीच में हो रही लिवाली के बावजूद बाजार में बिकवाली के दबाव की वजह से अगले 1 घंटे के कारोबार में ही निफ्टी ऊपरी स्तर से करीब 95 अंक लुढ़ककर 16,234.65 अंक के स्तर तक पहुंच गया।

# रुचि सोया की आय पिछले साल के मुकाबले लगभग 37 फीसद बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

रुचि सोया की आय पिछले साल के मुकाबले लगभग 6 फीसद बढ़ गई। कंपनी ने की 250 फीसदी के बंपर लाभांश की घोषणा की है। रुचि सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2022 के लिए चौथी तिमाही का रिजल्ट जारी कर दिया है। पिछली तिमाही के मुकाबले रुचि सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कुल आय 5.95 फीसदी की बढ़ोतरी की है। तिमाही के लिए कर पूर्व लाभ 29,569.13 लाख रुपये है। तिमाही के लिए एबिटा 6.27 फीसदी के एबिटा मार्जिन के साथ 41,854.93 लाख रुपये है।

रुचि सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त ब्रांडों के साथ एक विविध एफएमसीजी और एफएमएचजी केंद्रित कंपनी है, जिसने वित्तीय वर्ष 2022 की अपनी पहली लिस्टिंग के बाद एक मजबूत और टिकाऊ प्रदर्शन पोस्ट करने के बाद अपने पहले लाभांश की घोषणा की। रुचि सोया ने अब अपने गौरव को वापस लौटा दिया है और अपने शेयरधारकों को रिटर्न देना शुरू कर दिया है। कंपनी ने वर्ष 2008 में 25 फीसदी के उच्चतम लाभांश का भुगतान किया था। एफएमसीजी और एफएमएचजी प्लेयर ने वित्त वर्ष 2022 में 48.22 फीसदी की प्रभावशाली राजस्व वृद्धि का प्रदर्शन किया, जो पिछले वर्ष 2021 में 16382.97 करोड़ की तुलना में बढ़कर 24284.38 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, कंपनी ने तेल व्यवसाय से प्रमुख राजस्व इकट्ठा किया है। रुचि सोया के नए प्रोडक्ट्स जैसे बिस्कुट, नाश्ते के अनाज और न्यूट्रास्यूटिकल्स ने भी 209 फीसदी की मात्रा में उछाल दिखाया है, क्योंकि पिछले वित्त वर्ष 2021 में रुचि सोया को 640.51 करोड़ रेवेन्यू हुआ था, जो अब 1979.48 करोड़ रुपये हो गया है। मार्च 2021 को समाप्त पिछले वर्ष में 1018.36 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 22 में इसका एबिटा बढ़कर 1565.98 करोड़ रुपये हो गया। इसका ऑपरेटिंग मार्जिन 6.22 फीसदी वाईओवाई आधार की तुलना में 6.45 फीसदी अधिक रहा। पिछले वित्त वर्ष 2022 के दौरान नेट प्रॉफिट भी पिछले वर्ष के नेट प्रॉफिट के मुकाबले 18.64 फीसदी की महत्वपूर्ण वृद्धि को दशार्ता है।

चौथी तिमाही 2022 में चौथी तिमाही 2021 की तुलना में कंपनी की आय में 37.38 फीसदी की वृद्धि हुई है और पिछली तिमाही तीसरी तिमाही 2022 की तुलना में 5.95 फीसदी क्यूओक्यू में भी वृद्धि हुई है। ईबीआईडीटीए की बात करें तो यह 54.68 फीसदी वाईओवाई से बढ़कर पिछले वर्ष चौथी तिमाही 2021 में 270.59 करोड़ की तुलना में यह अब 418.54 करोड़ हो गया है। ईबीआईडीटीए मार्जिन भी चौथी तिमाही 20 में 6.27 फीसदी पर मजबूत रहा है।

Ruchi
Ruchi Soya Industries Limited

**बढ़त**

- रुचि सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त ब्रांडों के साथ एक विविध एफएमसीजी और एफएमएचजी केंद्रित कंपनी है।
- रुचि सोया ने अब अपने गौरव को वापस लौटा दिया है और अपने शेयरधारकों को रिटर्न देना शुरू कर दिया है।

# यूनोकॉइन, क्रिप्टो स्पेस में भारत के पहले प्रवेशकर्ता ने एक नई ब्रांड पहचान की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

UNOCOIN
Crypto ka Super App

वेबसाइट के ताजा बदलाव, एक नया आईओएस एप्लिकेशन, एक अधिक आकर्षक ब्रांड लोगो और नई टैगलाइन- Unocoin'Crypto Ka Super App' के साथ, उपयोगकताओं को एक आकर्षक डिजिटलीकृत दृष्टिकोण और कई नई सुविधाओं का अनुभव होगा। इतना ही नहीं नए सिक्कों की लिस्टिंग के साथ ही यूजर्स अब प्लेटफॉर्म पर 80 से ज्यादा सिक्कों का व्यापार कर सकते हैं। क्या यही सब है? नहीं! Unocoin ने नई KYC (Know Your Customer) प्रक्रिया भी पेश की है जो उपयोगकताओं को वर्चुअल बैंक डिपॉजिट का उपयोग करके केवल दो घंटे में अपना पहला क्रिप्टो खरीदने की अनुमति देती है। Unocoin-Crypto Ka Super App, सुरक्षा, प्रयोज्य और कार्यक्षमता प्रदान करता है, जो क्रिप्टो ऐप के सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं। अब इस छलांग के साथ, यहां तक कि नए प्रवेशकों को अस्सी से अधिक विभिन्न प्रकार के क्रिप्टो सिक्कों से लेकर सुविधाओं की अधिकता का अनुभव करने में सक्षम होंगे, भारतीय मुद्रा में वर्चुअल बैंक डिपॉजिट के माध्यम से जमा एक तेज टॉप-अप के लिए बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो परिसंपत्तियों को खरीदने और बेचने के लिए मंच पर और बहुत कुछ। नए विकास पर टिप्पणी करते हुए, श्री सात्विक विश्वनाथ, सीईओ और सह-संस्थापक ने कहा, हमने आठ साल पहले पूरे अनुभव को अधिक उपयोगकर्ता-केंद्रित बनाकर भारत में क्रिप्टो ट्रेडिंग में क्रांति लाने के लिए शुरू किया था। हमें खुशी है कि इस नए ब्रांड की पहचान के साथ, Unocoin-Crypto Ka Super App पहला मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडियन्स और मेड बाय इंडियन्स क्रिप्टो ट्रेडिंग एंड एक्सचेंज प्लेटफॉर्म बनने की दृष्टि को बनाए रखेगा, जो स्थानीय भाषा में जाने और अपने क्षेत्रीय समुदाय के सदस्यों को पूरा करने के लिए है।

# बैंकिट ने अपने एजेन्ट प्रोग्राम के तहत कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने की घोषणा की

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारत की अग्रणी फिनटेक कंपनियों में से एक बैंकिट ने पिछले दो सालों के दौरान अपने प्रमुख एजेंट प्रोग्राम के तहत कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने की घोषणा की है। अपनी विकास यात्रा की पुष्टि करते हुए इस फिनटेक उद्यम ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 34,911 एजेन्ट्स तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 में 30,363 एजेन्ट्स को सफलतापूर्वक अपने साथ जोड़ा है।

दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई तथा बिहार के गोपालगंज और सीवान जैसे शहरों से बड़ी संख्या में एजेन्ट्स कंपनी के साथ जुड़े हैं। इसके अलावा बैंकिंग के एजेन्ट प्रोग्राम से जुड़ने वालों में 6-7 फीसदी महिलाएं हैं। प्रोग्राम की सफलता से प्रेरित होकर अब कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1,00,000 एजेन्ट्स के नामांकन का लक्ष्य तय किया है।

आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण, जरूरी बैंकिंग सेवाओं के इस दौर में आज भी तकरीबन आधी आबादी डिजिटल साक्षरता एवं वित्तीय समावेशन से वंचित है। बैंकिट डिजिटल एवं फाइनैंशियल सेवाओं से वंचित उपभोक्ताओं/ प्रवासियों की इन चुनौतियों को दूर करता है। यह ग्रामीण, अर्द्ध ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगो को आधुनिक, सुविधाजनक और सरल तरीकों से बुनियादी फाइनैंशियल एवं बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराता है।

इस उपलब्धि पर बात करते हुए बैंकिट के प्रवक्ता ने कहा, हमें खुशी है कि पिछले दो सालों के दौरान अपने प्रमुख बैंकिंट एजेन्ट प्रोग्राम के तहत हमने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। बैंकिट में हम सर्वश्रेष्ठ फिनटेक समाधान उपलब्ध कराते हैं जो हमारे उपभोक्ताओं की विभिन्न जरूरतों को पूरा करते हैं। हमें विश्वास है कि आगामी वित्तीय वर्ष हमारे लिए कई और सफलताएं लेकर आएगा और जहां तक एजेन्ट प्रोग्राम का सवाल है, हम एक के बाद एक नई उपलब्धियां हासिल करते रहेंगे।

BANKIT बैंकइट
SEND | SPEND | LEND | INVEST

**अवसर**

- इस फिनटेक उद्यम ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 34,911 एजेन्ट्स तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 में 30,363 एजेन्ट्स को सफलतापूर्वक अपने साथ जोड़ा है

# दिवाली तक हो सकता है भारत व ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता: गोयल

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन दौरे पर आए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जिस तरह दो वातार्कार दलों के बीच चीजें चल रही हैं, उसे देखते हुए कहा जाता सकता है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दिवाली तक तैयार हो सकता है तथा संभव है कि अंतरिम समझौते की आवश्यकता ही न पड़े।

गोयल दावोस में विश्व आर्थिक मंच की सालाना बैठक में शामिल होने के बाद लंदन आए जहां वह एफटीए के चौथे दौर की वार्ता से पहले हितधारकों और कारोबारी जगत के लोगों से संवाद करेंगे। यह वार्ता 13 जून को ब्रिटेन में प्रस्तावित है।

इंडिया ग्लोबल फोरम का सालाना कार्यक्रम यूक्रे-इंडिया वीक 27 जून से शुरू होने वाला है, उससे पहले बृहस्पतिवार शाम को आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ तेज गति से हुए एफटीए का जिक्र किया और कहा कि यह संकेत है कि चीजें सही दिशा में चल रही हैं। मंत्री ने कहा, कनाडा के साथ भी अंतरिम समझौता होने वाला है। ब्रिटेन के साथ भी अंतरिम समझौता करने पर सहमति बनी थी लेकिन जिस तरह से चीजें चल रही हैं, हमें लगता है कि दिवाली तक हम ब्रिटेन के साथ पूर्ण एफटीए कर लेंगे। इसे लेकर हमारे बीच बैठकें हो रही हैं जो अच्छी रही हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन पिछले महीने जब भारत दौरे पर आए थे तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत के बाद मसौदा एफटीए के लिए अक्टूबर में दिवाली तक की समयसीमा तय की गई थी।



## संक्षिप्त खबरें

### गोकुलम केरला ने लगातार दूसरा हीरो आईडब्ल्यूएल खिताब जीता

भुवनेश्वर। गोकुलम केरला ने बुधवार को यहां हीरो इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) 2022 सत्र के अंतिम दिन सेतु एफसी पर 3-1 की जीत से लगातार दूसरी ट्राफी अपने नाम की। दोनों टीमों ने इस मैच से पहले लगातार 10-10 जीत दर्ज की थी जिससे खिताब हासिल करने के लिये यह मुकाबला अपने नाम करना जरूरी था। गोकुलम केरला की ओर से लोईटोंगबाम आशालता देवी ने 14वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर किया। तमिलनाडु के क्लब सेतु एफसी ने तीसरे ही मिनट में गोल से बढ़त बना ली थी। इसके बाद सएल्शादाई अचियामपोंग ने 33वें गोल कर गोकुलम केरला को 2-1 से आगे किया। फिर मनीषा कल्याण ने टीम के लिये तीसरा गोल दागा।

### रवि शास्त्री के जन्मदिन पर सचिन सहित कई दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज और टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री अपना 60वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उन्हें क्रिकेट जगत से चारों तरफ से शुभकामना संदेश मिल रहे हैं। सचिन तेंदुलकर ने रवि शास्त्री को लेकर एक मजेदार ट्विट किया है। उन्होंने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि जो क्रिकेट के लिए जीते हैं उन्हें जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। उम्मीद है आप डाक्टर की सलाह के अनुसार ही अपना जन्मदिन मनाएंगे। इस पर रवि शास्त्री ने भी सचिन को मजेदार जवाब देते हुए लिखा है कि डाक्टर ने कहा कि दोस्तों के साथ ज्यादा वक्त बिताएं इसलिए जल्द मिलते हैं।

### बाबर आजम के मुरीद हुए आरसीबी के विकेटकीपर

नई दिल्ली। आरसीबी के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल 2022 में अपनी बल्लेबाजी के जरिए जमकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर दिनेश कार्तिक ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में भी जगह बनाई है। इस सीजन में उन्होंने फिनिशर के तौर पर आरसीबी के लिए गजब की भूमिका निभाई है और टीम को कई मैचों में जीत दिलाने में अहम योगदान दिया है। दिनेश कार्तिक ने अब पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम की जमकर तारीफ की। कार्तिक ने कहा कि सौ फीसदी दिनेश कार्तिक क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बनने की काबिलियत रखते हैं। वो एक हाई-क्वालिटी प्लेयर हैं जो अपनी बल्लेबाजी की पीक पर है। बता दें कि बाबर आजम इस वक्त आइसीसी रैंकिंग में टी20 और वनडे प्रारूप में नंबर एक बल्लेबाज हैं साथ ही टेस्ट प्रारूप में वो दुनिया के पांचवें नंबर के बल्लेबाज हैं।

### टीम इंडिया में चुने जाने के बाद अर्शदीप ने दी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के इस सीजन में पंजाब की तरफ से खेल रहे अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और वो सेलेक्टरों का भरोसा जीतने में कामयाब रहे। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। आइपीएल में उनके प्रदर्शन की बात करें तो उनके द्वारा लिया गया 14 मैचों में 10 विकेट भले ही ज्यादा प्रभावित न करती हो लेकिन उन्होंने डेथ ओवरों में 7.58 की इकोनामी से गेंदबाजी की है और क्रिकेट के दिग्गजों का दिल जीता है।

---

21 रन बनाने के बाद यशस्वी आउट होकर वापस लौटे। यह विकेट जोस हेजलवुड ने बैंगलोर को दिलाया

# बैंगलोर ने राजस्थान को दिया जीत के लिए 158 रनों का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आइपीएल 2022 के क्वालीफायर 2 मुकाबले में राजस्थान रायल्स का सामना रायल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ हो रहा है। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने इस मैच में आरसीबी के खिलाफ टास जीत लिया और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रजत पाटीदार की 58 रन की पारी की मदद से 20 ओवर में 8 विकेट पर 157 रन बनाए। अब राजस्थान को फाइनल में पहुंचने के लिए 158 रन बनाने हैं। खबर लिखे जाने तक राजस्थान ने 11 ओवर में 1 विकेट के नुकासन पर 112 रन बनाए थे।

राजस्थान की तूफानी शुरूआतः बैंगलोर से मिले 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की शुरूआत धमाकेदार रही। पहले 5 ओवर में यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर ने मिलकर 61 रन जोड़ डाले। 21 रन बनाने के बाद यशस्वी आउट होकर वापस लौटे। यह विकेट जोस हेजलवुड ने बैंगलोर को दिलाया। 23 गेंद पर 6 चौके और 3 छक्के के दम पर जोस बटलर ने अपना अर्धशतक पूरा किया। 10 ओवर में राजस्थान ने 1 विकेट के नुकसान पर 103 रन बना डाले।



**आरसीबी की पारी, रजत का अर्धशतक**

आरसीबी की शुरूआत राजस्थान के खिलाफ अच्छी नहीं रही और ओपनर बल्लेबाज विराट कोहली महज 7 रन पर अपना विकेट गंवा बैठे। प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर विराट कोहली का कैच संजू सैमसन ने पकड़ा। कप्तान डुप्लेसिस ने 25 रन की पारी खेली और मैककाय की गेंद पर अपना कैच आर अश्विन को थमा बैठे। ग्लेन मैक्सवेल ने 13 गेंदों पर 24 रन की पारी खेली और इस दौरान 2 छक्के व एक चौका भी लगाया, लेकिन ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर मैककाय ने उनका बेहतरीन कैच पकड़ा।

रजत पाटीदार ने चहल की गेंद पर छक्का लगाते हुए 40 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 42 गेंदों पर 3 छक्के और 4 चौकों की मदद से 58 रन की पारी खेली और अश्विन की गेंद पर आउट हो गए। महिपाल लोमरोर 8 रन बनाकर जबकि दिनेश कार्तिक 6 रन बनाकर प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर आउट हो गए। वानिन्दु हसरंगा बिना खाता खोले ही प्रसिद्ध कृष्णा का तीसरा शिकार बने।

शाहबाज अहमद 12 रन बनाकर जबकि जोस हेजलवुड एक रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की तरफ से प्रसिद्ध कृष्णा व मैककाय ने तीन-तीन जबकि बोल्ट व अश्विन को एक-एक सफलता मिली।

**राजस्थान रायल्स की प्लेइंग इलेवनः** यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन (कप्तान व विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, शिमरोन हेटमायर, रियान पराग, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, प्रसिद्ध कृष्णा, ओबेद मैककाय, युजवेंद्र चहल।

**रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की प्लेइंग इलेवनः** विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, महिपाल लोमरोर, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, वनिन्दु हसरंगा, हर्षल पटेल, जोश हेजलवुड, मोहम्मद सिराज।

---

# दूसरे टेस्ट में, श्रीलंका ने बांग्लादेश को हराकर जीती टेस्ट सीरीज

ढाका, एजेंसी

असित फनाडो की तूफानी गेंदबाजी से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-0 से जीत ली। बांग्लादेश का स्कोर दूसरी पारी में एक समय पांच विकेट पर 156 रन था और लग रहा था कि मेजबान टीम मैच ड्रा कराने की ओर बढ़ रही है, लेकिन फनाडो (6/51) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के आगे टीम 169 रन पर ढेर हो गई। पहली पारी में 93 रन देकर चार विकेट चटकाने वाले फनाडो ने करियर में पहली बार मैच में 10 विकेट हासिल किए। श्रीलंका को 29 रन का लक्ष्य मिला, जिसके बाद ओशादा फनाडो (नाबाद 21) और कप्तान दिमुथ करुणारत्ने (नाबाद 7) ने तीसरे ओवर में ही मेहमान टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 29 रन तक पहुंचाकर उसे जीत दिला दी।

अनुभवी शाकिब अल हसन (58) और लिटन दास (52) ने इससे पहले बांग्लादेश से पारी के हार के खतरे को टाला। बांग्लादेश ने दिन की शुरूआत चार विकेट पर 34 रन से की। इस समय टीम को पारी की हार का खतरा टालने के लिए 107 रन की दरकार थी। टीम ने दिन के आठवें ओवर में ही अच्छी फार्म में चल रहे मुशिफकुर रहीम (23) का विकट गंवा दिया, जिन्हें कासुन रजिता (2/40) ने नीची रहती गेंद पर बोल्ड किया। शाकिब ने इसके बाद मोर्चा संभाला और कुछ आकर्षक शाट खेले। पहली पारी में करियर की सर्वश्रेष्ठ 141 रन की पारी खेलने वाले लिटन ने सतर्कता से बल्लेबाजी की। उन्हें मैदानी अंपायर ने नौ रन के निजी स्कोर पर आउट दिया, लेकिन डीआरएस की मदद लेने पर मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन ने बायें हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा की गेंद पर एक रन के साथ अपने 33वें टेस्ट में 2000 रन पूरे किए। शाकिब ने तेजतर्रार पारी खेलते हुए आफ स्पिनर धनंजय डिसिल्वा पर चौके के साथ 62 गेंद में 27वां अर्धशतक पूरा किया। लिटन ने भी 130 गेंद में 13वां अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके तुरंत बाद फनाडो को उन्हीं की गेंद पर वापस कैच थमा दिया जिसके बाद बांग्लादेश की पारी ढह गई। उन्होंने शाकिब के साथ छठे विकेट के लिए 103 रन जोड़े और अपनी पारी के दौरान 135 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके मारे। शाकिब भी फनाडो की गेंद पर विकेटकीपर निरोशन डिकवेला को कैच दे बैठे।


---

# विश्व कप से पहले माराडोना के सम्मान में बनेगा फ्लाइंग म्यूजियम

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

अर्जेन्टीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना के सम्मान में जल्द ही आसमान में फ्लाइंग म्यूजियम (उड़ता हुआ संग्रहालय) उड़ता हुए नजर आएगा। बुधवार रात टेंगो डी10एस विमान को पेश किया गया जो अर्जेन्टीना में विभिन्न स्थलों पर जाएगा और माराडोना के प्रशंसकों को मैदान पर आने के लिए प्रेरित करेगा। माराडोना का 2020 में 60 साल की उम्र में मस्तिष्क की सर्जरी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

विमान के बाहरी हिस्से में माराडोना की तस्वीरें लगाई गई हैं। इसमें 1986 की वह तस्वीर भी है जिसमें माराडोना अर्जेन्टीना की जर्सी पहने हुए हैं और विश्व कप ट्रॉफी को चूम रहे हैं। यह विमान बासीलोना और नेपल्स भी जाएगा जहां माराडोना की अगुआई में नेपोली ने 1987 और 1990 में अपने अब तक के दोनों इटली के लीग खिताब जीते। विमान का अंतिम पड़ाव



कतर होगा जिसे इस साल विश्व कप की मेजबानी करनी है।

इंग्लैंड के प्रशंसक हालांकि विमान में बने इस संग्रहालय को नहीं देखना चाहेंगे क्योंकि इसमें 1986 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ माराडोना के दो गोल की तस्वीर भी है जिसमें विवादास्पद हैंड आफ गॉड गोल भी शामिल है। विमान के अंदर माराडोना से जुड़ी चीजें रखी गई है।

---

## चिली ने एडवर्डो बेरिजो को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त किया

**सेंटियागो (चिली)।** विश्व कप फाइनल्स के दक्षिण अमेरिका क्वालीफाइंग टूनामेंट में एक बार फिर निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले चिली ने एडवर्डो बेरिजो को राष्ट्रीय टीम का नया कोच नियुक्त किया है। चिली सॉकर संघ ने कहा कि 52 साल के बेरिजो का अनुबंध 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग में टीम का अभियान खत्म होने तक होगा। संघ के अध्यक्ष पाब्लो मिलाद ने वीडियो में कहा कि बेरिजो को इसलिए चुना गया क्योंकि विस्तृत अंतरराष्ट्रीय अनुभव होने के अलावा उन्हें देश के फुटबॉल की समझ भी है। चिली के लगातार दूसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद अप्रैल में उरूग्वे के कोच मार्टिन लसार्ते को बर्खास्त कर दिया गया था। चिली की टीम 10 देश के क्वालीफाइंग ग्रुप में सातवें स्थान पर रही थी लेकिन उसने कथित तौर पर अयोग्य खिलाड़ी के कारण कतर में इस साल होने वाले फाइनल्स में इक्वाडोर के स्थान को चुनौती दी है।

---

# एशिया कप हॉकी के सुपर चार मुकाबले में जापान के खिलाफ उतरेगा भारत

जकार्ता, एजेंसी

जोरदार वापसी करके अगले दौर के लिए क्वालीफाई करने वाली आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को यहां एशिया कप के सुपर चार के अपने मैच में जपान से भिड़ेगी तो उसकी नजरें बेहतर प्रदर्शन करके इस टीम के खिलाफ ग्रुप चरण में मिली हार का बदला चुकता करने पर टिकी होंगी। अंतिम ग्रुप लीग मैच में इंडोनेशिया की कमजोर टीम का सामना करने के बावजूद सरदार सिंह के मार्गदर्शन में खेल रही युवा टीम की एक घंटे में 16 गोल दागने के लिए सराहना हो रही है।

भारत को पाकिस्तान को पछाड़कर सुपर चार में जगह बनाने के लिए 15-0 या इससे बेहतर अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी और टीम ऐसा करने में सफल रही। भारत और पाकिस्तान दोनों के पूल ए में चार अंक रहे लेकिन गत चैंपियन भारत ने बेहतर गोल अंतर के कारण अगले दौर में जगह बनाई। इस ग्रुप में जापान शीर्ष पर रहा। पहले दो मैच में हालांकि भारत का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं



- भारत को पाकिस्तान को पछाड़कर सुपर चार में जगह बनाने के लिए 15-0 या इससे बेहतर अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी।

रहा। मेजबान होने के नाते पहले ही अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के कारण भारत ने टूनामेंट में युवा खिलाड़ियों को उतारने का फैसला किया जिससे कि उन्हें अनुभव मिल सके। भारतीय टीम में 12 ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने इससे पहले सीनियर स्तर पर कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला।

भारत ने पहले मैच में पाकिस्तान से 1-1 से ड्रॉ खेला और फिर उसे जापान के खिलाफ 2-5 की हार का सामना करना पड़ा जिससे उस पर ग्रुप चरण से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था।

भारत ने हालांकि जोरदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की और अगले दौर में जगह बनाई। टीम को जापान से भी मदद मिली जिसने पाकिस्तान को अपने अंतिम ग्रुप मैच में 3-2 से हराया। भारतीय टीम सुपर चार चरण में अब बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी जहां जापान और उसके अलावा दक्षिण कोरिया और मलेशिया ने जगह बनाई है। ये सभी टीम एक दूसरे से एक बार भिड़ेंगी जिसके बाद शीर्ष दो टीम के बीच फाइनल होगा। भारत अब जापान से ग्रुप चरण में मिली हार का बदला लेना चाहेगा। टीम की राह हालांकि आसान नहीं होगी। जापान की टीम पलटवार करने में माहिर है और ग्रुप चरण में भारत के खिलाफ इसका नजारा पेश कर चुकी है। पेनल्टी कॉर्नर पर अधिक गोल करने में नाकामी भारत की चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि टीम के पास रूपिंदरपाल सिंह और अमित रोहिदास जैसा ड्रैगफ्लिकर नहीं है। यहां तक कि इंडोनेशिया की कमजोर टीम के खिलाफ भी भारत 20 से अधिक पेनल्टी कॉर्नर में से आधों को भी गोल में नहीं बदल सका।

भारत की रक्षापंक्ति को गति पर निर्भर जापान के खिलाड़ियों को रोकने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मिडफील्ड को भी गोल करने के अधिक मौके बनाने होंगे। इंडोनेशिया के खिलाफ पांच गोल करने वाले दिपसान टिर्की ने पेनल्टी कॉर्नर पर बेहतर प्रदर्शन किया है लेकिन कुल मिलाकर यह भारत का कमजोर पक्ष है क्योंकि टीम पिछले मैच में 22 पेनल्टी कॉर्नर पर नौ ही गोल कर सकी। युवा उत्तम सिंह को बेहतर फिनिशिंग करनी होगी। पवन राजभर भारत के लिए स्टार रहे हैं। उन्होंने अपनी गति की बदौलत ना सिर्फ मौके बनाए बल्कि गोल भी किए।

अनुभवी एसवी सुनील ने पिछले मैच में दो गोल किए लेकिन ऐसा लगता है कि उन पर आयु का असर पड़ रहा है और उनकी गति कम हुई है। भारत को हालांकि अगर जापान को हराना है तो दोनों टीम के बीच पहले मुकाबले की तुलना में अधिक अनुशासन के साथ खेलना होगा। सुपर चार चरण के एक अन्य मैच में दक्षिण कोरिया की टीम मलेशिया से भिड़ेगी।

---

# किरण नवगिरे का अर्धशतक, हार के बावजूद वेलोसिटी पहुंची फाइनल में

पुणे, एजेंसी

महाराष्ट्र की आल राउंडर किरण नवगिरे (69 रन) के अर्धशतक की बदौलत वेलोसिटी ने गुरूवार को यहां महिला टी20 चैलेंज मुकाबले में गत चैम्पियन ट्रेलब्लेजर्स से 16 रन हारने के बावजूद बेहतर रन रेट से 28 मई को होने वाले फाइनल के लिये क्वालीफाई किया, जिसमें उसका सामना सुपरनोवाज से होगा। ट्रेलब्लेजर्स के लिये सलामी बल्लेबाज एस मेघना (73 रन) और जेमिमा रॉड्रिग्स (66 रन) के अर्धशतक भी टीम को फाइनल तक पहुंचाने के लिये काम नहीं आ सके। टीम ने दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिये 113 रन की साझेदारी से वेलोसिटी को जीत के लिये 191 रन का विशाल लक्ष्य दिया।

वेलोसिटी किरण (34 गेंद, पांच चौके, पांच छक्के) के अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। पर टीम इस स्कोर से फाइनल में पहुंच गयी क्योंकि उसे फाइनल के लिये क्वालीफाई करने के लिये कम से कम 159 रन बनाने की जरूरत थी। ट्रेलब्लेजर्स को फाइनल में जगह सुनिश्चित करने के लिये कम से कम 32 या उससे ज्यादा रन से जीत की दरकार थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। वेलोसिटी के लिये किरण के अलावा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 29 रन और लौरा वोलवार्ट ने 17 रन का योगदान दिया। ट्रेलब्लेजर्स के लिये राजेश्वरी गायकवाड़ और पूनम यादव ने दो दो विकेट अपने नाम किये जबकि रेणुका सिंह, हेली मैथ्यूज, सलमा खातून और सोफिया डंकले को एक एक विकेट मिला।

वेलोसिटी ने भी तेज शुरूआत करते हुए तीन ओवर में 32 रन जड़ दिये थे। पर अगले दो ओवर में दो विकेट गंवा दिये। चौथे ओवर में यास्तिका भाटिया (19 रन, तीन चौके) और पांचवें ओवर में शेफाली वर्मा (15 गेंद, पांच चौके) के विकेट खो दिये। पांच ओवर में वेलोसिटी का स्कोर दो विकेट पर 50 रन था। किरण नवगिरे ने छठे ओवर में सलमा खातून पर दो छक्के और एक चौके से टीम के खाते में 18 रन जोड़े। वेलोसिटी ने 10 ओवर में दो विकेट पर 105 रन बना लिये थे जिससे 60 गेंद में उसे 86 रन बनाने की जरूरत थी।

पूनम रावत ने फिर लौरा वोलवार्ट (17) को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट कराकर टीम को तीसरा विकेट दिलाया। कप्तान दीप्ति शर्मा केवल तीन गेंद ही खेल सकीं और राजेश्वरी गायकवाड़ का दूसरा शिकार बनीं। फिर किरण नवगिरे ने 14वें ओवर में लगातार छक्के जड़े, उन्होंने पहला छक्का जड़कर से 25 गेंद में चार चौके, चार छक्के से अपना अर्धशतक भी पूरा किया। ऐसा लग रहा था कि मैच ट्रेलब्लेजर्स के हाथों से निकल रहा था लेकिन उसकी गेंदबाजों ने जल्दी जल्दी कुछ विकेट झटककर वेलोसिटी को जीत तक नहीं पहुंचने दिया। पर इस जीत का भी ट्रेलब्लेजर्स को कोई फायदा नहीं हुआ।

इससे पहले मेघना (47 गेंद, सात चौके, चार चौके) और जेमिमा (44 गेंद, सात चौके, एक छक्का) की शानदार आक्रामक पारियों के अलावा पांच विकेट पर 190 रन के इस स्कोर में वेलोसिटी के खराब क्षेत्ररक्षण का भी योगदान रहा जिसकी खिलाड़ियों ने कई आसान कैच टपकाये। ट्रेलब्लेजर्स के लिये हेली मैथ्यूज ने 27 रन (16 गेंद, चार चौके) और सोफिया डंकले ने आठ गेंद में दो चौके और एक छक्के से 19 रन का योगदान दिया। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद मेघना ने पहले ही ओवर में केट क्रास (तीन ओवर में 27 रन देकर एक विकेट) पर लगातार दो चौके जमाकर अच्छी शुरूआत करायी। पर ट्रेलब्जेजर्स को पहला झटका 13 रन के स्कोर पर कप्तान स्मृति मंधाना (01) के विकेट के रूप में लगा जो तीसरे ही ओवर में क्रास की गेंद पर सिमरन बहादुर (तीन ओवर में 31 रन देकर दो विकेट) को कैच देकर आउट हो गयीं। पर इसके बाद एस मेघना ने आक्रामक बल्लेबाजी की और जेमिमा के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी बनाकर बड़े स्कोर की नींव रखी। मेघना ने राधा यादव पर एक्सट्रा कवर के ऊपर और साइट स्क्रीन पर दो छक्के जड़े। उन्होंने शेफाली वर्मा पर उनके सिर के ऊपर से अपनी पारी का तीसरा छक्का जड़ा। जेमिमा भी मेघना का अच्छा साथ निभाकर आक्रामक बल्लेबाजी करती रहीं और इस दौरान दोनों ने अपने अर्धशतक पूरे किये। मेघना ने 32 गेंद में छह चौके और दो छक्के से अर्धशतक जमाया। फिर उन्होंने 13वें ओवर में शेफाली वर्मा की पहली गेंद को छक्के के लिये भेजकर ट्रेलब्लेजर्स के स्कोर का शतक भी पूरा कराया। जेमिमा ने भी इसके बाद 36 गेंद में छह चौकों से अपना पचासा जड़ दिया।

---

# धोनी सर का विश्व कप विजयी शॉट हर मैच में छक्के जड़ने के लिए प्रेरित करता है: किरण

पुणे, एजेंसी

महेंद्र सिंह धोनी का विश्व कप जिताने वाला छक्का भारतीयों के दिल और दिमाग में बसा हुआ है और इस शॉट ने कई लोगों की जिंदगी बदल दी थी जिसमें सोलापुर की एथलीट किरण नवगिरे भी शामिल है।

एथलेटिक्स का नुकसान इसके बाद क्रिकेट का फायदा बन गया जब महाराष्ट्र की राज्य स्तर की पूर्व एथलीट किरण ने फैसला किया कि अगर वह अपने ह्यआदर्शह्ल की तरह लंबे शॉट नहीं खेल पाई तो फिर क्या मजा। धोनी के उस शॉट के 11 साल बाद नगालैंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली 28 साल की किरण ने तुरंत सुर्खियां बटोरी जब उन्होंने बड़े शॉट खेलने की अपनी क्षमता से प्रभावित किया।

महिला टी20 चैलेंज में दाएं हाथ की बल्लेबाज किरण ने अपनी टीम वेलोसिटी की ओर से सबसे तेज अर्धशतक जड़ा और उनकी 34 गेंद में 69 रन की पारी को लंबे समय तक याद रखा जाएगा, विशेषकर उनके पांच छक्कों को। किरण ने टीम की



अपनी साथी यस्तिका भाटिया से बात करते हुए बीसीसीआई.टीवी पर कहा, जब मैं छक्के मारती हूं और नेट पर अभ्यास करती हूं तो काफी अच्छा महसूस करती हूं। मैं छक्के मारने का अभ्यास करती हूं, मैं धोनी सर का खेल देखती हूं और उनकी तरह मैच खत्म करना पसंद है, बड़े छक्के मारना। श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में धोनी की नाबाद 91 रन की पारी ने किरण का जीवन बदल दिया क्योंकि इससे पहले वह एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी पर अधिक ध्यान देती थी और सोलापुर जिले के मिरे गांव में अपने खेतों में पिता की मदद करती थी।

किरण ने कहा, मैंने 2011 विश्व कप फाइनल देखा और धोनी सर के मैच विजयी छक्के ने मुझे प्रेरित किया और मेरे दिमाग पर इसकी छाप रह गई। उस छक्के ने मुझे प्रेरित किया और मुझे हमेशा लगता है कि प्रत्येक मैच में मैं उस तरह छक्के लगा सकती हूं। गुरुवार को वेलोसिटी की कप्तान दीप्ति शर्मा ने उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर तीसरे स्थान पर खेलने का मौका दिया और किरण ने उन्हें निराश नहीं करते हुए पूनम यादव, सलमा खातून और राजेश्वरी गायकवाड़ जैसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर बड़े शॉट खेले।

किरण ने कहा कि वह शुरूआत में थोड़ी नर्वस थी लेकिन कोच देविका पालशिकर की सलाह से उन्हें काफी मदद मिली। उन्होंने कहा, मैं शुरू में थोड़ी नर्वस थी लेकिन बाद में सब ठीक हो गया। कप्तान और टीम की साथियों ने मुझे काफी आत्मविश्वास दिया। कोच देविका ने कहा कि तुम्हें गेंदबाज को देखने की जरूरत नहीं है, सिर्फ गेंद को देखो और मैंने ऐसा ही किया।

---

# आईपाएल : हार के बाद भावुक हुए केएल राहुल सोशल मीडिया पर जताया सभी का आभार

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सीजन में धुआंधार परफॉर्मेंस देने वाली वाली नई-नवेली टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का सफर प्लेऑफ में जाकर खत्म हो चुका है। एलिमिनेटर मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने लखनऊ को 14 रन से हरा दिया।

हालाँकि, जो भी है, वह मैच का हिस्सा है, हार और जीत तो बनी बात है, यानी एक का जीतना और एक का हारना तो तय है। लेकिन इन सबसे परे लाजवाब परफॉर्मेंस को लेकर केएल राहुल की एक अलग ही छवि फैंस और दर्शकों के मन-मस्तिष्क में बैठ गई है। देश के अपने बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म, कू ऐप के माध्यम से केएल राहुल ने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए



भावुक करने वाला संदेश शेयर किया है।

राहुल ने कू पर लिखा, मेरे चारों ओर प्रेरणा। एक विशेष पहला सीजन समाप्त होता है। जैसा हम चाहते थे वैसा नहीं हुआ, लेकिन हमने आखिरी तक पूरी ताकत झोंक दी। एलएसजी परिवार,

**क्रिकेट**

- लाजवाब परफॉर्मेंस को लेकर केएल राहुल की एक अलग ही छवि फैंस और दर्शकों के मन-मस्तिष्क में बैठ गई है।

हमारे सभी सहयोगी स्टाफ, टीम मैनेजमेंट और डॉ. गोयनका का धन्यवाद। अंत में, आपने हमारे पहले सीजन पर जो प्यार बरसाया है, उसके लिए हमारे प्रशंसकों को धन्यवाद। हम जल्द ही वापस आएँगे।

आपको बता दें कि यह लखनऊ सुपर जायंट्स का पहला सीजन था, बावजूद इसके टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। लीग मुकाबलों की बात करें, तो लखनऊ की टीम पॉइंट टेबल में तीसरे नंबर पर थी, उसने 14 मैच में से 9 में जीत हासिल की थी। प्लेऑफ में टीम एलिमिनेटर तक पहुँची, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर से जीत नहीं पाई। हालाँकि, टीम के लिए केएल राहुल, मोहसिन खान, आयुष बदोनी जैसे खिलाड़ियों ने पूरे सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

केएल राहुल ने अपने नाम दर्ज किया रिकॉर्ड : आईपीएल के 15वें सीजन में आने करने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स बेशक फाइनल तक सफर तय नहीं कर सकी, लेकिन कप्तान केएल राहुल जरूर अपने नाम एक बेमिसाल रिकॉर्ड दर्ज कराने में सफल हुए हैं। राहुल चार सीजन्स में 600 प्लस रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। केएल राहुल ने क्रिस गेल और डेविड वॉर्नर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, ये दोनों ही 3 सीजन्स में 600 से अधिक रन बनाने वाले प्लेयर्स रह चुके हैं।

---

# चेसेबल मास्टर्स फाइनल : टाईब्रेक में डिंग लिरेन से हारे भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा

चेन्नई, एजेंसी

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को शुक्रवार को मेल्टवाटर चैंपियन्स शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स 2020 आनलाइन टूनामेंट के फाइनल में कड़े मुकाबले में टाईब्रेकर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डिंग लिरेन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेन्नई के 16 साल के प्रज्ञानानंदा ने वापसी करते हुए पहला सेट गंवाने के बाद दूसरा सेट जीत लिया लेकिन इसके बाद वह दो बाजी के ब्लिट्ज टाईब्रेकर में हार गए।

पहला सेट 1.5-2.5 से गंवाने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर ने वापसी करते हुए दूसरा सेट 2.5-1.5 से जीता जिसके कारण नजीजे के लिए ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लेना पड़ा। लिरेन ने इसके बाद अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए दूसरी टाईब्रेकर बाजी में प्रज्ञानानंदा को हरा दिया। टाईब्रेकर की पहली बाजी ड्रॉ रही थी लेकिन चीन के खिलाड़ी ने अगली बाजी 49 चाल में जीतकर प्रज्ञानानंदा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले मुकाबले को टाईब्रेक में खींचने के लिए प्रज्ञानानंदा को दूसरा सेट जीतना जरूरी था और उन्होंने महत्वपूर्ण जीत दूसरी बाजी में 79 चाल में दर्ज की। दूसरे सेट की अन्य बाजी बराबरी पर छूटी जिससे मुकाबले के नतीजे के लिए टाईब्रेक का सहारा लिया गया। प्रज्ञानानंदा सेमीफाइनल में नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीष गिरी को हराकर मेल्टवाटर चैंपियन्स शतरंज टूनामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाहले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। टूनामेंट के शुरूआती चरण में प्रज्ञानानंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को दूसरी बार हराया और फिर क्वार्टर फाइनल में चीन के वेई यी को शिकस्त दी।



## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका ने 9 मंकीपॉक्स मामलों की पुष्टि की

लॉस एंजिलिस। अमेरिका ने सात राज्यों में मंकीपॉक्स के नौ मामलों की पुष्टि की है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने यह जानकारी दी। सीडीसी के निदेशक रोशेल वालेंस्की ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि इन मामलों को स्थानीय चिकित्सकों द्वारा देखा गया था। स्थानीय प्रयोगशालाओं द्वारा उनकी पहचान की गई और किसी भी संभावित संपर्क के उपचार और प्रबंधन में मदद के लिए स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्रवाई शुरू की गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नौ मामलों की पहचान कैलिफोर्निया, फ्लोरिडा, मैसाचुसेट्स, न्यूयॉर्क, यूटा, वर्जीनिया और वाशिंगटन राज्य में की गई है। वालेंस्की ने कहा कि नौ मामलों में से कुछ में सक्रिय मंकीपॉक्स के प्रकोप वाले क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय यात्रा का हालिया इतिहास है, लेकिन अन्य में ऐसा नहीं हैं। अधिकारियों को उम्मीद है कि अधिक मामलों का निदान किया जाएगा क्योंकि सीडीसी ने डॉक्टरों और जनता से लक्षणों पर ध्यान देने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य सुरक्षा और जैव रक्षा के लिए व्हाइट हाउस के वरिष्ठ निदेशक राज पंजाबी ने कहा कि आने वाले दिनों में संयुक्त राज्य अमेरिका में और अधिक मामलों को देखकर हमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए। यह वास्तव में एक संकेत है कि अमेरिकी सतर्क हैं, और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता और सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपना काम कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल 30 रुपये प्रति लीटर हुआ महंगा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में महंगाई और वस्तुओं की बढ़ती कीमतें हर दिन नया रिकॉर्ड बना रही है। ताजा घटनाक्रम में पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल के दामों में एकमुश्त 30 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है जो शुक्रवार आधी रात से लागू हो जाएगी। पेट्रोलियम कीमतों में बढ़ोतरी के संबंध में पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल ने गुरुवार को ट्वीट कर पेट्रोल-डीजल और केरोसिन तेल के दामों में हुई बढ़ोतरी की जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि सरकार ने शुक्रवार 27 मई से पेट्रोल, हाई स्पीड डीजल, मिट्टी के तेल (केरोसिन तेल) और हल्के डीजल तेल की कीमतों में 30 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि करने का फैसला किया है। नई कीमतें आधी रात से लागू होंगी। पेट्रोल की नई कीमत 179.86 रुपये और डीजल की कीमत 174.15 रुपये प्रति लीटर होगी। जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के वस्तुओं पर सब्सिडी को समाप्त करने पर जोर देने के बाद पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से पाकिस्तान की जनता की परेशानी बढ़ने वाली है।

### बुर्किना फासो में नागरिकों पर हमला, 50 की मौत

औगाडौगौ। बुर्किना फासो के मदजोरी क्षेत्र में एक सशस्त्र हमले में कम से कम 50 नागरिक मारे गए हैं। समाचार एजेंसी ने क्षेत्रीय सरकार के बयान के हवाले से कहा कि मदजोरी शहर के निवासी जो पामा शहर के नादियागौ पहुंचने की कोशिश कर रहे थे, उन्हें अज्ञात हथियारबंद लोगों ने निशाना बनाया। 14 मई को इसी इलाके में नागरिकों पर हुए हमले में 17 लोगों की मौत हो गई थी और सात घायल हो गए थे। 19 मई को, मदजोरी की सैन्य टुकड़ी के खिलाफ एक और हमले में 11 सैनिकों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे।

# उत्तर कोरिया पर नए प्रतिबंधों के खिलाफ चीन व रूस ने किया वीटो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



चीन और रूस ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका द्वारा पेश उस प्रस्ताव के खिलाफ वीटो किया, जिसमें उत्तर कोरिया पर उसके अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण के लिए नए कठोर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान था। अमेरिका सहित कई अन्य देशों को आशंका है कि इन मिसाइलों का इस्तेमाल परमाणु हथियार ले जाने में किया जा सकता है। 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 13 मत प्रस्ताव के पक्ष में तो दो वोट इसके खिलाफ पड़े। उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिबंध संबंधी किसी प्रस्ताव को लेकर यूएनएससी के वीटो अधिकार वाले पांच स्थायी सदस्यों में इतने बड़े पैमाने पर मतभेद पहली बार दिखा।

दरअसल, सुरक्षा परिषद ने साल 2006 में उत्तर कोरिया के पहले परमाणु परीक्षण के बाद उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए थे। सुरक्षा परिषद ने बाद के वर्षों में इन प्रतिबंधों को और सख्त कर दिया था। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने बृहस्पतिवार को प्रस्ताव पर मतदान से पहले यूएनएससी के सदस्यों से एकजुटता की अपील की। उन्होंने इस साल उत्तर कोरिया द्वारा किए गए छह अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण को ह्यपूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए खतरा करार दिया। ग्रीनफील्ड ने जोर देकर कहा कि दिसंबर 2017 में सुरक्षा परिषद द्वारा स्वीकार किए गए प्रतिबंध संबंधी पिछले प्रस्ताव में सदस्य देशों ने अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण जारी रखने पर उत्तर कोरिया को पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात और सीमित करने की प्रतिबद्धता जताई थी। उत्तर कोरिया ने अपना अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पांच वर्षों के लिए निलंबित कर दिया था। हालांकि, ग्रीनफील्ड ने पिछले पांच महीनों में प्योंगयांग द्वारा किए गए मिसाइल प्रक्षेपण को खतरा और चेतावनी करार देते हुए सुरक्षा परिषद से उसके खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में चीन के राजदूत झांग जून ने बृहस्पतिवार को प्रस्ताव पर मतदान से पहले उत्तर कोरिया के खिलाफ नए प्रतिबंधों को लेकर बीजिंग का विरोध दोहराया। उन्होंने अमेरिका से प्रतिबंधों का सहारा लेने के बजाय उत्तर कोरिया के साथ बातचीत दोबारा शुरू करने और कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति का राजनीतिक समाधान खोजने के लिए सार्थक एवं व्यावहारिक कार्रवाई करने का आह्वान किया। कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव के मद्देनजर झांग ने कहा, शांत रहना, उकसावे वाली कार्रवाई से बचना और उत्तर कोरिया पर नए प्रतिबंध लगाने के बजाय कुछ प्रतिबंधों में ढील देना अहम है।

चीनी राजदूत ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, हमें नहीं लगता कि अतिरिक्त प्रतिबंध मौजूदा हालात से निपटने में मददगार होंगे। ये स्थिति को और भी खराब कर सकते हैं। इसलिए हम वास्तव में इनसे बचना चाहते हैं। एशिया में चीन के एक प्रमुख आर्थिक एवं सैन्य शक्ति के अलावा वाशिंगटन के सबसे बड़े प्रतिस्पर्धी के रूप में उभरने को लेकर अमेरिकी चिंताओं की तरफ इशारा करते हुए झांग ने कहा, हम किसी को उत्तर कोरिया या कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति का इस्तेमाल उनके रणनीतिक या भूराजनीतिक एजेंडे की पूर्ति के लिए नहीं करते देखना चाहते। चीनी राजदूत ने कहा, हम पूर्वोत्तर एशिया को युद्ध का मैदान बनाने या वहां टकराव या तनाव पैदा करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ हैं। इसलिए, उत्तर कोरिया के पड़ोसी और कोरियाई प्रायद्वीप के पड़ोसी के रूप में क्षेत्र में शांति, सुरक्षा बनाए रखना तथा वहां परमाणु निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी है। यही हमेशा हमारा लक्ष्य रहा है। बृहस्पतिवार को पेश प्रस्ताव के पारित होने के सूरत में उत्तर कोरिया को कच्चे तेल का निर्यात 40 लाख बैरल प्रति वर्ष से घटाकर 30 लाख बैरल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 5,00,000 बैरल प्रति वर्ष से घटाकर 3,75,000 बैरल करना संभव हो जाता। इसके अमल में आने से उत्तर कोरिया पर खनिज ईंधन, खनिज तेल और खनिज मोम का निर्यात करने पर प्रतिबंध लग जाता।

प्रस्ताव में उत्तर कोरिया को सभी तंबाकू उत्पादों की बिक्री या हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगाने, समुद्री पाबंदियां बढ़ाने और घड़ियों व उनके कलपुर्जों के निर्यात पर रोक लगाने का भी प्रावधान किया गया था। इसमें उत्तर कोरिया द्वारा स्थापित लजारस समूह की वैश्विक संपत्ति जब्त करने की भी व्यवस्था की गई थी।

# जापान में जून से पर्यटन की होगी बहाली: प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा

तोक्यो, एजेंसी



• जापान इस सप्ताह चार देशों, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, थाईलैंड और अमेरिका से छोटे प्रयोगात्मक पैकेज टूर आयोजित कर रहा है।

लगभग दो साल पहले कोविड महामारी की वजह से कड़े यात्रा प्रतिबंध लागू करने के बाद जापान, पहली बार जून में विदेशी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा, लेकिन फिलहाल यह केवल पैकेज टूर के लिए होगा। प्रधानमंत्री ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बताया कि 10 जून से जापान निश्चित कार्यक्रम और गाइड के साथ पर्यटन के लिए लोगों के प्रवेश की अनुमति देगा। उन्होंने बताया कि जहां कोविड-19 संक्रमण दर कम है और उन क्षेत्रों के पर्यटक, जिन्हें टीके की तीन खुराक मिली है उन्हें यहां परीक्षण और पृथकवास से छूट दी जाएगी।

जापान इस सप्ताह चार देशों, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, थाईलैंड और अमेरिका से छोटे प्रयोगात्मक पैकेज टूर आयोजित कर रहा है। यह एक ऐसा प्रयोग है, जिसमें पर्यटन वीजा वाले नहीं बल्कि विशेष वीजा प्राप्त करने वाले केवल 50 लोग शामिल हैं। यह 31 मई को समाप्त होना है।

किशिदा ने बृहस्पतिवार को तोक्यो के एक होटल में अपने भाषण में कहा लोगों का स्वतंत्र और सक्रिय आदान-प्रदान अर्थव्यवस्था और समाज के साथ-साथ एशिया के विकास की नींव है। उन्होंने कहा कि संक्रमण की स्थिति को देखते हुए जापान धीरे-धीरे और अधिक पर्यटकों को अनुमति देगा।

महामारी उपायों के प्रभारी, कैबिनेट अधिकारी मकोतो शिमोआरिसो ने कहा कि वर्तमान में जापान नागरिकों, विदेशी छात्रों और कुछ व्यावसायिक यात्रियों सहित एक दिन में 10,000 लोगों के प्रवेश की अनुमति देता है। जापान एक जून से इस संख्या को दोगुना कर 20,000 कर देगा।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में शामिल होंगे नेपाल के गैंडे

पीलीभीत, एजेंसी



उत्तर प्रदेश में पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के अधिकारी नेपाल से गैंडों को महोफ वन रेंज के लग्गा बग्गा क्षेत्र में बसने के लिए लुभाने और इसे एक स्थायी घर बनाने की योजना बनाई जा रही है। अब तक, गैंडे इस क्षेत्र में मौसमी आगंतुक रहे हैं और थोड़े समय के प्रवास के बाद नेपाल में अपने घर लौट जाते हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के क्षेत्रीय समन्वयक मुदित गुप्ता ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य बेहतर उनकी नस्ल अच्छी करने के लिए स्थानीय गैंडों के साथ जीन का प्राकृतिक आदान-प्रदान करना है। पीटीआर का लग्गा बग्गा वन क्षेत्र नेपाल के रॉयल शुक्लफांटा राष्ट्रीय उद्यान से जुड़ा है।

नेपाल से गैंडे स्वाभाविक रूप से इस क्षेत्र में प्रवास करते हैं। संभागीय वन अधिकारी नवीन खंडेलवाल ने कहा कि लग्गा बग्गा 1,905.20 हेक्टेयर में फैला है, जो नेपाल के रॉयल शुक्लाफांटा राष्ट्रीय उद्यान के साथ 14 किलोमीटर की सीमा साझा करता है। इसमें समृद्ध घास के मैदान, बहुत सारे जल निकाय, दलदली आर्द्रभूमि और अबाधित जंगली गलियारे हैं, जो गैंडों के लिए सभी अनुकूल परिस्थितियां हैं।

खंडेलवाल के अनुसार, दुधवा टाइगर रिजर्व में भी ऐसा ही हुआ था। वहां नेपाल से जंगली हाथियों का एक झुंड शुरू में थोड़े समय के लिए चला गया था, लेकिन बाद में स्थायी रूप से रुक गया था। उन्होंने कहा कि वह नेपाल से पीटीआर में गैंडों की लगातार आवाजाही सुनिश्चित करना चाहते हैं और धीरे-धीरे उन्हें यहां अपना आवास बनाने देना चाहते हैं। हम युद्ध स्तर पर प्रस्तावित योजना पर काम कर रहे हैं। इसके लिए गैंडों को सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली घास की प्रजातियों की पहचान करने पर काम चल रहा है। चूंकि वे कीचड़ और दलदल में लुढ़कना पसंद करते हैं, इसलिए पर्याप्त आर्द्रभूमि आवश्यक है। खंडेलवाल ने कहा कि नेपाल में गैंडों की आबादी 2021 में 645 से बढ़कर 752 हो गई, जो छह साल पहले 2015 में अनुमानित थी। शुक्लफांटा पार्क में अंतिम गणना के अनुसार एक सींग वाले 17 गैंडे हैं।

## महाराष्ट्र : पालघर में बस के खाई में गिरने से 15 घायल

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वागोभा खिंड में शुक्रवार को तड़के मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर एक बस के 25 फुट गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब छह बजे हुई जब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पालघर के बोईसर जा रही थी। अधिकारी ने बताया बस लगभग 25 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिससे चालक सहित 15 लोग घायल हो गए। उनमें से पांच को गंभीर चोटें आई हैं। सभी को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद बचाव दल और पुलिस के साथ-साथ प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कुछ राहगीरों की मदद से घायलों को बचा कर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के मुताबिक, बस में सफर कर रहे यात्रियों में से एक ने आरोप लगाया कि चालक शराब के नशे में था।

# अमेरिका की संघीय वेबसाइट का हिंदी, गुजराती और पंजाबी भाषा में अनुवाद कराने की सिफारिश

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के राष्ट्रपति आयोग ने व्हाइट हाउस और अन्य संघीय एजेंसियों की वेबसाइट का एशियाई-अमेरिकी तथा प्रशांत क्षेत्र के लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं में अनुवाद कराने की सिफारिश की है। इन भाषाओं में हिंदी, गुजराती और पंजाबी भाषा भी शामिल हैं। प्रेसीडेंट्स एडवायजरी कमीशन ऑन एशियन अमेरिकन्स (एए), नेटिव हवाइयन्स एंड पैसेफिक आइलैंडर्स (एनएचपीआई) ने इन भाषाओं को शामिल करने संबंधी सिफारिशों को हाल ही में मंजूरी दी थी।

आयोग की इस माह की शुरूआत में हुई बैठक में सुझाव दिया गया था कि संघीय एजेंसियों को अपनी वेबसाइट पर मौजूद अहम दस्तावेज, डिजिटल सामग्री और आवेदन एए तथा एनएचपीआई द्वारा बोली जानी वाली भाषाओं में उपलब्ध कराने चाहिए।

बैठक में यह भी सुझाव दिया गया था कि लोक एवं आपात चेतावनियों तक ऐसे लोगों की पहुंच भी होनी चाहिए, जिन्हें अंग्रेजी भाषा में दक्षता हासिल नहीं है। इसमें यह भी अनुशंसा की गई थी कि संघीय सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपात/आपदा रोधी अभियान, नीति निर्माण, प्रतिक्रिया प्रबंधन एवं अन्य योजनाएं समावेशी हों तथा अंग्रेजी पर मजबूत पकड़ न रखने वाली आबादी के अनुभवों को प्रतिबिंबित करती हों।

इन सुझावों को अब व्हाइट हाउस भेजा गया है, जिन पर राष्ट्रपति जो बाइडन कोई निर्णय लेंगे।

ऐसा नहीं है कि ये सुझाव एकाएक दिए गए हैं, बल्कि ये तब से लंबित हैं, जब भारतीय-अमेरिकी अजय जैन भूटोरिया ने डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहे बाइडन के लिए राष्ट्रपति चुनाव के दौरान कई भाषाओं में प्रचार किया था और बाइडन चुनाव जीत गए थे।

हिंदी, गुजराती, पंजाबी और तेलुगु भाषाओं में किए गए प्रचार ने सुमदाय पर काफी प्रभाव डाला था।

भूटोरिया एक जाने-माने कारोबारी और इस आयोग के सदस्य हैं। उन्होंने बैठक में कहा कि लोगों को किसी खास भाषा में ही सूचना उपलब्ध कराने से सूचना अधिक लोगों तक नहीं पहुंच पाएगी।

# कश्मीर घाटी में पिछले 10 घंटे के भीतर लश्कर के चार आतंकी ढेर

पुलवामा, एजेंसी

• सात आतंकी लश्कर-ए-तैयबा जबकि तीन आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से संबंधित थे।

कश्मीर घाटी में पिछले 10 घंटों के भीतर सुरक्षाबलों ने दो विभिन्न मुठभेड़ों में लश्कर-ए-तैयबा के चार आतंकियों को मार गिराया। मारे गए आतंकियों में 35 वर्षीय कश्मीरी टीवी कलाकार अमरीन भट की हत्या में शामिल दो आतंकी भी शामिल हैं। इसी के साथ पिछले तीन दिनों के भीतर सुरक्षाबलों ने कश्मीर घाटी में हुई विभिन्न मुठभेड़ों में 10 आतंकियों को मार गिराया है। इनमें से सात आतंकी लश्कर-ए-तैयबा जबकि तीन आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से संबंधित थे। आईजीपी कश्मीर ने बताय कि शुक्रवार तड़के कश्मीर के सौरा इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई जिसमें लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि आतंकियों को मार गिराने से पहले आत्मसमर्पण करने का पूरा मौका दिया गया। आईजीपी ने बताया कि उससे पहले गुरुवार रात बड़गाम जिले के चाडूरा इलाके में भी सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को ढेर किया। ये दोनों आतंकी 25 मई को 35 वर्षीय कश्मीरी टीवी कलाकार अमरीन भट की हत्या में शामिल थे।

इस हमले में उनका 10 वर्षीय भतीजा घायल हो गया था। हत्या के बाद आतंकियों की तलाश में जुटी जम्मू-कश्मीर तथा अन्य सुरक्षाबलों ने अमरीन भट के हत्यारों को न सिर्फ ढूंढ निकाला बल्कि रात भर चली मुठभेड़ में उन्हें मार गिराया।


उन्होंने बताया कि पिछले दस घंटों के भीतर सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के चार आतंकियों को मार गिराया है। आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) के जिन दो आतंकियों ने अमरीन भट की हत्या की थी, वे हाल ही में संगठन में शामिल हुए थे। उनकी पहचान शाहिद मुश्ताक भट निवासी हफरू चाडूरा बड़गाम और फरहान हबीब निवासी हकरीपोरा पुलवामा के तौर पर हुई है। इन दोनों ने लश्कर कमांडर लतीफ के निर्देश पर टीवी कलाकार अमरीन भट की हत्या की थी। मुठभेड़ स्थल से एक एके 56 राइफल, 4 मैगजीन और एक पिस्तौल बरामद हुई है।












स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129